भोपाल | मंगलवार | 2 दिसंबर 2025 | वर्ष 69 | अंक 298 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण

# हाइवे पर उतरे 5 जिलों के किसान

## देर शाम आश्वासन के बाद आंदोलन किया स्थगित

प्रकाश जोशी

**धामनोद /धार, 01 दिसंबर. निमाड़ क्षेत्र के बड़वानी, धार, खरगोन और खंडवा जिलों के किसानों ने सोमवार सुबह खलघाट में नेशनल हाइवे-52 पर जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन के कारण हाइवे पर आमजन की आवाजाही ठप हो गई. देर शाम कलेक्टर के आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया.**



आंदोलन के दौरान दिन में प्रशासन ने एक लेन से ट्रैफिक शुरू करने की कोशिश की थी, लेकिन किसान नाराज हो गए और वाहनों के सामने खड़े हो गए। इसके बाद पुलिस ने वाहनों को वापस लौटाना शुरू कर दिया। दोपहर 12.15 बजे के बाद आंदोलन पूरी तरह उग्र हो गया. किसानों का कहना है कि पांच महीने बीत गए, लेकिन आज तक किसी ने सुनवाई नहीं की। शिकायत है कि न तो फसलों की खरीद सुनिश्चित हो रही है, न ही कर्जमाफी का कोई स्पष्ट रोडमैप। एमएसपी की कानूनी गारंटी के मुद्दे पर सरकार से कोई ठोस जवाब नहीं मिला. किसानों ने साफ कहा था कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, वे धरनास्थल से उठने वाले नहीं हैं. लेकिन शाम को आश्वासन के बाद किसान आंदोलन स्थगित करने पर राजी हो गए.

> देर शाम करीब 8 बजे धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, धार एसपी मयंक अवस्थी और खरगोन एसपी मौके पर किसानों से चर्चा करने पहुंचे। ज्ञापन सुनने के बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगें मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पहुंचाई जाएंगी. इसके साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सावित्री ठाकुर के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर सरकार के सामने अपनी बात रखेगा. इस आश्वासन के बाद किसान संघ ने धरना-प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा कर दी.

# संसद को अहंकार का अखाड़ा न बनने दें

- संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले पीएम बोले
- दोनों सदनों में एसआईआर पर हुआ हंगामा




**नई दिल्ली, 01 दिसंबर (वार्ता) संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया. दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ. सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि उन्हें चुनावी हार-जीत के परिणामों से बाहर निकलकर इसकी निराशा या अहंकार का अखाड़ा संसद को नहीं बनाना चाहिए और जनता की आकांक्षाओं तथा लोकतंत्र की मर्यादाओं के अनुरूप संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेना चाहिए. प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि संसद का महत्वपूर्ण शीतकालीन सत्र शांतिपूर्ण ढंग से चलेगा और सभी सदस्य देश की प्रगति के लिए तथा चुने हुये प्रतिनिधियों को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर देने के लिए सदन को चलाने में अपना सहयोग करेंगे. उन्होंने कहा कि राष्ट्र तेज गति से आगे बढ़ रहा है और इसे और आगे बढ़ने की ऊर्जा देने का काम शीतकालीन सत्र करेगा, उन्हें ऐसा उन्हें विश्वास है. चुनावी हार जीत लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र की मजबूती का दायित्व हम सबकी जिम्मेदारी है.

### सदनों में कार्यवाही स्थगित

एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही सोमवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई है. अब सदन की कार्यवाही 2 दिसंबर को 11 बजे से शुरू होगी. वहीं राज्यसभा की कार्यवाही 2 दिसंबर की सुबह 11 बजे तक स्थगित की गई है. सूत्रों के मुताबिक आज वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर सरकार सदन में चर्चा करा सकती है.

# 'गीता' में है जिज्ञासाओं का समाधान

- सीएम डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को किया संबोधित
- भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ



**भोपाल, 01 दिसंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को किया. उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीत एक अद्भुत, अनुपम और पवित्र ग्रंथ है. गीता के अध्ययन मात्र से ही मनुष्य के जीवन के सभी प्रश्नों और सभी जिज्ञासाओं का शमन (समाधान) हो जाता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीता जयंती के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ योगीराज भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का विधिवत् शुभारंभ किया. अपर मुख्य सचिव गृह, संस्कृति एवं पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सांस्कृतिक आयोजनों को नई दिशा मिली है. कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक विष्णु खत्री आदि मौजूद रहे.

# हर स्मार्टफोन में होगा साइबर सेफ्टी ऐप

**नई दिल्ली.** भारत सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी स्मार्टफोन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे अपने नए फोन में एक राज्य संचालित साइबर सुरक्षा ऐप को पहले से इंस्टॉल करके ही बेचें. यह ऐप डिलीट नहीं किया जा सकेगा और यही बात टेक कंपनियों खासतौर पर एप्पल के लिए परेशानी का कारण बन सकती है. जारी किए सरकारी आदेश के अनुसार, मोबाइल की प्रमुख कंपनियों को अगले 90 दिनों के भीतर सुनिश्चित करना होगा कि हर नया फोन संचार साथी ऐप के साथ ही बाजार में आए.

# उप्र में संगठन सृजन के सहारे पार्टी को धार देने में जुटी कांग्रेस

## प्रदेश मुख्यालय में बने वार रूम से 75 जिला व 826 ब्लॉक को जोड़ा, पदाधिकारियों को किया सक्रिय

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली, 01 दिसंबर.** देश में जहां एक तरफ चुनावी जीत व हार के कारण व कारकों को लेकर बहस चल रही है. वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी 'संगठन सृजन' के नाम से एक अचूक व विस्तारित प्रयोग में जुटी हुई है. ऐसा प्रयोग संभवत: पहली बार हो रहा है, जहां कांग्रेस अपने सांगठनिक ढांचे को न सिर्फ चुस्त दुरुस्त कर अपने विचारों को जमीनी स्तर पर पहुंचा रही है, बल्कि उत्साहित व समर्पित लाखों कार्यकर्ताओं का एक बड़ा समूह तैयार कर चुनावी जंग के लिए सुसज्जित भी कर रही है.

लगातार तीन लोकसभा चुनाव में पिछड़ने के साथ-साथ विगत कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली व बिहार जैसे दर्जनों प्रांतों में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस लगातार हारते हुए कमजोर होती जा रही है. ऐसे में सबकी नजरें कांग्रेस पार्टी की भविष्य की राजनीति व रणनीतिक योजना पर टिकी हुई है. इन दिनों उत्तर प्रदेश में चल रहे सांगठनिक पुनर्गठन की चर्चा जोरों पर है. लगातार पराजयों से विचलित हुए बगैर उत्तर प्रदेश की कांग्रेस इकाई अपने प्रभारी महासचिव अविनाश पांडेय व अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में लगातार संगठन सृजन नामक कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है.

(शेष पेज 12 पर)

### सिविल सोसाइटी से संपर्क किया शुरू

> पार्टी की अतीत से लेकर वर्तमान और भविष्य की योजनाओं पर केंद्रित परिचर्चाओं के माध्यम से सिविल सोसायटी के लोग जैसे डॉक्टरों, इंजिनियरों, वकीलों, वरिष्ठ नागरिकों, विभिन्न क्षेत्रों के रिटायर कर्मचारियों, व्यवसायिक संगठनों, किसानों, छात्रों, महिलाओं तथा स्वयंसहायता समूहों के साथ वैचारिक विमर्श किया जाना आरंभ किया गया है.




Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: • Raisen Road SURJEET BAJAJ 2590000 • Berasia Road GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • MP Nagar OM ADVANCE BAJAJ 9926101202 • Biaora YADAV BAJAJ 7987592880 • Guna KK BAJAJ 7303055855 • Raisen MOTI BAJAJ 8962448444 • Sehore SUDERSHAN BAJAJ 8225023340/9826023340 Shivpuri KK Sales and Service 9425156633 • Ashoknagar SAHIL BAJAJ 7771887337. • Vidisha SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436

# मालवाहक बन कर दौड़ रहीं स्लीपर बसें

## माल के चक्कर में जान की परवाह नहीं, आरटीओ विभाग के कर्मचारी बेखबर, रसीद पर जीएसटी नहीं लगा रहे ऑपरेटर

**नवभारत न्यूज**

**सागर 1 दिसंबर. बुंदेलखंड के साथ-साथ प्रदेश के अन्य स्थानों से लंबी दूरी पर दौड़ रहीं यात्री बसें मालवाहक बन कर रह गई हैं. माल के चक्कर में यात्रियों की जान की परवाह नहीं है. संबंधित विभाग के द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है.**

मालूम हो कि बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर से प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर और संस्कारधानी जबलपुर के अलावा नागपुर क्षेत्र की ओर जाने वाली रात्रिकालीन स्लीपर बसें यात्रियों के साथ-साथ शत प्रतिशत मालवाहक के रुप में संचालित हो रही हैं. यहां तक की



सागर से दिल्ली की ओर जाने वाली छतरपुर बस ऑपरेटर की स्लीपर बस तो माल पर ही निर्भर हैं. इन बसों के कार्यालयों में दिन भर लोडिंग-अनलोडिंग के काम चलते रहते हैं तो कार्यालय से दी जाने वाली रसीद पर जीएसटी भी नहीं लगाया जाता है. पिछले दिनों इंदौर से बनारस की ओर जाने वाली एक निजी यात्री बस के कार्यालय में तो माल की ही बुकिंग बड़ी संख्या में देखी गई. जहां पर माल की लोडिंग और अनलोडिंग दोनों चलती नजर आयी थी. संबंधित आरटीओ विभाग द्वारा यात्री बसों के लिए मालवाहक की भी अनुमति दी जाती है या नहीं यह तो जांच का विषय है? मगर स्लीपर बस के स्लीपर के नीचे बनाए गए आधा-दर्जन बॉक्सों में सामान ही रखा जाता है जबकि बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए लगेज के लिए तय किया गया है कि इतने किलोग्राम से अधिक लगेज नहीं लिया जायेगा मगर बसों में बड़े शहरों से आने वाले पार्सल, कार्टून का किराया लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजे जा रहे हैं. सागर से नागपुर और इंदौर के अलावा दिल्ली की ओर से आने-जाने वाली स्लीपर बसों में बड़ी मात्रा में माल की आवाजाही होने से यात्रियों को आए दिन सड़क दुर्घटना की भी आशंका रहती है.

### 15 वर्ष पुरानी 151 बसें

आरटीओ द्वारा बहेरिया तिराहा, बम्होरी तिराहा एवं दमोह मार्ग पर 50 यात्री एवं स्कूल वाहनों की जांच की गई. जांच के दौरान 16 वाहनों में फस्टएड बॉक्स, रिफलेक्टर टेप, व्हीएलटीडी, अग्निशमन यंत्र, एचएसआरपी नम्बर प्लेट आदि कमियां पाये जाने पर उक्त वाहनों से मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए 39500/- का जुर्माना वसूल किया गया. आदेश के परिपालन में 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी 151 यात्री बसों को स्टैज कैरिज के स्थायी अनुज्ञाप्त्रों से रिप्लेस कराने हेतु नोटिस जारी किये गये है. जारी नोटिस में अनुज्ञाप्त्र धारकों को 5 दिसंबर तक का समय दिया गया है.

# धर्मतीर्थ का प्रवर्तन दान तीर्थ की प्रवृत्ति से

**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 1 दिसंबर. जब तक कैवल्यज्ञान नहीं होता तब तक अरहंत अवस्था प्राप्त नहीं होती, बिना अरहंत अवस्था के धर्मतीर्थ की स्थापना नहीं होती.**

उपरोक्त उद्गार मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के पांचवे दिवस ज्ञानकल्याणक पर कही. उन्होंने कहा कि धर्मतीर्थ का प्रवर्तन दान तीर्थ की प्रवृत्ति से होता है, आज का दिवस श्रावकों का सबसे गौरवशाली क्षण है. उन्होंने कहा कि केवल्यज्ञान की प्राप्ति से पहले तीर्थंकर परमात्मा जिन्होंने छह माह का उपवास किया तथा आहार विधि नहीं जानने के कारण छह माह से अधिक समय तक निरंतर अंतराय हुआ देवयोग से राजा श्रैयांस और राजा सोम को आहार विधी का ज्ञान हुआ और उन्होंने अपने



परिवार के साथ हस्तिनापुर में पड़गाहन किया तथा इच्छुरस से आहार दान दिया. मुनिश्री ने कहा कि इस दृश्य को देखकर भरत चक्रवर्ती भाव विभोर होकर अयोध्या से हस्तिनापुर नगरी पहुंचे और उन्होंने राजा श्रैयांस और राजा सोम के पुण्य की अनुमोदना करते हुए कहा कि आज तुम भी भगवान के समान पूज्य हो गए हो तथा स्वर्ग लोक में इंद्रों ने उनके पुण्य की अनुमोदना की तथा जय जयकार किया.

मुनिश्री ने कहा कि जब आप किसी निर्ग्रन्थ मुनिराज की अंजुली में आहार रखते है तो वह क्षण बहुत पुण्यशाली होता है, तीर्थंकर परमात्मा को आहार देना तो बहुत ही पुण्यशाली अवसर माना जाता है. मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया ज्ञानकल्याणक पर प्रवचन सभा में मुनिश्री विभास्वर सागर, श्रवण मुनिश्री सागर, मुनिश्री सागर एवं मुनिश्री श्रमसागर महाराज ने मुनिसंघ की वंदना की. मुनिश्री श्रमसागर महाराज जिनकी उम्र मात्र 21 वर्ष की है, उन्होंने जब गुरुदेव के दर्शन किये तो वह बहुत भाव विभोर हो गए. आज मंगलवार को प्रात मोक्षकल्याणक मनाया जाएगा एवं रथयात्रा निकाली जायेगी.

## एक नजर में




### एड्स दिवस पर जागरुकता रैली निकाली

**राहतगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली. कार्यक्रम अधिकारी डॉ भरत पटेल ने बताया कि विश्व एड्स दिवस हर वर्ष एक दिसंबर को मनाया जाता है. डॉ ऋतु व्यास ने कहा कि इसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण पर एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढाना है. कार्यक्रम में डॉ श्रीकांत रिंगे, डॉ प्रदीप यादव, डॉ रश्मि जैन, दीपशिखा नेमा, आशीष रैकवार, अनीता मालवीय, पवन कोरी, संजय पटेल, कुंदन पटेल, अनिल अहिरवार उपस्थित रहे.



### नपा कार्यालय में गीता पाठ का सामूहिक वाचन

**सागर.** नगर पालिका परिषद मकरोनिया प्रांगण में भगवत गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक वाचन किया गया. कार्यक्रम की शुरुवात नगर पालिक परिषद मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की. पंडित जी के द्वारा गीता पाठ की महत्ता और उसके जीवन-दर्शन पर जानकारी दी. कार्यक्रम में पार्षद बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, राजा रिछारिया, निशांत आठिया, सोनू यादव, कमलेश कुशवाहा, बंटी राठौर, मकरोनिया स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रीमति संगीता सिंह, भगवान दास, पूनम साहू, बद्री विशाल साहू, सुधा शर्मा, उमा रजक, पुष्पा ठाकुर, सीएमओ पवन कुमार शर्मा, उपयंत्री वर्षा साहू उपस्थित रहीं.



### शिविर में प्राथमिक चिकित्सा के गुर सिखाए

**सागर.** ढाना में आयोजित एनसीसी शिविर में आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने प्राथमिक चिकित्सा सहायता का प्रशिक्षण वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ जीएस चौबे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. डॉ. चौबे ने कहा कि विकलांगता या दिव्यांगता से बचाव के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण जरूरी है, प्राथमिक उपचार के माध्यम से लोगों को या स्वयं को विकलांगता से बचाया जा सकता है.



### श्रमिक कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया

**सागर.** विभिन्न उद्योगों के श्रमिक कर्मचारियों ने नमक मंडी एटक कार्यालय में एकत्रित होकर चारों श्रमिक संहिताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया गया. वरिष्ठ श्रमिक नेता कामरेड अजीत जैन ने कहा कि पूंजीपतियों के हित लाभ में 29 श्रम कानून समाप्त कर चार श्रम कोड लागू किया गया जो 90 प्रतिशत कामगारों की रीढ़ पर प्रहार है. सागर लेबरबार एसोसिएशन के सचिव एड. पैट्रिस फुसकेले ने कहा है कि चार श्रम कोड के नाम पर न्यायालय एवं श्रम न्यायालय बंद कर प्रदेश 4 न्यायधिकरण बनाएं जाकर मेहनतकशों को न्याय एवं न्यायालय के अधिकार से वंचित कर न्याय बहुत महंगा कर दिया है.

### कृषि महाविद्यालय में 22 पद स्वीकृत

**खुरई.** कृषि महाविद्यालय में 01 अधिष्ठाता सहित सहायक प्राध्यापकों के 21 पदों पर नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. इसके साथ ही आई.टी.आई. की स्थापना हेतु खुरई विकासखंड को शामिल किया गया है. यह जानकारी पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रश्नों पर विधानसभा में दी गई है.

# सबसे कम उम्र का सरवाग्य शतरंज का अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

**नवभारत न्यूज**

**सागर 1 दिसंबर. शतरंज की दुनिया में तीन वर्षीय बालक सरवाग्य सिंह कुशवाहा पिता सिद्धार्थ सिंह ने 3 वर्ष की उम्र में ही दुनिया में पहचान स्थापित की.**



अब सरवाग्य दुनिया के सबसे कम उम्र के अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं. केवल 3 साल 7 महीने 20 दिन की उम्र में उन्होंने फाइड रेटिंग 1572 प्राप्त कर उपलब्धि दर्ज की है. उन्होंने शतरंज की शुरुआत जिला शतरंज एसोसिएशन से की.सरवाग्य की सफलता पर कलेक्टर संदीप जी.आर ने शुभकामनाएं दी है. कोच नितिन चौरसिया जिनके प्रशिक्षण ने सरवाग्य को मजबूत नींव और उच्च स्तर की समझ दी. राष्ट्रीय प्रशिक्षक आकाश पायसी जिन्होंने तकनीकी शिक्षा और गहरी समझ से सरवाग्य की क्षमताओं को और बढ़ाया. पिता सिद्धार्थ सिंह कुशवाहा और माता नेहा सिंह कुशवाहा जिनके समर्पण, समय और निरंतर मेहनत ने सरवाग्य के सपनों को उड़ान दी.

# भारतीय संस्कृति की महिमा अपरंपार है

**नवभारत न्यूज**

**सागर 1 दिसंबर. माजिनेंद्र पंच कल्याणक सप्त गजरथ महोत्सव समिति, सकल दिगंबर जैन समाज एवं श्री श्यादवाद शिक्षण परिषद ट्रस्ट अतिशय क्षेत्र मंगलगिरी के तत्वाधान में पंच कल्याणक समारोह में अभिषेक,शांतिधारा का कार्यक्रम हुआ, तत्पश्चात गर्भ कल्याणक मनाया गया.**

इंद्र इंद्राणी बने पात्रों ने विधान में भाग लिया और हवन किया. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि अनुव्रत समाधि है, महाव्रत समाधि है, हमें जिनेश्वर देव से



प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें मोक्ष मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करे, प्रतिमा धारण करने के साथ ही समाधि शुरू हो जाती है. समाधि अहिंसा है, समाधि में मृत्यु को न देखे, भारत वर्ष अखंड था, है और रहेगा क्योंकि इसकी संस्कृति की महिमा अपरंपार है. आहार का सौभाग्य पूर्व विधायक सुनील जैन-निधि जैन को प्राप्त हुआ. वर्णी विकास सभा एवं जन कल्याण समिति के द्वारा बुंदेलखंड के संत गणेश प्रसाद वर्णी महाराज पर चित्र प्रदर्शनी को भी देखा.

### दीपाली सह संयोजक बनीं

**सागर.** तीर्थंकर ऋषभदेव जैन



विद्वत महासंघ के अध्यक्ष प्रो. अनुपम जैन, महामंत्री विजय जैन एवं मंत्री डॉ संजीव सराफ एवं जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति के राष्ट्रीय संयोजक रक्तवीर समीर जैन की अनुशंसा पर शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में लाइब्रेरियन दीपाली जैन को जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति का राष्ट्रीय सह संयोजक नियुक्त किया गया है. जिनवाणी संरक्षण एवं प्रबंधन समिति के द्वारा जैन तीर्थ क्षेत्रों पर जैन शास्त्रों और ग्रंथों के संरक्षण पर संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया है.

# बुंदेलखंड विश्वकोष योजना समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सागर 1 दिसंबर. बुंदेलखंड विश्वकोष योजना समिति की समीक्षा बैठक सिविल लाइंस कार्यालय में मुख्य अतिथि निधि जैन एवं प्रांत सह प्रमुख शोभा सराफ की अध्यक्षता में संपन्न हुई.**

इस अवसर पर सारस्वत अतिथि डॉ.छाया चौकसे ने श्रीमद भागवत गीता के पन्द्रहवे अध्याय का पाठ प्रस्तुत किया. श्रीमती निधि जैन ने श्रीमद्भगवत्गीता की महत्ता के साथ सर्वधर्म समभाव की बात कही तथा ईश्वर के प्रत्येक स्वरूप की महिमा का वर्णन किया.




विशिष्ट अतिथि सुष्मिता ठाकुर ने बुंदेलखण्ड भाषा व साहित्य के प्रभाव का वर्णन किया. डॉ.देवेन्द्र गुरु ने श्रीमद्भगवद्गीता सहित वेद पुराण उपनिषद के प्रमुख आयामों का संक्षिप्त विवरण रखा. श्रीमती कविता मलैया ने बुंदेली कविता सुनायी. डॉ.सरोज गुप्ता ने गीता का श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते को बताते हुए बुन्देलखण्ड विश्वकोश योजना के निर्माण की प्रगति का विवरण तथा बुंदेलखंड एक दृष्टि पत्रिका के स्वरूप प्रस्तुत किया. संयोजक श्रीमती शशि दीक्षित ने स्वागत भाषण दिया. आयोजन सचिव श्रीमती सावित्री मौर्य तथा व्यवस्थापक डॉ.अरविंद दीक्षित ने बुंदेलखंड विश्वकोश की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर ममता जैन,श्वेता तिवारी, राजश्री दवे, आराधना रावत, पल्लवी सक्सेना, रंजना चौरसिया मौजूद थीं.

### गृह संपर्क अभियान

**सागर.** आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर महाकौशल प्रांत में गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है. जिले के 6 खंड तथा 4 नगर के 600 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 67 बस्तियों के सभी परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा. हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ टोली का निर्माण किया गया है, प्रत्येक टोली में 2-2 मातृशक्तियों को जोड़ा गया है. संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा, संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा.

# सम्मेलन में दंपत्ति से मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 1 दिसंबर. बानपुर थाने के ग्राम मौगान निवासी सौरभ प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है. बताया कि ललितपुर स्थित इलाइट चौराहा स्थित अमर पैलेस में सामूहिक विवाह में शामिल होने आया हुआ था, तभी उसकी पत्नी मनीष व एक पांच माह की पुत्री के साथ आयी.**

**आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया**

जब वह विवाह स्थल से आ रहा था, तभी अरून, गोलू पुत्र मुकेश, अनुराग व मनीष जाखलौन, मौगान निवासी राहुल ने उसे व उसकी पत्नी का रास्ता रोक लिया और बाहर जाने से रोका. जब उक्त लोगों का उन्होंने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मारपीट करते हुये पत्नी से अभद्रता की. आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके सिर पर किसी वस्तु से प्रहार किया, जिससे उसके हाथ व सिर में चोटें आयीं, उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है. पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 126 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है.



# जागरुकता शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सागर 1 दिसंबर. विश्व एड्स दिवस पर कैंट हॉस्पिटल में जागरूकता शिविर का आयोजन आईएमए एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में संपन्न हुआ.**

शिविर में सांसद डॉ लता वानखेड़े ने कहा कि एचआईवी/एड्स अब असाध्य नहीं रहा, समय पर जांच और नियमित इलाज से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जी सकता है. जेडी हेल्थ डॉ. नीना गिडियन ने एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए तरीकों की जानकारी दी.

आईएमए सागर अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि यदि किसी को एचआईवी संक्रमण हो जाए तो नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं या यदि संदेह हो तो तुरंत टेस्ट करवाएं. इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया. इस दौरान शिविर में सीएमएचओ डॉ ममता तिमोरी, डॉ साधना मिश्रा, डॉ सुशीला यादव, डॉ आरिफ कुरैशी, डॉ संजोत माहेश्वरी, डॉ सुनील जैन मौजूद रहे. सांसद डॉ वानखेड़े ने हरी झंडी दिखायी और जागरूकता रैली निकाली.

### सड़क दुर्घटना में मृत

**ललितपुर.** सौजना थानान्तर्गत ग्राम मैनवार में रहने वाली वंदना यादव पत्नी गुलाब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति गुलाब यादव अपने खेत से फसल में पानी लगाकर घर वापस आ रहे थे. तभी रिश्तेदार मड़ावरा के ग्राम सीरोंन निवासी लखन यादव के साथ बाइक पर पीछे बैठा था, घर केपास पहुंचते ही सामने से आ रहे पथराई गांव के धनीराम अहिरवार ने लापरवाही व तेजी से गाड़ी चलाते हुये पति की मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 वी 0520 में टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को गंभीर चोटें आ गयीं और रिश्तेदार लखन भी घायल हो गया. घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया. जहां पहुंचने से पहले ही उसके पति की मृत्यु हो गई थी.

# विद्यालय में श्रीमदभगवद गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया

**नवभारत न्यूज**

**रहली 1 दिसंबर. सांदीपनि विद्यालय में गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया.**

विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. शंख नाद व स्वस्ति वाचन औकार शास्त्री व अजय जारोलिया द्वारा किया गया. छात्र अनंत दुबे व उदित पुराणी द्वारा गीत गायन अनुगायन प्रस्तुत किया गया. प्राइमरी विंग के छात्र प्रशांत नामदेव ने स्वागत गीत एवं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा सलोनी पांडेय ने गीता पाठ प्रस्तुत किया. जन सामान्य द्वारा युगावतार भगवान श्रीकृष्ण के मानव कल्याण के संदेश को



आत्मसात किए जाने के उद्देश्य से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया. संचालन आचार्य ओमकार चौबे एवं गोविंद सिंह ठाकुर एवं आभार प्राचार्य दिलीप चौबे ने माना. प्राथमिक विंग प्रभारी नीरज नेमा एवं शिक्षिका शालिनी दुबे के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा राधा कृष्ण की झांकी एवं कृष्ण लीला नृत्य का प्रदर्शन हुआ. इस दौरान एसडीएम कुलदीप पाराशर, एड. राजेंद्र जारोलिया, भरत सिंह सेमरा, प्राचार्य प्रवीण श्रीवास्तव, सहायक संचालक लोक शिक्षण रहली स्वाति दुबे, प्राचार्य विजय पचौरी, बीआरसी आरडी अहिरवार, शशि हजारी, अरुण पटेल, पीएन मिश्रा, बी के पूर्णिमा, बीके शिवानी, बीके रुपाली, सुनील पटेल, राजेश सेन, अनिल साहू मौजूद रहे.

**गीता महोत्सव** | **वृंदावन बाग में आयोजित हुआ मुख्य कार्यक्रम**

# श्रीमद्भगवद्गीता जीवन जीने की कला सिखाने वाला सार्वभौमिक ज्ञान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 1 दिसंबर. गीता महोत्सव पर शासन के भागीरथी प्रयास राज्य को आध्यात्म की ओर ले जाएंगे.**


उक्त विचार वृंदावन बाग मंदिर के महंत नरहरि दास ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए. महंत नरहरि दास ने कहा कि जब विषम परिस्थितियों में धैर्य का परिचय व्यक्ति देता है तब समझ जाना चाहिए कि उसने गीता का अध्ययन किया है. जिला पंचायत



अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि गीता के ज्ञान से अश्वर, अभिमानी, आतंक का अंत करना ही सबसे बड़ी शिक्षा मिलती है. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता जीवन जीने की कला सिखाने वाला सार्वभौमिक ज्ञान है, हमें गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए. कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता के महत्वपूर्ण उपदेशों का ज्ञान कराकर युद्ध जीता था. मुख्य कार्यक्रम स्थल वृन्दावन बाग मंदिर परिसर में गीता के उपदेशों एवं चित्रों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर संभागायुक्त अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, कलेक्टर संदीप जी.आर, एसपी विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डॉ. धीरेन्द्र मिश्रा, एसएस बघेल, अरविंद जैन, वासुदेव द्विवेदी, मदन गोपाल शास्त्री, रामचरण शास्त्री, श्रीराम शास्त्री, मनोज व्यास, देवाशीष शास्त्री, शिवप्रसाद शास्त्री, राज राजेश्वरी देवी, जवाहर लाल द्विवेदी, महंत नरहरिदास, गोवर्धन पटैरिया, टीकाराम त्रिपाठी, एमडी त्रिपाठी, शिवप्रसाद तिवारी, सर्वेश्वर उपाध्याय, आरएस दीक्षित, दामोदर प्रजापति, विनय दुबे, किशोर गौतम, उमाशंकर द्विवेदी, प्रो. सरोज गुप्ता प्राचार्य, डॉ. आनंद तिवारी प्राचार्य, डॉ. जीएस चौबे, डॉ. शशि सिंह, डॉ. सुखदेव वाजपेयी, रचना तिवारी आदि उपस्थित रहे.

### अधिकरण गठित करें

**सागर.** लेबर बार एसोसिएशन सागर की बैठक हुई. बैठक में पदाधिकारी अधिवक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने 29 श्रम संहिताओं को समाप्त कर 4 श्रम संहिता बद्ध कर,अचानक 4 श्रम संहिता (लेबर कोड) को लागू कर दिया गया है. इन कानूनों की न्यायिक प्रक्रिया श्रम न्यायालय में नहीं होगी. प्रस्तावित न्यायाधिकरण का गठन अभी तक नहीं हुआ है, मध्य प्रदेश के नियम भी नहीं बने है. बैठक में लेबर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व्हीएन सरवटे, सचिव पैट्रिस फुसकेले, उपाध्यक्ष विनीत ताम्रकार, राजू प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाठक, सह सचिव अरविंद सिंह राजपूत, धीरज ताम्रकार शामिल रहे.



# 60 मिनट में बताई भगवान कृष्ण की जीवन यात्रा

▶ रवीन्द्र भवन में एआई आधारित कृष्णायन की प्रस्तुति

**भोपाल, 1 दिसंबर. गीता जयंती के पावन अवसर पर सोमवार को राजधानी भोपाल अध्यात्म, कला और आधुनिक तकनीक के अद्भुत संगम का साक्षी बना. रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश तथा वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में प्रस्तुत हुई 'कृष्णायन' एक ऐसी संगीतमयी कथा, जिसने भारतीय सांस्कृतिक चेतना, अध्यात्म और आधुनिकता को एक अलौकिक सूत्र में पिरो दिया.**

कार्यक्रम में भोपाल के कथाकार मोहित शेवानी ने अपनी विशिष्ट शैली, सुरम्य संगीत और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित दृश्यावली के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की जीवन-यात्रा को दिव्य आयाम प्रदान किया. मंच पर संगीत, कथन और जीवंत दृश्य-प्रभावों की त्रिवेणी ने ऐसा वातावरण रचा कि दर्शकों को लगा मानो स्वयं श्रीकृष्ण उनकी चेतना में अवतरित हो उठे हों. मोहित की प्रस्तुति का आधार रहा कृष्णायन लेखक एवं गीतकार प्रबुद्ध सौरभ द्वारा रचित शब्द-संरचना, जिसमें श्रीकृष्ण की लीला, दर्शन और जीवन को सांस्कृतिक गहराई और दार्शनिक ऊंचाइयों के साथ पिरोया गया है.



> कार्यक्रम की शुरुआत मथुरा की पावन आभा से हुई. मोहित ने मध्यप्रदेश और श्रीकृष्ण के संबंधों के बारे में बताया कि कृष्ण केवल ब्रज और द्वारका तक सीमित देवत्व नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक धारा में अविरल प्रवाहित ऊर्जा है. लगभग 60 मिनट तक चली यह संगीत-यात्रा भावलोक की ऐसी दिशा में ले गई जहां सुर, ताल, शब्द और दृश्य एकाकार हो गए. हर दृश्य ने पूरे सभागार को साधना-सा वातावरण प्रदान किया.

## जीवन शास्त्रानुसार होना चाहिए : पूर्णप्रज्ञा

**भोपाल, 1 दिसंबर.** आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा गीता जयंती के अवसर पर एकात्म धाम, वेदान्त साधना केन्द्र में श्रीमद्भगवद्गीता पारायण एवं प्रेरणा संवाद का आयोजन किया. स्वामिनी सद्विद्यानन्द सरस्वती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के दूसरे अध्याय में साधक के जीवन की आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से बताया है. कर्तव्य का पालन ही सच्चा स्वधर्म है और अप्राप्त की प्राप्ति ही योग का सार है. श्रीमद्भगवद्गीता अद्वैतामृतवर्षिणीम् है, जो मानव जीवन को दिशा, संतुलन और आत्मस्थित रहने की कला प्रदान करती है. मां पूर्णप्रज्ञा ने कहा कि गीता हमें यह सन्देश देती है कि जीवन सदैव शास्त्रानुसार होना चाहिए. अर्जुन के माध्यम से मानव समाज को जो अमृत रूपी अद्वैत ज्ञान मिला, वही श्रीमद्भगवद्गीता है.

### एक नजर में

## बाल भारती पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

**भोपाल,1 दिसंबर.** बाल भारती पब्लिक स्कूल, नीलबड़ में वार्षिक उत्सव 'तेजस्विनी' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या दीपा अग्रवाल, उपप्राचार्या डॉ सकीना नायडू, मुख्य अतिथि अतिरिक्त उप पुलिस कमांडर नीतू ठाकुर विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि पर्वतारोही ज्योति रात्रे तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. मंच पर 'सर्वधर्म समभाव' पर आधारित गीत तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई. 'रेट्रो रिवाइंड' में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने सदाबहार मनमोहक गीतों पर नृत्य करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. 'तेजस्विनी - मध्य प्रदेश की सात रानियां' नामक विशेष प्रस्तुति हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक रानियों के प्रेरणादायी जीवन का मंचन किया. मुख्य अतिथि नीतू ने कहा कि- ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, देशभक्ति और इतिहास के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं और आज की पीढ़ी को प्रेरित करते हैं. प्राचार्या ने विद्यालय के अनेक प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया.

## आज से भूखे रहकर लोको पायलट चलाएंगे ट्रेन

**भोपाल, 1 दिसंबर.** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन के आह्वान पर रेलवे के लोको पायलट अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से 48 घंटे उपवास पर रहेंगे. वह 2, 3 और 4 दिसंबर तक भूखे रहकर ट्रेन चलाएंगे. एसासिएशन ने जारी विज्ञप्ति में बताया रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2016 में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि लोको पायलटों से 9 घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं कराई जाए, लेकिन विशेष परिस्थिति में लोको पायलटों को 2 घंटे पूर्व सूचना देकर 11 घंटे कार्य कराया जा सकता है. इसके बावजूद 12 से 16 घंटे तक लगातार ड्यूटी कराई जा रही है. लोको पायलटों के वेतन- भत्ते दूसरे विभागों की तुलना में काफी कम है. रेल के अन्य विभागों के कर्मचारियों का यात्रा भत्ता आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार शत प्रतिशत आयकर से मुक्त है. जबकि लोको रनिंग स्टाफ के माइलेज भत्ते में 70% यात्रा भत्ता का भाग जुड़ा हुआ है, फिर भी हमारे पूरे माइलेज भत्ते में एक मामूली रकम छूट देते हुये शेष पर मोटी रकम आयकर के रूप में प्रति वर्ष वसूली जाती है. इन्हीं मुद्दों को लेकर 48 घंटे उपवास रहकर रेल परिचालन करने का निर्णय लिया है.



## ननि के 21 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

**भोपाल, 1 दिसम्बर.** नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए 21 कर्मियों को उपायुक्त दिनेश सिंह ने शॉल, श्रीफल, मिष्ठान आदि भेंटकर विदाई दी और उनके सुखमय जीवन की कामना की. उपायुक्त सिंह ने सोमवार को माता मंदिर, हर्षवर्धन काम्प्लेक्स स्थित निगम कार्यालय में आयोजित समारोह में निगम की सेवा से सेवानिवृत्त हुए निम्न श्रेणी लिपिक सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, जेठानंद मंगतानी, शंकरनील, कारपेंटर इफ्तेखार अली, सत्तार खां, पन्नालाल, श्रमिकगण मो. सलीम, रसीद, बेनी प्रसाद, सीताराम, देवीचरण, नन्नू लाल, सईद, अबरार एहमद, सलीम खान, बाबूलाल, मालीद्वय हरिप्रसाद, सनमान सिंह, फिल्टर हेल्पर कदीर उल हसन, लेबर, मो. कमर तथा भृत्य मुन्नी बाई को ससम्मान विदाई दी. इस मौके पर सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एस. नजीर अहमद के अलावा आनंद कुमार फूलवानी, डॉ. शमीम कुरैशी, राजेन्द्र सक्सेना, हसन तैयब, अब्दुल रकीब, जगदीश प्रसाद, बृजमोहन नागर सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे.

## बुंदेली काव्य गोष्ठी का आयोजन आज

**भोपाल,1 दिसम्बर.** अखिल भारतीय बुंदेलखंड साहित्य एवं संस्कृति परिषद द्वारा मंगलवार को दोपहर 3 बजे से काव्य गोष्ठी का आयोजन एस 11 के सभा भवन मन्दाकिनी कॉलोनी कोलार मार्ग रोड भोपाल में किया जा रहा है. परिषद के सचिव हेमन्त तैलंग ने बताया कि इस अवसर पर परिषद की कार्यकारिणी सभा के साथ ही प्रतिष्ठित साहित्यकार पद्मश्री कैलाश मड़बैया का 82 वां जन्म दिवस भी मनाया जायेगा.

## मांगलिक जातक गुड़ के पानी से करेंगे बटेश्वर का अभिषेक

**भोपाल, 1 दिसंबर.** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा मंगलवार को भौम प्रदोष के अवसर पर मांगलिक दोष से पीड़ित अविवाहित जातकों से बाबा बटेश्वर का तांबे के लोटे में गुड़ घोल कर अभिषेक कराया जाएगा. मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया मांगलिक दोष से पीड़ित ऐसे युवक- युवतियां जिनके विवाह संस्कार में दिक्कत आ रही है. वह सभी प्रदोष काल में गुड़ को पानी में घोलकर तांबे के लोटे से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर चंदन, मसूर के दाने एवं लाल फूल अर्पित करेंगे तथा गुड़ से बने लड्डू एवं अन्य व्यंजनों का भोग लगाएंगे. रात्रि 9 बजे बाबा का लाल गुलाब एवं अन्य फूलों से श्रृंगार कर महाआरती संपन्न होगी.

## कृति पुरस्कार के लिए 31 दिसंबर तक प्रविष्टि आमंत्रित

**भोपाल, 1 दिसंबर. हिंदी लेखिका संघ मध्य प्रदेश भोपाल प्रतिवर्ष हिंदी साहित्य की विभिन्न विधाओं पर कृति पुरस्कार प्रदान करता है. इसी क्रम में वर्ष 2024-25 के अखिल भारतीय कृति पुरस्कारों के लिए महिला साहित्यकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं.**

इच्छुक लेखिकाएं उपन्यास, कहानी, गीत ,नवगीत, कविता ग़ज़ल लघुकथा, बाल कविता, बाल कहानी, हास्य एवं व्यंग, नाटक, आलेख आध्यात्मिक साहित्य, निबंध, यात्रा वृतांत, समीक्षा, अनूदित साहित्य, अहिंदी भाषा-भाषी लेखिकाओं की हिंदी में रचनाएं आदि विधाओं में अपनी पुस्तकें भेज सकती हैं. 200 रुपये प्रविष्टि शुल्क के साथ अपनी पुस्तक की दो प्रतियां 31 दिसंबर 2025 तक' डॉ. साधना गंगराड़े ,प्रांताध्यक्ष ,हिन्दी लेखिका संघ, कृषक जगत परिसर, 14 प्रेस कॉम्प्लेक्स एमपी नगर जोन-1, पिन-462011 पर रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से प्रेषित की जा सकती हैं. कृति पुरस्कार वर्ष 2026 में लेखिका संघ के वार्षिक उत्सव में प्रदान किए जाएंगे. यदि किसी कारणवश चयनित लेखिका कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाती हैं, तो पुरस्कार बाद में डाक द्वारा प्रेषित कर दिए जाएंगे. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा. पुस्तक प्रकाशन वर्ष 2024-25 में ही होनी चाहिए. आयु सीमा नहीं है. अधिक जानकारी व्हाट्सएप नंबर 9826908864 पर ली जा सकती है.




## नशा, एचआईवी के खिलाफ रैली

**भोपाल, 1 दिसंबर.** सोमवार को बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं ने नशा, भेदभाव और एचआईवी के खिलाफ वीआईपी रोड से रैली निकाली और नागरिकों को इनसे बचने का संदेश दिया.

# 120 लोगों ने कराई आंखों, दांतों की जांच

### सेवा सदन और पूज्य सिंधी पंचायत ने लगाया शिविर

**भोपाल, 1 दिसंबर. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और गुलमोहर पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त प्रयासों से रविवार को निःशुल्क दृष्टिदोष एवं दंत रोग परीक्षण शिविर आयोजित किया गया.**

शिविर का शुभारंभ सेवा सदन के ट्रस्टीगण एवं समिति के पदाधिकारियों ने भगवान झूलेलाल एवं संत हिरदाराम साहिब जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया. इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष संजय रमतानी, महासचिव देवानंद जेठानी, मुख्य सलाहकार डी.एम. मोटवानी, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी एवं तुलसीदास आडवानी उपस्थित रहे. ट्रस्टी तुलसीदास आडवानी ने कहा कि सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में अब ग्लूकोमा, रेटिना, डायबिटिक रेटिनोपैथी, समय पूर्व जन्में शिशुओं के रेटिना की जांच और उपचार, ऑक्युलोप्लास्टी,आंखों के तिरछेपन का उपचार रियायती दरों पर सुलभ हैं.

> शिविर में कुल 120 लोगों ने अपनी आंखों एवं दंत रोगों का परीक्षण कराया. इसमें से 4 लोगों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उनका सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किया गया. जिन लोगों में मोतियाबिंद नहीं पाया गया, उन्हें नि:शुल्क नेत्र ड्रॉप्स प्रदान किए गए. इनके अलावा दंत रोगियों में ऑर्थोडॉन्टिक ब्रेसिज़ के 16, रूट कैनाल ट्रीटमेंट के 35, स्केलिंग और पॉलिशिंग के 30, दांत उखड़ने के 29, डेंटल फिलिंग के 10 मरीज पाये गए.

## गैसकांड की बरसी पर आज गैस पीड़ित निकालेंगे मोमबत्ती रैली

**भोपाल, 1 दिसंबर.** गैस कांड की 41 वीं बरसी पर मंगलवार को गैस पीड़ित छोला गणेश मंदिर से मोमबत्ती रैली निकालेंगे और यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के सामने गैस माता मूर्ति के पास दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. यह रैली जनसेवी संस्था संभावना ट्रस्ट क्लिनिक द्वारा मंगलवार को शाम पांच बजे निकाली जाएगी. गौरतलब है कि 41 वर्ष पहले 2-3 दिसंबर की रात को यूनियन कार्बाइड से रिसी गैस से हजारों लोगों की मौत हुई थी.



## क्लाउड कंप्यूटिंग में इनोवेशन पर एफडीपी का शुभारंभ

▶ बीएसएसएस में अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**भोपाल, 1 दिसंबर. भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) ने 1 दिसंबर, 2025 को 'क्लाउड कंप्यूटिंग में उभरते ट्रेंड्स और इनोवेशन' पर एआईसीटीई द्वारा स्पॉन्सर किए गए एक हफ्ते के अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन हुआ.**

1 से 6 दिसंबर, 2025 तक चलने वाले इस प्रोग्राम का मकसद लेटेस्ट क्लाउड टेक्नोलॉजी में फैकल्टी की काबिलियत को अपग्रेड करना और डिजिटल युग में इनोवेशन, रिसर्च और प्रैक्टिकल एप्लीकेशन के लिए उनकी क्षमता को मज़बूत करना है. बतौर मुख्य अतिथि टीआईटी कॉलेज भोपाल के डायरेक्टर डॉ. संजीव कुमार शर्मा और सेशन एक्सपर्ट के तौर पर एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल के प्रोफेसर डॉ. अनुज हुंडेट मौजूद रहे. अपने स्वागत भाषण में प्रिंसिपल डॉ. फादर. जॉन पी. जे. ने एकेडमिया और इंडस्ट्री में क्लाउड कंप्यूटिंग की बढ़ती अहमियत पर ज़ोर दिया, और भविष्य के लिए तैयार एजुकेशनल माहौल बनाने में इसकी भूमिका पर ज़ोर दिया.

कंप्यूटर साइंस और एप्लीकेशन डिपार्टमेंट की हेड और एफडीपी कोऑर्डिनेटर, सुश्री स्वाति शर्मा ने प्रोग्राम का पूरा ओवरव्यू दिया. डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने तेज़ी से बदलते डिजिटल माहौल की मांगों को पूरा करने के लिए इनोवेशन, रिसर्च और लगातार स्किल डेवलपमेंट की बहुत ज़रूरत पर ज़ोर दिया.

# भोपाल ने विदिशा को हराकर अपने नाम किया खिताब

▶ महाराणा प्रताप स्कूल में खेलो इंडिया वूमेन्स शूटिंग बॉल टूर्नामेंट

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 31 नवम्बर. शासकीय महाराणा प्रताप स्कूल जहांगीराबाद में शनिवार को खेलो इंडिया वूमेन्स शूटिंग बॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया. राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की दस महिला टीमों ने भाग लिया.**



फाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विदिशा को 21-12 और 21-17 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया. दोनों सेटों में खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और तेजी से खेलते हुए दर्शकों की तालियां बटोरीं. टूर्नामेंट के दौरान कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें भोपाल शूटिंग बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम भार्गव, महाराणा प्रताप क्लब के अध्यक्ष कैलाश तवानी, हिमायतुल्लाह हाशमी, भानु भारद्वाज और पुरुषोत्तम रूपचंदानी शामिल थे.शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह बघेल, भोपाल शूटिंग बॉल संघ की संरक्षक हिमांशी चौबे और महासचिव रोहित सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. कार्यक्रम में विक्रम अवार्ड से सम्मानित हेमलता, रेखा, तबस्सुम और शानू तथा एकलव्य अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी सिद्धि छतवानी, छवि, संजना, अदिति, इशिका और वंशिका भी मौजूद थीं.

**चिकित्सा विज्ञान** ▶ एम्स भोपाल में जटिल काइफोप्लास्टी से किया उपचार

# कैंसर रोगी को असहनीय दर्द से मिली राहत

**भोपाल, 1 दिसंबर. एम्स भोपाल के एनेस्थीसिया विभाग में कैंसर रोगी के डी 5 स्तर पर मेटास्टेटिक वर्टेब्रल कोलैप्स के कारण होने वाले असहनीय दर्द के उपचार के लिए जटिल काइफोप्लास्टी सफलतापूर्वक की गई. रोगी को अत्यधिक मात्रा में मॉर्फ़ीन देने पर भी राहत नहीं मिल रही थी, लेकिन प्रक्रिया के तुरंत बाद उसे पूर्ण दर्द-मुक्ति मिल गई.**

काइफोप्लास्टी स्थानीय एनेस्थीसिया के तहत की गई और मरीज मात्र एक घंटे में छुट्टी के योग्य हो गया. प्रक्रिया का नेतृत्व डॉ. अनुज जैन ने किया तथा टीम में डॉ. निरव, डॉ. गोपी और डॉ. निखिल शामिल रहे.



**क्या है काइफोप्लास्टी :** काइफोप्लास्टी एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है, जिसमें फ्रैक्चर हुए वर्टेब्रल बॉडी में एक छोटी सुई के माध्यम से प्रवेश किया जाता है. इसके अंदर एक विशेष गुब्बारा फैलाया जाता है, जिससे धंसी हुई हड्डी की ऊंचाई बहाल होती है. इसके बाद उस स्थान में हड्डी जैसी विशेष सीमेंट सामग्री भरी जाती है, जिससे हड्डी तुरंत मजबूत हो जाती है और दर्द तेजी से कम होता है.वर्टेब्रल कम्प्रेशन फ्रैक्चर रीढ़ की किसी हड्डी के दब जाने या टूटकर बैठ जाने को कहा जाता है. यह कैंसर के फैलाव, ऑस्टियोपोरोसिस या चोट के कारण हो सकता है. ऐसे फ्रैक्चर में तीव्र दर्द होता है और मरीज की दैनिक गतिविधियाँ प्रभावित हो सकती हैं. काइफोप्लास्टीऑस्टियोपोरोसिस से ग्रस्त वृद्ध मरीजों में होने वाले वर्टेब्रल कम्प्रेशन फ्रैक्चर के उपचार में भी लाभकारी है. ऑस्टियोपोरोसिस के कारण रीढ़ की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, जिससे हल्के दबाव में भी वर्टेब्रा धंस सकता है. यह अचानक होने वाले पीठ दर्द, लंबे समय तक अक्षमता का कारण बन सकता है.

## आज 25 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल, 1 दिसंबर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मंगलवार को शहर के लगभग 25 इलाकों में मेंटनेंस करेगी. इसके लिए इन क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. मंगलवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक न्यू सुभाषनगर, अर्जुन नगर, अशोक नगर, चंबल कॉलोनी, शालिमार कॉम्पलेक्स, अशोका इन्क्लेव, बाग दिलकुशा, पुल बोगदा. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक भैंसाखेड़ी, आकाश गार्डन, माधव आश्रम, मंडी बैरागढ़. सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक जाटखेड़ी, 16 एकड़, खंजर मोहल्ला, बागमुगालिया बस्ती, भवानी नगर एवं आसपास. सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक रचना नगर, गौतम नगर, बैंक कॉलोनी. दोपहर 1 से 3 बजे तक कैलाश नगर, जनता क्वार्टर में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# दिव्यांगों के सम्मान के लिए आगे आएं युवा

▶ पीपुल्स यूनिवर्सिटी भानपुर में समानता 3 का आयोजन

**भोपाल, 1 दिसंबर. दिव्यांग सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन के लिए उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने सोमवार को अपने 'समानता 3' अभियान के अंतर्गत युवाओं को शपथ दिलाई. कार्यक्रम का आयोजन भानपुर स्थित पीपुल्स यूनिवर्सिटी में किया गया, जिसमें 500 से अधिक छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक और अन्य स्टॉफ शामिल रहा.**

इस दौरान उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक पूनम श्रोति द्वारा सभी को दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान का भाव रखने और उनके लिए हर क्षेत्र में समानता के अवसर विकसित करने के संकल्पित होकर कार्य करने की शपथ दिलाई गई. उल्लेखनीय है कि यह विशेष संकल्प समारोह विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया.



पूनम श्रोति ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए दिव्यांगजन के प्रति सम्मान और समानता का संदेश देते हुए वीडियो बनाएं और उसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करें.

> **मोटिवेशनल स्पीकर हैं दिव्यांग पूनम**
>
> बता दें कि उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी की शुरुआत करने वाली पूनम श्रोति जन्म से ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा जैसी गंभीर समस्या से जूझ रही हैं. लेकिन उन्होंने अपनी दिव्यांगता को कभी खुद पर हावी नहीं होने दिया और आज वे समाज के लिए एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व और मोटिवेशनल स्पीकर हैं. पूनम ने दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी अलग पहचान बनाई है. वे 100 पावरफुल वूमेन ऑफ इंडिया में शामिल प्रतिष्ठित हस्ती भी हैं.



नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 02 दिसंबर 2025


# उच्च शिक्षा विभाग का वीआईटी को नोटिस

**यूनिवर्सिटी को सात दिन में रखना होगा पक्ष**

**खराब क्वालिटी का भोजन और पानी देने का आरोप**

**भोपाल, 01 दिसंबर. मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने सीहोर के वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीईआईटी) को गंभीर अनियमितताओं के आधार पर धारा 41(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

यूनिवर्सिटी से 7 दिन में अपना पक्ष रखने को कहा गया है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि तय समय में जवाब नहीं मिलने पर धारा 41(2) के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी. ये नोटिस विश्वविद्यालय नियामक आयोग द्वारा गठित 3 सदस्यीय जांच समिति की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर जारी किया है. इस रिपोर्ट में बताया गया था कि यूनिवर्सिटी के छात्रावासों में मेस की सेवाएं बेहद खराब हैं. भोजन और पानी की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है. छात्र पीलिया से ग्रस्त पाए गए, लेकिन प्रबंधन ने यह जानकारी छिपाने की कोशिश की.

**04 हजार स्टूडेंट्स ने की थी आगजनी-तोड़फोड़**




रिपोर्ट के अनुसार, वीईआईटी यूनिवर्सिटी का परिसर किसी 'किले' की तरह संचालित होता है, जहां प्रबंधन के अपने ही नियम चलते हैं. शिकायत करना तो दूर, छात्रों या कर्मचारियों को कोई प्रतिक्रिया देने की भी अनुमति नहीं है.

दरअसल, वीआईटी यूनिवर्सिटी में 25 नवंबर की रात हालात अचानक बेकाबू हो गए थे. करीब 4 हजार छात्र कॉलेज परिसर में जमा हो गए और देखते ही देखते बसें और गाड़ियां आग की लपटों में घिर गईं. कई वाहनों के शीशे चकनाचूर हो गए, एम्बुलेंस में तोड़फोड़ हुई और परिसर में अफरा-तफरी मची रही. गुस्साए छात्रों के हंगामे को काबू करने के लिए 5 थानों की पुलिस को एक साथ मैदान में उतरना पड़ा था.

> छात्रों ने बताया था- यूनिवर्सिटी में भोजन और पानी की खराब क्वालिटी के कारण हमारे कई साथियों को पीलिया हो गया है. 100 छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं. कुछ की मौत भी हुई है. हमने जब विरोध में आवाज उठाई तो गार्ड ने हमारे साथ मारपीट की. इसका वीडियो भी है. वीआईटी कॉलेज में देश भर के स्टूडेंट्स पढ़ते हैं. यहां बड़े अफसर, उद्योगपतियों के बच्चों की संख्या भी काफी ज्यादा है. कॉलेज की फीस 7 से 10 लाख रुपए सालाना है.

# 'अत्याधुनिक' पॉडकास्ट स्टूडियो कल खोलेगी एमपी कांग्रेस

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 01 दिसंबर.मध्य प्रदेश कांग्रेस 3 दिसंबर को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अपने बहुप्रतीक्षित और पूर्णत: सुसज्जित पॉडकास्ट स्टूडियो का शुभारंभ करने जा रही है.**

यह पहल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन और संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले के प्रयासों से साकार हुई है. पार्टी कार्यालय की पहली मंज़िल पर स्थापित यह आधुनिक स्टूडियो शाम 4 बजे पटवारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में औपचारिक रूप से उद्घाटित किया जाएगा. स्टूडियो का उद्देश्य पार्टी की जनसंपर्क और संचार क्षमता को और सशक्त बनाना है, ताकि राजनीतिक, सामाजिक और जनहित से जुड़े मुद्दों पर जनता से अधिक प्रभावी संवाद स्थापित किया जा सके. पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, यह पॉडकास्ट स्टूडियो विशेष रूप से युवाओं से सीधे संवाद, पहुंच बढ़ाने और मुद्दा-आधारित वार्ता को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया है. इसके माध्यम से कांग्रेस समकालीन विषयों पर रचनात्मक व सार्थक सामग्री तैयार कर सकेगी और प्रदेश के लोगों से जुड़ाव मजबूत करेगी.

उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ नेता, प्रदेश पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के उपस्थित रहने की संभावना है.

## एक नजर में

### निगम ने हटाए शहर के क्षेत्रों से अतिक्रमण

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमणों के साथ ही अवैध रूप से बना छप्पर, लोहे का गेट, दीवार को तोड़ा साथ ही ठेले, गुमठी, पान पार्लर, बोर्ड, काउंटर, टेबिल के अलावा सब्जी, जैकेट, गमले, आदि की दुकानें तथा दुकानों के बाहर रखा सामान, स्क्रैप आदि को हटाया.

### डायल-112 ने महिला को परिजनों से मिलवाया

**भोपाल.** धार के थाना अमझेरा क्षेत्र में गांव घटोदा के पास मानसिक रूप से अस्वस्थ 50 वर्षीय महिला जो घर की राह भटक गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है. सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 01-12-2025 को सुबह 05:30 बजे प्राप्त हुई. सूचना प्राप्ति पर तत्काल अमझेरा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया. डायल-112 स्टाफ सैनिक प्रकाश एवं पायलेट गोकुल ने मौके पर पहुँचकर बताया कि एक 50 वर्षीय महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी .

# पीड़ित संगठनों ने लगाए गंभीर आरोप

## गैस हादसे की 41वीं बरसी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 दिसंबर. यूनियन कार्बाइड गैस हादसे की 41वीं बरसी के मौके पर में भोपाल गैस पीड़ित संगठनों ने गंभीर आरोप लगाए है. हादसे के पीड़ितों के चार संगठनों ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह चार दशक बाद भोपाल में जारी अन्याय और बदहाली के लिए मुख्य रूप से ज़िम्मेदार राजनैतिक पार्टी है.**




इस मौके पर 'भाजपा के खिलाफ भोपाल गैस पीड़ितों का आरोप पत्र' पेश किया गया. गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्षा और गैस जनित पुरानी बीमारियों से जूझ रही रशीदा बी ने कहा कि राज्य और केंद्र की सरकारों में भाजपा ने भोपाल गैस पीड़ितों के साथ ऐसा धोखा किया है.

पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा कि भोपाल जिला अदालत के उन न्यायाधीश को भोपाल पीड़ितों के खिलाफ इस नाइंसाफी को रोकने का श्रेय जाना चाहिए जिन्होंने सीबाई की इस दरख्वास्त को खारिज कर दी.

सत्तारूढ़ राजनैतिक दल द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों की अनदेखी पर बोलते हुए, भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा कि भाजपा राज में भोपाल गैस पीड़ितों का इलाज और आर्थिक पुनर्वास सबसे खराब रहा है.

# आरजीपीवी में धारा 54 लागू करने की मांग

## अभाविप ने मंत्री के आवस का किया घेराव, वीआईटी की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग


नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 दिसंबर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री इंद्र सिंह परमार के आवास का घेराव किया.**

इस मौके पर आरजपीपीवी और वीआईटी विश्वविद्यालय में चल रही वित्तीय, प्रशासनिक और अकादमिक अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया गया. परिषद ने दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की. प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि आरजीपीवी में फैल रहे आर्थिक और अकादमिक भ्रष्टाचार को लेकर परिषद पहले भी सरकार को चेतावनी दे चुकी है. चार दिन पूर्व भी मंत्री जी को अवगत कराया गया था. जब तक धारा 54 लागू नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि अभाविप की मांगें है कि आरजीपीवी में वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की पूरी ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए. सभी वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराई जाए.



> विवि में में धारा 54 लागू कर प्रशासन सरकार अपने हाथ में ले और विश्वविद्यालय को तीन भागों में विभाजित कर संचालन सुचारू किया जाए. चतुर्वेदी ने इसके साथ वीआईटी पर आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों को खराब भोजन और दूषित पानी दिया गया. विरोध करने वाले छात्रों से मारपीट और धमकी दी गई. परीक्षा में फेल करने की धमकियाँ देकर छात्रों पर दबाव बनाया गया. प्रारंभिक जांच में कई गंभीर अनियमितताएँ उजागर हुई हैं.



## राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

**भोपाल.** दिसंबर माह के पहले दिन पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ. इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे.

# छात्र पर हमले के मामले में कार्रवाई की मांग

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 01 दिसंबर. मध्यप्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन द्वारा छात्र तुषार पर कथित मारपीट और धमकी देने की घटना ने पूरे प्रदेश में तीखा आक्रोश पैदा कर दिया है.**

छात्र संघ ने इस गंभीर मामले को लेकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को औपचारिक शिकायतें भेजकर कठोर कार्रवाई की मांग की है. एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने शीर्ष अधिकारियों को भेजे विस्तृत पत्र में संजय जैन को तत्काल पद से हटाए जाने और उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई शुरू करने की मांग की है. परमार ने कहा कि 28 नवंबर 2025 को तुषार पंजीयन संबंधी शिकायत लेकर फार्मेसी काउंसिल कार्यालय पहुंचे थे, जहां संजय जैन, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों ने उन्हें कथित रूप से अंदर घसीटा, कमरे में बंद किया, बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी.



> एनएसयूआई की प्रमुख मांगों में जैन को पद से हटाकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना, तुषार पर दर्ज एफआईआर वापस लेना, घटना में शामिल कर्मचारियों व गार्डों की जांच, काउंसिल के सीसीटीवी फुटेज जब्त करना और परिषदों में जवाबदेही संबंधी कड़े निर्देश जारी करना शामिल है. एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तुरंत कार्रवाई नहीं की, तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि छात्रों पर अत्याचार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा.

# समाधान योजना में 1 .25 लाख बकायादारों ने कराया पंजीयन

**भोपाल, 01 दिसंबर. मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ग्वालियर क्षेत्र के शिवपुरी संभाग-दो के उपभोक्ता रोहन रघुवंशी और मुरैना शहर जोन के सुरेश मावई को जब पता चला कि राज्य शासन की समाधान योजना में पूरा सरचार्ज माफ हो रहा है.**

उस समय अचरज में पड़ गए जब वे बकाया बिल जमा करने गए. बिजली कंपनी द्वारा समाधान योजना के तहत रोहन रघुवंशी का 04 लाख 92 हजार 902 रूपए और सुरेश मावई का 20 लाख 61 हजार रुपए का सरचार्ज माफ कर दिया गया. रोहन रघुवंशी का कुल बकाया बिल 17 लाख 31 हजार 904 रूपए और सुरेश मावई का 25 लाख 59 हजार रुपए से अधिक का था. मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक 01 लाख 25 हजार 560 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 148 करोड़ 97 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है,

**148 करोड़ 97 लाख मूल राशि हुई जमा**

# नौकरानी ने साथ मिलकर की चोरी

## डेढ़ लाख नकद और 3 लाख की सोने की चेन बरामद

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 दिसंबर. शाहपुरा थाना पुलिस ने चोरी के अपराध में एक नौकरानी और उसकी महिला रिश्तेदार को गिरफ्तार किया. पुलिस ने महिला आरोपियों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपये नगद और एक सोने की चेन को बरामद किया.**

थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 23 नवंबर को फरियादी रामशंकर भवरे निवासी त्रिलंगा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पीड़ित ने बताया कि उनके घर की अलमारी से दो लाख से अधिक रुपये और एक सोने की चेन चोरी कर ली गई. पुलिस ने केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की. फरियादी के घर पर काम करने वाली नौकरानी अपनी बहन की बेटी के साथ वारदात को अंजाम दिया. पुलिस की पूछताछ में दोनों चोरी की वारदात को स्वीकार किया. महिला आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 17 नवंबर को उन्होंने चोरी की थी. पुलिस ने महिला आरोपियों के पास से 1.5 लाख रुपये नकदी और 3 लाख रुपये की कीमत की सोने की चेन को बरामद किया है.

### डीजल चोरी करने वाले तीन आरोपी पकड़ाए

**भोपाल.** कमला नगर पुलिस ने इलाके में नगर निगम के वाहन से डीजल की चोरी करने वाले तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है. सभी आरोपियों से मामले में पूछताछ पुलिस ने की है. भदभदा इलाके में नगर निगम का पावर हाउस बना हुआ है. यहां परखड़े नगर निगम की गाड़ी से इलाके में रहने वाला आरोपियों ने डीजल चोरी की वारदात की. आरोपी अक्षय शुक्ला, धनंजय तिवारी और सलमान अली ने मौके पर खड़ी गाड़ी से डीजल निकाला था.

## एम्स में 'फार्मक्वेस्ट 2025' का आयोजन

**भोपाल.** एम्स भोपाल में फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा देशभर के एमबीबीएस छात्रों के लिए फार्मक्वेस्ट इंटर कॉलेज फार्माकोलॉजी क्विज के नौवां संस्करण आयोजित किया गया. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य मेडिकल छात्रों को दवाओं की वैज्ञानिक समझ, उनके सुरक्षित उपयोग और क्लीनिकल निर्णय क्षमता को और मजबूत करना था, जिससे भविष्य में आम नागरिकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों. इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के एनएमसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों और 34 टीमों के 68 विद्यार्थियों ने भाग लिया.

# अंतरराज्यीय नकबजन गिरफ्तार

**20 लाख की कीमत का सामान किया जब्त**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 01 दिसंबर. अयोध्यानगर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय नकबजन को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने 6 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया, उसके पास से करीब 20 लाख की कीमत का सामान जब्त किया है. एसीपी जोन 2 मनीष भारद्वाज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजेन्द्र उर्फ बन्टू (46) निवासी झझर हरियाणा के रूप में की गई है. शहर में आरोपी दिन में सूने मकानों लगे हुए तालों की रैकी कर रात को घटना को अंजाम देता था. आरोपी मोबाइल फोन में गूगल मैप पर एरिया को चिन्हित करने के बाद नकबजनी करता था. उन्होंने बताया कि आरोपी झझर हरियाणा का रहने वाला है, जो अलग-अलग राज्यों हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश में नकबजनी की वारदातें कर चुका है. आरोपी आदतन चोर है, जो बचपन से चोरी कर रहा था और उसके खिलाफ दर्जनों प्रकरण दर्ज है.






> अयोध्या नगर थाना प्रभारी महेश लिल्लारे ने बताया कि आरोपी पांचवी कक्षा पास है. क्षेत्र में मीनाल रेसीडेंसी में बीते मई महीने में चोरी नकबजनी की 6 वारदात हुई थी, जिस में आरोपी की तलाश करने के लिये एक टीम बनाई गई थी. पुलिस की तहकीकात में अंतरराज्यीय नकबजन विजेन्द्र उर्फ बन्टू को इंदौर से पकड़कर पूछताछ की गई. आरोपी ने सभी नकबजनी की घटनाओं को करने की बात स्वीकार की.

**चर्चा** मंत्रालय में मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के एचआर विशेषज्ञ और अधिकारियों के साथ बैठक

# सहकारिता आंदोलन को मजबूत करेगा कर्मयोगी मिशन : मंत्री

**भोपाल, 01 दिसंबर. सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को मंत्रालय में मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के एचआर विशेषज्ञ डॉ. आर. बाला सुब्रमण्यम (बालू) तथा सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की.**



बैठक में विभाग में मिशन कर्मयोगी के प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई. मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल मिशन कर्मयोगी के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में मध्यप्रदेश का सहकारिता विभाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है. उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी के माध्यम से विभागीय कार्यप्रणाली में दक्षता, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को नई गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने में भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी पहल मील का पत्थर साबित होगी. मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के एचआर विशेषज्ञ डॉ. आर. बाला सुब्रमण्यम (बालू) ने मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग के कार्यों की सराहना की और कहा कि राष्ट्रीय मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत सबसे अधिक और प्रभावी कार्य मध्यप्रदेश द्वारा किया गया है. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के सफल मॉड्यूल को अन्य राज्यों में भी लागू करेंगे.

सहकारिता विभाग ने अपने सभी 1122 अधिकारियों और कर्मचारियों को आईगोट कर्मयोगी पोर्टल पर सफलतापूर्वक ऑनबोर्ड कर लिया है. विभागीय कर्मचारियों ने 11337 से अधिक ऑनलाइन प्रशिक्षण कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं, जो सीखने की संस्कृति और सतत कौशल विकास के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता दर्शाता है. इन प्रशिक्षणों से विभागीय कार्यक्षमता, सेवा वितरण और प्रशासनिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है.

### सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है मिशन कर्मयोगी

> मिशन कर्मयोगी राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक, तकनीक सक्षम और भविष्य उन्मुख प्रशासनिक क्षमताओं से लैस करना, शासन प्रणाली को कुशल, पारदर्शी और जन-केंद्रित बनाना, प्रशिक्षण के माध्यम से निरंतर सीखने की संस्कृति विकसित करना है. कर्मयोगी पोर्टल इसी उद्देश्य की पूर्ति का प्रमुख माध्यम है, जिसके द्वारा कर्मचारी अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित आवश्यक कौशल और ज्ञान को निरंतर अपडेट कर सकते हैं.

# 'नशे से दूरी है जरूरी' को मिली सराहना

- **डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस में हुआ था विचार विमर्श**
- **पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बताया था विजन**

**भोपाल, 01 दिसंबर. रायपुर में आयोजित डीजी -आईजी कॉन्फ्रेंस -2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ.**

सत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग, उभरते साइबर अपराध, भीड़ प्रबंधन, वैज्ञानिक अन्वेषण, टेक्नोलॉजी -इंटीग्रेशन, साइबर सुरक्षा, नशे से दूरी तथा नागरिक-सहभागिता आधारित सुरक्षा ढांचे पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ.

### राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय मॉडल किया प्रस्तुत

उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग तभी प्रभावी हो सकती है, जब उसमें तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता - दोनों का संतुलित समावेश हो. सम्मेलन में मप्र पुलिस के राज्यव्यापी नशामुक्ति जनअभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' की भी प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई. स्वयंसेवी संगठनों की व्यापक भागीदारी के कारण तथा युवाओं को जोड़ने में यह अभियान एक सशक्त जनआंदोलन के रूप में उभरा है. प्रत्यक्ष कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 23 लाख तथा सोशल मीडिया माध्यमों से 6 करोड़ 35 लाख लोगों तक पहुंच बनाने के परिणामस्वरूप इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में देखा जा रहा है.

इस राष्ट्रीय मंच पर मध्यप्रदेश पुलिस की कई नवाचार पहलें विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहीं. सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा 'फ्यूजर रेडी पुलिसिंग विजन 2047' का व्यापक विजन प्रस्तुत किया गया, उनकी प्रस्तुति में एआई आधारित प्रिडिक्टिव पुलिसिंग, डेटा-संचालित निर्णय प्रक्रिया, साइबर सुरक्षा ढांचा, कम्युनिटी आउटरीच, आपदा प्रबंधन प्रणालियां तथा युवाओं की सकारात्मक भागीदारी जैसे बिंदुओं को भविष्य की पुलिसिंग के प्रमुख स्तंभ के रूप में रेखांकित किया.

# वक्फ बोर्ड को सुको का झटका

## वक्फ संपत्ति विवरण अपलोड करने की समय सीमा बढ़ाने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली, 01 दिसंबर. उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सरकारी पोर्टल उम्मीद पर वक्फ संपत्ति का विवरण अपलोड करने की समय सीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया.**



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आवेदनों का निपटारा करते हुए आवेदकों को वैधानिक समय सीमा से पहले अपने संबंधित न्यायाधिकरणों से संपर्क करने की सलाह दी. पीठ ने कहा कि एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम की धारा 3बी वक्फ न्यायाधिकरणों को उचित मामलों में समय सीमा बढ़ाने का अधिकार देती है. आवेदकों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि यह संशोधन 8 अप्रैल को लागू हुआ और पोर्टल 6 जून को चालू हुआ, जबकि नियम 3 जुलाई को अधिसूचित किए गए. उन्होंने तर्क दिया कि छह महीने की समय सीमा अपर्याप्त थी, खासकर सदियों पुराने वक्फों के लिए जहाँ मूल वक्फ की पहचान जैसे विवरण उपलब्ध नहीं हैं.

### बिना पोर्टल विवरणों को स्वीकार नहीं किया जाएगा

उन्होंने कहा कि इन विवरणों के बिना पोर्टल विवरणों को स्वीकार नहीं करेगा. वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पोर्टल में तकनीकी खराबी है. आवेदकों ने निर्देशों के पालन की इच्छा व्यक्त की है, लेकिन उन्हें अधिक समय चाहिए. महाधिवक्ता तुषार मेहता ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि धारा 3बी का न्यायाधिकरणों को अलग मामलों को आधार पर पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का स्पष्ट अधिकार देता है. श्री सिब्बल ने बताया कि इससे 10 लाख मुतावल्लियों को व्यक्तिगत आवेदन दाखिल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा.

वकील निजाम पाशा ने तर्क दिया कि छह महीने की अवधि 10 अक्टूबर को पहले ही समाप्त हो चुकी थी, क्योंकि इसे संशोधन की तारीख से गिना जाना चाहिए. महाधिवक्ता ने इस पर टिप्पणी की कि पोर्टल के चालू होने की तारीख के आधार पर समय सीमा 6 दिसंबर है. पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा, चूँकि आवेदकों के लिए न्यायाधिकरण के समक्ष उपाय उपलब्ध है, हम निर्धारित छह महीने की अवधि की अंतिम तिथि तक न्यायाधिकरण से संपर्क करने की स्वतंत्रता देते हुए आवेदनों का निपटारा करते हैं.

## संसद सवालों के लिए ही बनी है : प्रियंका




**नई दिल्ली 01 दिसंबर.** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को सरकार से सवाल करते हुए कहा कि संसद सवालों के लिए ही नहीं बनी है तो किस उद्देश्य से बनी हैं. सुश्री वाड्रा ने आज यहां संवाददाताओं से कहा , चुनाव का माहौल हो या सामान्य दिन, मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) और प्रदूषण जैसे गंभीर मुद्दे आज भी हमारे सामने खड़े हैं. इन पर गहरी बातचीत ज़रूरी है. आखिर संसद किस उद्देश्य से बनी है ? उन्होंने जोर दिया कि संसद कोई तमाशे की जगह नहीं है.

# मोदी ने की ड्रामेबाजी की डिलीवरी : खरगे

### विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया पर दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली, 01 दिसंबर. राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्होंने ने संसद भवन परिसर में शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले मुद्दों की बात करने की बजाय ड्रामेबाजी कर फिर संसद की मर्यादा को तोड़ने करने का काम किया है.**

खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी के संसद भवन परिसर में दिए बयान पर कहा कि उन्होंने संसद के समक्ष मुख्य मुद्दों की बात करने की बजाय फिर से ड्रामेबाजी की डिलीवरी की है. असलियत यह है कि संसदीय मर्यादा और संसदीय



प्रणाली को पिछले 11 साल से सरकार ने लगातार और कैसे तारतार किया है उसकी फेहरिस्त लंबी है. उन्होंने लिखा, पिछले मानसून सत्र में ही कम से कम 12 विधेयक जल्दबाजी में पारित कर दिए गए, कुछ 15 मिनट से भी कम समय में और कुछ बिना किसी चर्चा के. पूरे देश ने पहले भी देखा है किस तरह आपने किसान विरोधी काले कानून, जीएसटी, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता जैसे विधेयक संसद में आनन-फानन में ध्वस्त किये.

> इसी संसद में जब मणिपुर का मुद्दा उठा, तो आप तब तक चुप रहे, जब तक विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया. उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाया और कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में काम के बोझ के कारण बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) लगातार जान दे रहे हैं. विपक्ष, वोट चोरी सहित अन्य मुद्दों को प्राथमिकता देना चाहता है और संसद में हम इसे लगातार उठाएंगे. श्री खरगे ने कहा, भाजपा को अब ध्यान भटकाने का ड्रामा खत्म करना चाहिए और जनता के असली मुद्दों पर संसद में बहस करनी चाहिए.


# यूपी को गरीबी मुक्त प्रदेश बनाना लक्ष्य

### सीएम योगी ने किया अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**लखनऊ 1 दिसम्बर. संविधान दिवस पर पेरिस से आई एक विशेष तस्वीर ने पूरे देश, खासकर उत्तर प्रदेश को गर्व से भर दिया. यूनेस्को मुख्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया.**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने 'योगी की पाती' के माध्यम से प्रदेशवासियों को संबोधित किया और बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए प्रदेश को वर्ष 2027 तक गरीबी मुक्त प्रदेश बनाने की बात कही है. सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रदेश की जनता के नाम संबोधित योगी की पाती पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्व समुदाय जब बाबा साहेब के योगदान को सराहता है, तो यह क्षण प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का होता है. उन्होंने कहा कि अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की मूल भावना को जीवन में उतारने वाले युगांतरकारी महापुरुष थे. शोषित, वंचित और दबे-कुचले वर्गों को अधिकार दिलाने की उनकी कोशिशें आज भी सामाजिक परिवर्तन का आधार हैं.

> योगी ने कहा कि उनकी ही प्रेरणा से उत्तर प्रदेश की सरकार ने दलितों, वंचितों और कमजोर तबकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ चलाई हैं. शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास सुविधाएँ, प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सहायता—इन सभी क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं. सामाजिक सुरक्षा से वंचित न रहे. मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब की सोच पर चलते हुए प्रदेश में 'जीरो पॉवर्टी अभियान' संचालित किया जा रहा है. इसके तहत कमजोर वर्गों तक आवास, राशन, पेंशन, शिक्षा, श्रम योजनाएं और बाल विकास कार्यक्रमों का लाभ तेज गति से पहुंचाया जा रहा है.



## ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों से 10 करोड़ की ठगी


**हैदराबाद,01 दिसंबर.** हैदराबाद की साइबराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्राड गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए उस फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है, जिसने ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों से करीब 10 करोड़ रुपये ठगे। माधोपुर की अयप्पा सोसाइटी में 'रिज आईटी सॉल्यूशन' के नाम से चल रहे इस कॉल सेंटर की आड़ में स्कैमर्स महीनों से विदेशी नागरिकों को निशाना बना रहे थे. पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि रैकेट के दो मुख्य — प्रवीण और प्रकाश—अब भी फरार हैं. कॉल सेंटर में काम करने वाले टेलीकॉलर्स को कोलकाता से लाकर ऑस्ट्रेलियाई लहजा बोलने की ट्रेनिंग दी गई थी.

# आठ जगहों पर एनआईए ने की छापामारी

### दिल्ली में हुए लाल किला कार विस्फोट का मामला

**नई दिल्ली, 01 दिसंबर . राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में शामिल 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में सोमवार को करीब आठ जगहों पर छापे मारे.**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ और कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की. एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला. अधिकारियों ने बताया कि



एनआईए के दलों ने शोपियां में मौलवी इरफान अहमद वागे के आवास पर छापा मारा. वागे का नाम कट्टरपंथ को बढ़ावा देने और हाल ही में सामने आए 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल में लोगों की शामिल करने के मुख्य साजिशकर्ता के रूप में उभरा है. उसे अक्टूबर में पुलिस ने गिरफ्तार किया था और एनआईए ने पिछले महीने कार विस्फोट मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद उसे हिरासत में ले लिया था.

> इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए थे. अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा जिले के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा और सम्बूरा इलाकों में भी छापे मारे गए. ये स्थान दिल्ली कार विस्फोट मामले से जुड़े लोगों से संबंधित हैं. इसके अलावा जांच एजेंसी ने डॉ. अदील अहमद राठेर के आवास की तलाशी ली, जिन्हें नवंबर के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया था. इंम्फाल में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों समेत सात लोगों को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है.

## आसाराम की जमानत के खिलाफ कोर्ट पहुंची पीड़िता



**नई दिल्ली, 01 दिसंबर.** नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम के खिलाफ पीड़िता सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है और आसाराम की जमानत रद्द करने की मांग की गई है. पीड़िता की ओर से वकील एल्जो जोसफ ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि अगस्त में हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड का गठन किया था और इस बोर्ड के डॉक्टरों ने रिपोर्ट दी थी कि आसाराम स्टेबल हैं और उनको अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है.

# ईडी ने मसाला बॉन्ड मामले में केरल के सीएम को भेजा नोटिस

**कोच्चि, 01 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन को केआईआईएफबी मसाला बॉन्ड जांच के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत 466 करोड़ रुपए के लिए कारण-बताओ नोटिस जारी किया है.**



नोटिस में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक और पूर्व-केआईआईएफबी मुख्य कार्यकारी के एम अब्राहम का नाम भी शामिल किया गया है. यह कदम 2019 में जारी हुए मसाला बॉन्ड से संबंधित है, जिसके जरिए केरल बुनियादी ढांचा निवेश निधि बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों से 2,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम इकट्ठा की थी. ऐसा करके बॉन्ड विदेशों में ऐसा बॉन्ड पहुंचाने वाली पहली उप-संप्रभु इकाई बन गयी थी. ईडी का आरोप है कि निधि का पैसा फेमा नियमों के अनुरूप खर्च नहीं किया गया था. यह मामला तब से जांच का विषय है, जबसे नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने केआआईएफबी के विदेशी ऋण पर चिंता जाहिर की है.

### आज का इतिहास

- 1804 – नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई।
- 1911 – जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले महाराजा, महारानी बने। उनके बंबई (अब मुंबई) आगमन की याद में 'गेटवे ऑफ इंडिया' बनाया गया।
- 1976 – फिदेल कास्त्रो क्यूबा के राष्ट्रपति बने।
- 1971 – अरब प्रायद्वीप के छह क्षेत्रों ने मिलकर संयुक्त अरब अमीरात की स्थापना की। 1972 में इनमें एक सातवां देश भी शामिल हुआ।

# आस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने 62 की उम्र में रचाई शादी

**नई दिल्ली, 01 दिसबंर. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने 62 वर्ष की आयु में अपनी पार्टनर जोडी हेडन से विवाह करके न सिर्फ अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू किया, बल्कि ऑस्ट्रेलियाई राजनीतिक इतिहास में भी एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज कर दिया.**

अल्बनीज ऐसे पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने पद पर रहते हुए विवाह रचाया है। कैनबरा स्थित द लॉज में शनिवार को आयोजित इस निजी समारोह में परिवार, करीबी मित्रों और सरकार के कुछ वरिष्ठ मंत्रियों ने हिस्सा लिया। सोशल मीडिया पर भी यह शादी चर्चा का विषय बनी रही, जब



अल्बनीज ने एक छोटा-सा वीडियो साझा किया, जिसके कैप्शन में सिर्फ एक शब्द लिखा था शादीशुदा. इस सरल लेकिन प्रभावशाली अंदाज़ ने लाखों शुभकामनाएँ बटोरीं. जोडी हेडन, जो एक वित्तीय पेशेवर हैं, 2020 से अल्बनीज के साथ रिश्ते में हैं और पिछले कई वर्षों से सामाजिक एवं राजनीतिक आयोजनों में उनके साथ दिखती रही हैं.

## निकाय चुनाव-केरल में मतगणना केंद्र स्थापित

**तिरुवनंतपुरम.** राज्य चुनाव आयोग ने रविवार को बताया कि आगामी 2025 के स्थानीय निकाय चुनाव की मतगणना के लिए केरल में कुल 244 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं. मतदान 9 और 11 दिसंबर को दो चरणों में होगा, मतों की गिनती 13 दिसंबर को होगी. ये केंद्र मतदान सामग्री वितरण केंद्रों के साथ-साथ निर्दिष्ट मतगणना केंद्रों के रूप में भी काम करेंगे. त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए, ब्लॉक पंचायत स्तर पर मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि नगर पालिकाओं और निगमों के अपने केंद्र होंगे. एर्नाकुलम जिले में सबसे अधिक केंद्र हैं, जबकि वायनाड में सबसे कम है. तिरुवनंतपुरम और कोल्लम में 16-16 केंद्र हैं.

### एक नजर में



## चक्रवाती तूफान दित्वाह पड़ा कमजोर

**चेन्नई, 01 दिसंबर.** तमिलनाडु के चेन्नयी तट के करीब पहुंचने के बाद कमजोर होकर एक गहरे अवदाब में परिवर्तित चक्रवाती तूफान दित्वाह सोमवार दोपहर तक और कमजोर होकर एक अवदाब में बदल जाएगा. मौसम विभाग ने शहर और उसके आसपास के जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया है. इस तूफान के चेन्नई और उत्तरी तमिलनाडु तट के करीब पहुंचने के साथ, शहर और उसके आसपास के जिलों में कल शाम से लगातार बारिश हो रही है और आज सुबह भी जारी रही. मौसम विभाग ने आज सुबह एक अपडेट में कहा कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तटों पर बना गहरा अवदाब (चक्रवाती तूफान दित्वाह का अवशेष) पिछले 6 घंटों के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ गया है.

## नई एफआईआर पर सिंघवी ने सरकार को घेरा

**नई दिल्ली 01 दिसंबर.** नेशनल हेराल्ड मामले में दर्ज की गई नई एफआईआर को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर हमला बोला है. सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह पूरा मामला कानून से सम्मत नहीं, बदले की राजनीति से प्रेरित है. श्री सिंघवी ने कहा कि सरकार उन विपक्षी आवाजों को निशाना बना रही है जो सवाल पूछने की हिम्मत रखते हैं. उन्होंने कहा कि यह एक अजीब स्थिति है. न कोई अपराध, न कोई कैश, न कोई ट्रेल. भाजपा अपनी कल्पना से केस बना रही है, यदि न्याय अंधा है, तो ईडी कलर ब्लाइंड है. उसे सिर्फ एक ही रंग दिखाई देता है.

## थरूर की अनुपस्थिति से पार्टी में असमंजस बढ़ा



**नई दिल्ली 01 दिसंबर.** कांग्रेस की स्ट्रेटेजिक बैठकों से शशि थरूर की बढ़ती दूरी अब पार्टी के भीतर गंभीर सवाल खड़े कर रही है. विंटर सेशन से पहले सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई अहम मीटिंग में थरूर एक बार फिर नजर नहीं आए. उनका तर्क था कि वे केरल में अपनी 90 वर्षीय मां के साथ हैं, जिनका जन्मदिन 28 नवंबर को था. लेकिन लगातार दो बैठकों से उनकी गैरमौजूदगी ने कांग्रेस खेमे में नई हलचल पैदा कर दी है. इससे पहले स्ढक्रमुद्दे पर बुलाई गई बैठक में भी वे शामिल नहीं हुए थे, लेकिन उसी दिन पीएम मोदी के कार्यक्रम में दिखने पर विवाद और गहरा था.

# लखपति दीदियां अनंत शक्तियों का भंडार

### शिवराज सिंह ने किया सरस फूड फेस्टिवल का शुभारंभ

**नई दिल्ली, 1 दिसंबर. केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स मार्ग, निजामुद्दीन पर आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 का शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी उपस्थित थी. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके. शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते, मेरे लिए नारायणी हर नारी है, नारी



तू नारायणी. शिवराज सिंह ने कहा है कि लखपति बहनों ने तो यह सिद्ध कर दिया है कि वो अनंत शक्तियों की भंडार हैं, सचमुच में बहनों ने अपनी कर्मठता से प्रगति, विकास और समृद्धि की एक नई गाथा लिखी है. आज लखपति दीदियां 25 राज्यों से आई हैं और उनमें से कई दीदियां ऐसी हैं, जो अपने गुणों, मेहनत और परिश्रम की वजह से आज पूरे देश को रास्ता दिखा रही हैं.

> लखपति दीदियों का, देश की राजधानी दिल्ली में हृदय से स्वागत, अभिनंदन करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बहनों के विकास का संकल्प है और उनके संकल्प की सिद्धि के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय इस दिशा में काम कर रहा है कि कोई दीदी गरीब क्यों रहे, हाथ क्यों फैलाए, बल्कि अपने हुनर और परिश्रम के बल पर आगे बढ़े. शिवराज सिंह ने कहा कि अद्भुत है अपना देश, अलग भाषा, अलग वेश, फिर भी अपना एक देश और देश के अलग-अलग प्रांतों से आई दीदियां, इनकी आंखों में विश्वास की चमक है.

## अब सीबीआई करेगी पूरे देश में डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच

**नई दिल्ली.** देशभर में तेजी से बढ़ते डिजिटल अरेस्ट से जुड़े मामलों पर गंभीर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है. कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच अब सीबीआई करेगी. यह जांच अन्य किसी स्कैम से अलग और प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी. सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने सीबीआई को मामलों की विस्तृत जांच का निर्देश दिया. साथ ही एजेंसी को पीसीए के तहत बैंकरों की भूमिका की जांच करने की पूरी आजादी भी दी है. खासकर उन मामलों में जहां डिजिटल अरेस्ट स्कैम को अंजाम देने के लिए बैंक अकाउंट खोले गए हैं.

# केजरीवाल बोले नई जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएं

**नईदिल्ली, 1 दिसंबर. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हालिया चुनावी नतीजों के बाद सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई दी है.**

उन्होंने (पूर्व ट्विटर) पर एक विशेष पोस्ट साझा करते हुए न सिर्फ जीत की खुशी व्यक्त की बल्कि जनता के विश्वास को सबसे बड़ी ताक़त बताया. केजरीवाल ने कहा कि यह जीत केवल उम्मीदवारों की नहीं, बल्कि उस उम्मीद की जीत है जिसे हर आम नागरिक ने अपने मत के माध्यम से व्यक्त किया है. उन्होंने विजेताओं को याद दिलाया



कि जनता का भरोसा बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आता है और अब समय है कि उस भरोसे को ईमानदारी और मेहनत से पूरे सम्मान के साथ निभाया जाए. उनका यह संदेश पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भरता दिखा, जबकि समर्थकों ने भी सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं के जरिए अपनी खुशी जाहिर की.

### कार्यक्रम — एफडीडीआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

# भारत फुटवियर क्षेत्र में बन रहा दुनिया की बड़ी ताकत

**नई दिल्ली, 01 दिसंबर. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत फुटवियर क्षेत्र में दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है. राष्ट्रपति मुर्मू ने यह बात यहां फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) के दीक्षांत समारोह में कही.**



उन्होंने कहा कि भारत फुटवियर क्षेत्र में तेज़ी से आत्मनिर्भर बन रहा है और विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने फुटवियर सेक्टर को चैंपियन सेक्टर का दर्जा दिया है ताकि इस क्षेत्र में निवेश और विकास बढ़ाया जा सके. उन्होंने कहा कि भारत फुटवियर विनिर्माण और खपत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है. उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का फुटवियर निर्यात 2.5 अरब डॉलर से अधिक रहा, जबकि आयात लगभग 68 करोड़ डॉलर था. यानी भारत का निर्यात आयात से करीब चार गुना है. उन्होंने कहा कि निर्यात बढ़ाने के लिए फुटवियर व्यवसाय में और विस्तार की जरूरत है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर बढ़ेंगे. राष्ट्रपति मुर्मू ने एफडीडीआई और यूनिवर्सिटी ऑफ़ नॉर्थम्प्टन (यूके) के बीच हुए नए समझौते का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार के तहत सहयोग को आगे बढ़ाएगा. राष्ट्रपति मुर्मू ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि फुटवियर डिज़ाइन सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की बेहतरी से जुड़ा काम है.

> उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे ऐसे डिज़ाइन तैयार करें जो लोगों की सेहत, आराम और जरूरतों को ध्यान में रखें. साथ ही रोजगार सृजन, आर्थिक विकास, भारत के निर्यात को मजबूत करने और वैश्विक बाजार में देश की छवि को ऊंचा उठाने में योगदान दें. उन्होंने कहा कि युवा डिजाइनर आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.

# श्रीलंका से 335 भारतीयों को वापस लाया




### वायुसेना ने चलाया ऑपरेशन सागर बंधु अभियान

**तिरुवनंतपुरम, 01 दिसंबर. भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने बाढ़-प्रभावित श्रीलंका से भारतीयों को निकालने के लिये चलाये जा रहे ऑपरेशन सागर बंधु के तहत मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों को तेज करते हुए 335 नागरिकों को सुरक्षित निकाला है.**

भारतीय वायुसेना ने श्रीलंकाई प्राधिकारियों के साथ समन्वय में काम करते हुए भूस्खलन प्रभावित कोटमाले क्षेत्र में बड़े बचाव और निकासी अभियान चलाए हैं, यह क्षेत्र सड़क संपर्क टूटने के कारण पूरी तरह से अलग थलग पड़ा हुआ है. वायुसेना ने रविवार रात श्रीलंका से 335 भारतीय नागरिकों को हवाई मार्ग से तिरुवनंतपुरम पहुंचाया और आपदा प्रभावित क्षेत्रों से उनकी सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की.

> अभियानों में एमआई-17वी5 मध्यम-लिफ्ट हेलीकॉप्टर और गरुड़ विशेष बलों के जवान शामिल थे. एजेंसियों की सहायता के लिए कोलंबो में तैनात किया गया था. वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने अलग-थलग, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई उड़ानें भरीं. इस दौरान वायुसेना ने घायल और फंसे हुए नागरिकों को बचाया, आपातकालीन राहत सामग्री पहुंचाई और आपदा-प्रतिक्रिया टीमों को महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचाया. भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ने कई उच्च जोखिम वाले मिशनों में 57 श्रीलंकाई सेना के जवानों को दियातलावा आर्मी कैंप और कोलंबो से मध्य प्रांत के कोटमाले पहुंचाया.

## चंडीगढ़ में नहीं बनेगी अलग विधानसभा

**चंडीगढ़,.** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने हरियाणा सरकार की चंडीगढ़ में नए विधानसभा भवन बनाने की मांग को खारिज कर दिया है. मंत्रालय ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को साफ सलाह दी है कि इस मामले में अब चंडीगढ़ प्रशासन से किसी तरह की आगे की कार्रवाई न करें. केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को स्वतंत्र यूनियन टेरेटरी का ऐलान करने के लिए 131वें शोध बिल को वापस लेने के बाद पंजाब के लिए यह दूसरा फैसला लिया है. तब चर्चा में आया था, जब जुलाई 2022 में जयपुर में हुई उत्तरी जोनल काउंसिल की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा को नई विधानसभा के लिए भूमि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी.

# रायसेन में पुल ढहने से दो बाइक नीचे गिरी

## एक की मौत, तीन लोग गंभीर घायल, बरेली-पिपरिया रोड पर हादसा

**रायसेन, 1 दिसंबर. जिले में बरेली-पिपरिया मार्ग पर बना नयागांव पुल अचानक गिर गया. इस हादसे में पुल के ऊपर से जा रही दो बाइक नीचे जा गिरीं, जिसमें बाइक पर सवार एक की मौत हो गई, तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. करीब 45 साल पुराना पुल मरम्मत के दौरान अचानक भरभराकर गिर गया.**

इस दुर्घटना में बरेली के 35 वर्षीय युवक देवेंद्र सिंह धाकड़ की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं. हादसे की वजह भारी-भरकम ओवरलोड डंपरों का दबाव बताया जा रहा है, जो पुल की जर्जर संरचना झेल नहीं सकी. घायलों को देखने



### कांग्रेस ने विधान सभा में उठाया मामला

उधर, कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में मुद्दा उठाते हुए कहा कि निर्माण कार्य के बावजूद पुल पर ट्रैफिक नहीं रोका गया और न ही डायवर्जन किया गया, जो गंभीर लापरवाही है. कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि सड़कों का टूटना और पुलों का गिरना सरकार में भ्रष्टाचार का उदाहरण है. केंद्रीय कृषि मंत्री के क्षेत्र में यह घटना सरकार के सुशासन पर सवाल खड़े करती है.

कलेक्टर, एसपी अस्पताल पहुंचे. उन्होंने घायलों एवं उनके परिजन को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है. घटना सुबह लगभग 10:40 बजे की है, जब पुल के नीचे रिपेयरिंग का काम चल रहा था और ऊपर से लगातार वाहन गुजर रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्टेशन-पिपरिया से आती मां रेवा बस नयागांव बस स्टैंड पर दो छात्राओं को बैठाने के लिए रुक गई.

बस का रुकना कई जिंदगियों के लिए वरदान साबित हुआ, क्योंकि बस के दोबारा स्टार्ट होने से पहले ही दो हैवी लोडेड डंपर पुल पर चढ़ चुके थे. डंपरों का वजन इतना अधिक था कि पुल एक झटके में टूटकर 30 फीट नीचे जा गिरा. पुल के ऊपर से गुजर रही एक स्कूटी और एक मोटरसाइकिल सीधे नीचे जा गिरे. मोटरसाइकिल पर सवार देवेंद्र सिंह धाकड़ अपनी बहन की विदाई के बाद घर लौट रहा था. गिरने के दौरान लोहे के सरियों ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया.

### पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

नयागांव पुल गिरने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि एमडी से बात की गई है, पुल पर मेंटेनेंस का काम चल रहा था. पुल गिरा है उसकी जांच चल रही है और इंजीनियर पर उचित कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार के समय बनाए गए पुल हैं

# आज विस, कल मंत्रालय फिर खजुराहो में कसौटी पर होंगे मंत्री

**विभागीय समीक्षा का दौर आज से**

**शुरुआत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से होगी**

**भोपाल, 1 दिसंबर. विभागों के कामकाज के मामले में मंत्रियों की पकड़ कितनी मजबूत है, उसे आज से परखने का सिलसिला शुरू होगा. विभागीय समीक्षा का दौर मंगलवार से शुरू होगा, जिसमें मंत्री कसौटी पर रहेंगे.**

मंगलवार को जहां विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंत्रियों के साथ बैठक करेंगे, वहीं अगले दिन स्थानीय अवकाश के बावजूद मंत्रालय गुलजार रहेगा, जहां सीएम समीक्षा का सिलसिला जारी रखेंगे, उसके बाद 8 और 9 दिसंबर को ये समीक्षा का दौर खजुराहो में भी होगा. राज्य सरकार ने समीक्षा के लिये कार्यक्रम तय कर दिया है, शुरुआत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से होगी. ये समीक्षा बैठक ही मंत्रियों के परफॉर्मेंस का आधार बनेगी. आने वाले दिनों में यदि मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा, तो इस समीक्षा के बाद तैयार रिपोर्ट की बड़ी भूमिका होगी, जिसमें मंत्रिमंडल में मंत्रियों का भविष्य तय होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव खजुराहो में 8 नवंबर को खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग और 9 दिसम्बर मंगलवार को लोक निर्माण विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करेंगे.

### 5 मंत्रियों के विभागों का फीडबैक लेंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को पांच मंत्रियों से उनके विभागों को लेकर फीडबैक लेंगे. समीक्षा बैठकों में संबंधित विभागीय मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहेंगे. सीएम विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, नर्मदा घाटी विकास, जल संसाधन विभाग, ऊर्जा, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा करेंगे. इनमें संबंधित विभागों के मंत्री मौजूद रहेंगे. बुधवार को मुख्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की समीक्षा करेंगे, इनमें संबंधित विभाग के मंत्री उपस्थित रहेंगे.

# अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेशभर में होगी कार्रवाई

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 दिसंबर. प्रदेश में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई होगी. यह भरोसा सदन में सोमवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने दिया.**

भाजपा के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सीतासरन शर्मा ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से नर्मदापुरम और इटारसी में बढ़ते अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों को होने वाली परेशानी ओर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया था. इस दौरान मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वे अपर मुख्य सचिव को निर्देश देंगे कि इस मामले में जांच के लिये कलेक्टर, एसपी और नगर निगम अफसर की टीम बना दें.

### मौजूदा सत्र का समय नहीं बढ़ेगा

**भोपाल.** विधानसभा के मौजूदा शीतकालीन सत्र का समय नहीं बढ़ेगा. लेकिन फरवरी- मार्च में संभावित बजट सत्र के दौरान सत्र की अवधि बढ़ाने पर विचार किया जाएगा. विधानसभा में सोमवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने विपक्ष के आग्रह को सुनने के बाद स्थिति साफ की. इस दौरान विपक्ष ने सदन की अवधि में लगातार कमी किये जाने पर नाराजगी जाहिर की.

# अफसरों का काम भावांतर के बारे में बताना

## नियम 139 की चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के विधायक रामेश्वर शर्मा ने सरकार को घेरा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 1 दिसंबर. विधानसभा में सोमवार को नियम 139 के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि से किसानों की फसलें नष्ट होने से उत्पन्न स्थिति को लेकर चर्चा की शुरुआत हुई. चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के वरिष्ठ सदस्य रामेश्वर शर्मा ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया.**

उन्होंने ये स्वीकार किया कि अफसर भावांतर के बारे में सही जानकारी किसानों को नहीं दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि भावांतर के बारे में बताने की जिम्मेदारी अफसरों की है.



सत्ता पक्ष की ओर से पहल वक्ता के रूप में अपनी बात रखते हुए शर्मा नरे कहा कि किसानों की चिंता करना हमारी नैतिक ड्यूटी है. ये भी हमारी नैतिक ड्यूटी है कि हम बतायें कि किस चीज पर हम कितना भावांतर दे रहे हैं. यदि मक्का कोई 1200 में खरीद रहा है और एमएसपी 1600 रुपये तय है, तो 400 रुपये का भावांतर किसानों के खाते में जाएगा, यह बताना हमारे अफसरों का काम है. ये पक्ष-विपक्ष की बात नहीं है, ये सबकी जिम्मेदारी है.

उन्होंने बीमा कंपनियों द्वारा किसानो को बेहद कम राशि का भुगतान किये जाने के मामले में कहा कि बीमा कंपनियों को ये निर्देश दिया जाना चाहिए कि हर हाल में किसानों को फसल के नुकसान पर पैसा मिलना चाहिए. ये वो सरकार है जो किसानों का पैसा किसी को नहीं खाने देगी. डंडा मारकर किसानों का पैसा निकाल लेंगे.

> फसल की कीमत बीमा कंपनियों से मिलना ही चाहिए. वहीं चर्चा की शुरुआत करते हुए विपक्ष के वरिष्ठ सदस्य भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि किसानों के प्रति सरकार की संवेदनहीनता बढ़ रही है. किसान सरकार से परेशान है. किसान बिजली की कम सप्लाई से परेशान है, फसल की खरीदी से परेशान है. सरकार की सुनने की स्थिति नहीं है. भावांतर योजना किसानों को भ्रमित करने वाली योजना है. ये केवल नौटंकी है. सरकार ने मक्का पर एमएसपी की बात की, लेकिन खरीदी नहीं की, किसान रो रहा है.

### रेत से भरा डंपर कार से टकराया

**सिलवानी.** 1 दिसंबर. रविवार देर रात सिलवानी-सागर रोड स्थित आरडीएसएस के पास रेत से भरा डंपर सड़क किनारे मकान के सामने खड़ी कार से जा भिड़ा. हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. गनीमत रही कि उस समय कार में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई.


**CHANGE OF NAME**

I Atharva S/O, Swapnesh Kajwadkar R/o B5-503, Coral Woods, Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal - 462026 have changed my name to Atharva Kajwadkar.


# भाजपा नेता पर केस दर्ज करने की मांग

## अंबेडकर सोसायटी ने सतलापुर थाने में सौंपा ज्ञापन

**मंडीदीप, 1 दिसंबर. अंबेडकर सोसायटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को सतलापुर थाने में ज्ञापन सौंपकर भाजपा नेता एमएल शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है.**

ज्ञापन में कहा कि यूट्यूब चैनल पर भाजपा नेता का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सभी आरक्षित वर्ग को अपमानित किया गया है. इस वीडियो में भाजपा नेता रोड ठेकेदार आरक्षण को लेकर एसटी-एससी, ओबीसी वाले लोगों को मवाद खाने की बात कर रहे हैं. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि ऐसा बयान सामाजिक सौहार्द के खिलाफ है और यह संवैधानिक अधिकारों का अपमान है. इधर, वाल्मीकि समाज के लोगों ने भी खुलकर विरोध जताया और चेतावनी दी कि यदि भाजपा नेता शुक्ला सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो उनके खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा.



# गीता जयंती महोत्सव पर की भगवान श्रीकृष्ण की पूजा

**बैरसिया, 1 दिसंबर. नगर के प्रमुख रामादलम संगठन ने सोमवार को विद्यालय बाल विनय मंदिर चौपड़ बाजार में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया.**

कार्यक्रम में रामादलम संगठन के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई. इसके बाद सभी ने गीता ज्ञान को सुना.

इस अवसर पर रामादलम संगठन प्रमुख एडवोकेट योगेश शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री जितेंद्र मीणा, आचार्य नीरज रामकृष्ण सागर, दुर्गावाहिनी संयोजिका काजल सिंह राजपूत ने अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम में दिनेश साहू, मनोज श्रीवास्तव, अजित सोनी, महेंद्र सिंह यादव, शिवम् मीणा, सचिन मीणा आदि मौजूद थे.



### पुस्तक का विमोचन

**भोपाल.** विधानसभा प्रांगण में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक देव श्रीमाली द्वारा लिखित पुस्तक चंबल संस्कृति एवं विरासत का विमोचन किया. पुस्तक विमोचन अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधायक रामनिवास रावत सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे.

### समाज कल्याण बोर्ड को 2 साल में सरकार ने एक रुपया भी नहीं दिया

**भोपाल.** विभिन्न समाजों के कल्याण के लिये बनाये गये 9 समाजों के बोर्ड के लिये मिले 8.34 करोड में से किसी भी बोर्ड को कोई राशि नहीं दी गई. इस कारण किसी भी समाज का एक भी व्यक्ति लाभान्वित नहीं हुआ, जबकि बोर्ड के अध्यक्ष को वाहन, मानदेय गृह भत्ता और दूरभाष सुविधा मिली. यह जानकारी राज्य मंत्री तकनीकी शिक्षा मंत्री गौतम टेटवाल ने विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न के लिखित जवाब में सदन में दी. मंत्री ने बताया कि अक्टूबर 2023 में दो वर्ष के लिये 9 समाज के बोर्ड उस समाज के कल्याण एवं युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार देने के उद्देश्य से बनाये गये थे.


**JANA SMALL FINANCE BANK**
(A Scheduled Commercial Bank)

रजिस्टर्ड आफिस :- फेयरवे, ग्राउंड एंड फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नं. 10/1, 11/2 एंड 12/2 बी, ऑफ डोमलुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बंगलौर-560071,

ब्रांच आफिस :- प्लाट नं.131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल(एम.पी.)-462011

**सरफेसी एक्ट, 2002 की सेक्शन 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस**

जबकि आप, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर और बंधककर्ताओं ने अपनी अचल संपत्तियों को बंधक रखकर जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड से ऋण लिया है. आप सभी द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को गैर निष्पादित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड अधिनियम के तहत एक सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ताओं को कॉलम नंबर 2 में उल्लिखित राशि को नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज के साथ चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को नोटिस नहीं दिया जा सका.

| क्र. | देनदार/सह-देनदार/ बंधक का नाम | लोन एकाउंट नं. व लोन राशि | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | एनपीए तिथि व डिमांड नोटिस तिथि | देय राशि रु./ अनुसार में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1) श्री प्रकाश नामदेव आत्मज मुन्नालाल 2)श्रीमती जया नामदेव पत्नी प्रकाश नामदेव | ऋण खाता संख्या- 45499420003382 50718940025033 ऋण राशि- रु.2,52,000/- | **अचल संपत्ति-** प्लॉट संख्या 61 वाली वह पूरी ज़मीन, जिसका कुल क्षेत्रफल 450 वर्ग फुट (41.82 वर्ग मीटर) है, खसरा संख्या 69 का एक हिस्सा, ग्राम पुरमन भवन, पी.एच. संख्या 14, आर.एन.एम. 02, विकास खंड फंदा, तहसील हुज़ूर और जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है. पूर्व में- कॉलोनी रोड, पश्चिम में- प्लॉट संख्या 50, उत्तर में- प्लॉट संख्या 62 और दक्षिण में- प्लॉट संख्या 60 से घिरा है. | 31-10-2025 और 16-10-2025 और 18-11-2025 | 12-11-2025 तक रु. 2,08,014.00 (रु. दो लाख आठ हजार चौदह मात्र) |
| 2. | 1) श्री आदित्य गिर आत्मज दिनेश गिरि 2)श्रीमती संध्या पत्नी आदित्य गिरि | ऋण खाता संख्या- 51781200000022 ऋण राशि- रु.3,00,000/- | **अचल संपत्ति-** मकान संख्या 33 वाली वह पूरी ज़मीन, जिसका कुल क्षेत्रफल 576 वर्ग फुट है, और उस पर निर्माण कार्य भी शामिल है, ग्राम सलाई खेड़ी, पीएच संख्या 18, ग्राम पंचायत ठाणेर, तहसील विदिशा और ज़िला विदिशा (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है. पूर्व में- सड़क, पश्चिम में- नारायण गिरी का मकान, उत्तर में- चंदन गिरी का मकान और दक्षिण में- लाखन सिंह का मकान. | 01-11-2025 और 24-11-2025 | 17-11-2025 तक रु.3,12,187.58 (रु. तीन लाख बारह हजार एक सौ सतासी और पैसा अट्ठावन मात्र) |
| 3. | 1) श्री पंकज यादव आत्मज गणेश प्रसाद यादव 2)श्रीमती लता बाई यादव पत्नी गणेश प्रसाद यादव | ऋण खाता संख्या- 32449610000023 ऋण राशि- रु.4,00,000/- | **अचल संपत्ति-** आवासीय भूखंड सं. 173, क्षेत्रफल 675 वर्ग फुट (62.73 वर्ग मीटर), डायवर्टेड खसरा सं. 12/2, पीएच संख्या 17 का एक भाग, वार्ड संख्या 20, नया वार्ड संख्या 19, तिवारी कॉलोनी, ग्राम किशनपुर @ आदमगढ़, एन.बी. संख्या 33, नर्मदापुरम शहर, तहसील एवं जिला नर्मदापुरम (मध्य प्रदेश) में स्थित, भूमि का वह पूरा टुकड़ा. पूर्व में- भूखंड संख्या 172, पश्चिम में- भूखंड संख्या 174, उत्तर में- कॉलोनी रोड और दक्षिण में- भूखंड संख्या 178 से घिरा हुआ. | 31-10-2025 और 24-11-2025 | 17-11-2025 तक रुपए 3,59,519.60 (रु. तीन लाख उनसठ हजार पांच सौ उन्नीस और पैसा साठ मात्र) |
| 4. | 1) श्री विकास रायकवार पुत्र जगन्नाथ रायकवार, 2) श्री संदीप कुमार रायकवार पुत्र जगन्नाथ रायकवार 3) श्रीमती सविता रायकवार पत्नी विकास रायकवार | ऋण खाता संख्या- 45499610000911 ऋण राशि- रु. 13,85,500/- | **अचल संपत्ति-** प्लॉट संख्या 22 वाला वह समस्त भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 746 वर्ग फुट (69.33 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण सहित, खसरा संख्या 101/4 का भाग, रकबा 0.920 हेक्टेयर, कृष्णा ग्रीन, ग्राम हिनोतिया आलम, पीएच संख्या 28, वार्ड संख्या 84, नगर निगम, तहसील हुज़ूर एवं जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) की सीमा के भीतर स्थित है. पूर्व में- प्लॉट संख्या 03, पश्चिम में- कॉलोनी रोड, उत्तर में- प्लॉट संख्या 23 और दक्षिण में- प्लॉट संख्या 21 से घिरा है. | 01-11-2025 और 25-11-2025 | 17-11-2025 तक रुपए 14,06,029.65 (रु. चौदह लाख छह हजार उन्तीस और पैसा पैंसठ मात्र) |
| 5. | 1)श्रीमती प्रीति मालवीय पत्नी अशोक मालवीय 2) श्री अशोक मालवीय आत्मज बाबूलाल मालवीय | ऋण खाता संख्या- 30579420000626 34029630000082 45499430001008 ऋण राशि- रु.19,80,000/- | **अचल संपत्ति-** वह समस्त आर.सी.सी. अधिरचना जिसमें फ्लैट संख्या S-02, दूसरी मंजिल पर, 625 वर्ग फुट (58.08 वर्ग मीटर) का अधिनिर्मित क्षेत्रफल शामिल है, 'श्याम अपार्टमेंट' नामक भवन में, जिसका निर्माण प्लॉट संख्या M.I.G. H-33 की भूमि पर हुआ है, वसुंधरा कॉलोनी BDA, टीलाजमालपुरा, वार्ड संख्या 13, जनपद पंचायत फंदा, तहसील हुज़ूर एवं जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है. पूर्व में- फ्लैट संख्या S-01, पश्चिम में- मकान संख्या H-32, उत्तर में- सड़क और दक्षिण में- फ्लैट संख्या S-03 से घिरा हुआ है. | 01-11-2025 और 27-11-2025 | 17-11-2025 तक रु. 19,84,594.35 (रु. उन्नीस लाख चौरासी हजार पाँच सौ चौरानवे और पैसा पैंतीस मात्र) |
| 6. | 1) श्री हिरदेश पुरी, इसलिए। छोटे पुरी, 2)श्रीमती रीना बाई, डब्ल्यू/ओ. हिरदेशपुरी | ऋण खाता संख्या- 34029610000649 ऋण राशि- रु.4,20,000/- | **अचल संपत्ति-** आवासीय भूखंड संख्या 18 (कोना) वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 700 वर्ग फुट (65.05 वर्ग मीटर) है, और उस पर निर्माण सहित, पुराने खसरा संख्या 99/1, 100/2, 101/2, 102/2, 103/2 का हिस्सा, डायवर्सन के बाद खसरा संख्या 99/1/2(दक्षिण), 100/2, 101/2, 102/2 और 103/2, पी.एच. संख्या 11, ग्राम देवलखेड़ी (अंजनी धाम), पी.एच. संख्या 14/26, आर.एन.एम. 02, विकास खंड फंदा, तहसील हुज़ूर और जिला भोपाल (मध्य प्रदेश) में स्थित है. सीमा- पूर्व में- प्लॉट संख्या 20, पश्चिम में- कॉलोनी रोड, उत्तर में- प्लॉट संख्या 19 और दक्षिण में- कॉलोनी रोड. | 01-11-2025 और 27-11-2025 | 17-11-2025 तक रुपए 4,04,254.00 (रु. चार लाख चार हजार दो सौ चौवन मात्र) |

इसलिए, कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और बंधककर्ता को नोटिस दिया जाता है, जिसमें उन्हें इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर सभी संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध कॉलम संख्या 6 में दर्शाई गई कुल राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, क्योंकि उक्त राशि कॉलम संख्या 6 में दर्शाई गई तारीख को संबंधित ऋण खाते के संबंध में देय पाई जाती है. यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि भविष्य के ब्याज और अन्य राशियों के साथ कुल राशि, जो भुगतान की तारीख तक देय हो सकती है, का भुगतान नहीं किया जाता है, तो जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड कॉलम संख्या 4 में वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा. कृपया ध्यान दें कि यह प्रकाशन ऐसे अधिकारों और उपायों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना किया गया है, जो कानून के तहत उक्त वित्तीय के उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ताओं के खिलाफ जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड को उपलब्ध हैं, आपसे आगे यह ध्यान देने का अनुरोध किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त सुरक्षा का निपटान या उससे निपटने या सुरक्षित परिसंपत्ति की बिक्री, पट्टे या अन्यथा हस्तांतरण करने से रोका/निषिद्ध किया गया है.

दिनांक -2.12.2025, स्थान- भोपाल, होशंगाबाद और विदिशा | हस्ता. अधिकृत अधिकारी, जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



**State Bank of India**
भारतीय स्टेट बैंक

प्राधिकृत अधिकारी का विवरण : मोबाइल नंबर 9987173021 लैंडलाइन नंबर (कार्यालय) : 022-41611429, अन्य मोबाइल नंबर 9985592115

शाखा - दबावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा-II, रहेजा चेम्बर्स, भूतल, विंग-B, फ्री प्रेस जर्नल मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021
दूरभाष संख्या : 022-41611429
ईमेल आईडी: team7.15859@sbi.co.in

**परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) का परंतुक देखें] अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित.**

एतद् द्वारा आम जनता और विशेष रूप से ऋणी(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति गिरवी/प्रभारित है. (भारतीय स्टेट बैंक) को सुरक्षित लेनदार के रूप में, जिसका **भौतिक कब्जा** भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, सुरक्षित लेनदार को 'जहाँ है जैसा है, जो है जैसा है' के आधार पर **20.12.2025** को बेचा जाएगा. बैंक के बकाया की वसूली के लिए भारित संपत्ति/संपत्तियों (SARFAESI अधिनियम, 2002 के अंतर्गत) की ई-नीलामी नीचे निर्दिष्ट नियमों और शर्तों पर आयोजित की जाएगी.

| उधारकर्ता/उधारकर्ताओं का नाम | गारंटर/गारंटर का नाम | जिन संपत्तियों/संपत्तियों की वसूली हेतु बकाया राशि की वसूली की जा रही है / बेचा गया |
|---|---|---|
| मेसर्स श्री साईदर्शन शॉपिंग मॉल वार्ड क्रमांक 17 मीनाक्षी चौक होशंगाबाद मध्य प्रदेश भारत 461001 | i) श्री संजय जायसवाल ii) श्रीमती संध्या जायसवाल | 27.11.2023 को रु. 21,73,06,950.00 + अनुबंधित दर पर ब्याज आज तक + व्यय एवं लागत (नकद वसूली, यदि कोई हो, घटाकर) मांग सूचना तिथि : 28.11.2023 |

| क्र. | संपत्ति का विवरण | रिजर्व मूल्य (रु.) | ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|
| 1. | सर्वेक्षण संख्या : 8/18/2 और 8/21/2 वाली व्यावसायिक इमारत, प्लॉट संख्या : 8/18/2 और 8/21/2, नगर पालिका वार्ड संख्या 17, नया नंबर 09, होशंगाबाद, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी) पर स्थित, कुल क्षेत्रफल : 8170 वर्ग फुट, श्री संजय जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल के स्वामित्व में, **संपत्ति आईडी संख्या: SBIN78309473140** | रुपए 10,70,00,000.00 | रुपए 1,07,00,000.00 |
| 2. | सर्वेक्षण संख्या : 8/13/11 वाली व्यावसायिक इमारत, प्लॉट संख्या : 8/13/11, वार्ड संख्या 17, नया नंबर 09, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी) पर स्थित, कुल क्षेत्रफल : 960 वर्ग फुट, श्री संजय जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल | | |
| 3. | सर्वेक्षण संख्या : 8/50 वाला व्यावसायिक भवन, प्लॉट संख्या : 8/50, मौजा सदर बाजार, वार्ड संख्या 17, होशंगाबाद, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी), कुल क्षेत्रफल- 855 वर्ग फुट, श्री संजय जायसवाल और श्रीमती संध्या जायसवाल. संपत्ति आईडी संख्या : SBIN78309477474 | रुपए 74,00,000.00 | रुपए 7,40,000.00 |
| 4. | सर्वेक्षण संख्या : 447/1, 447/39 और 450/1 वाला व्यावसायिक भवन, प्लॉट संख्या : C-01, नगरपालिका वार्ड संख्या 16 (नया वार्ड संख्या 11) मालाखेड़ी (साई छात्र परिसर), होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (शहरी), कुल क्षेत्रफल : 314.02 वर्ग मीटर या 3378.85 वर्ग फुट, श्री साईं दर्शन शॉपिंग मॉल के स्वामित्व में है. **संपत्ति आईडी संख्या: SBIN78309528975** | रुपए 1,36,00,000.00 | रुपए 13,60,000.00 |
| 5. | वाणिज्यिक भूखंड खसरा संख्या 33/1, पवारखेड़ा, होशंगाबाद, होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (अर्ध-शहरी) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल : 20270 वर्ग मीटर है और यह श्री साईं दर्शन शॉपिंग मॉल के स्वामित्व में है. **संपत्ति आईडी संख्या: SBIN78309462774** | रुपए 7,44,00,000.00 | रुपए 74,40,000.00 |
| 6. | वाणिज्यिक भवन डायवर्टेड ख. संख्या 607, पी. संख्या 15/10, ग्राम फेफरताल, जिला-होशंगाबाद, मध्य प्रदेश, 461001, (अर्ध-शहरी) में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल : 50530 वर्ग मीटर है और यह श्री साईं दर्शन शॉपिंग मॉल के स्वामित्व में है. **संपत्ति आईडी संख्या: SBIN78309524437** | रुपए 11,80,00,000.00 | रुपए 1,18,00,000.00 |

| बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| रु. 1,00,000/- | 20.12.2025 समय : सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ | 12.12.2025 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक |

**ध्यान दें :-** कृपया ध्यान दें कि यह ई-नीलामी **'जहाँ है जैसा है, जैसा है वैसा है'** और **'जो कुछ भी है'** के आधार पर आयोजित की जा रही है.
इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को नीलामी समय से काफी पहले हमारे सेवा प्रदाता **बैंकनेट** ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://baanknet.com/eauction-psb/eauction/** पर पंजीकरण के माध्यम से अपनी ईएमडी राशि ऑनलाइन माध्यम से अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरित करनी होगी. यदि ईएमडी राशि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा. पंजीकरण, केवाईसी दस्तावेजों का सत्यापन और ईएमडी का वॉलेट में स्थानांतरण नीलामी से काफी पहले पूरा किया जाना चाहिए. इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी समाप्त होने से पहले **बैंकनेट** में प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं. प्री-बिड ईएमडी बोलीदाता को **बैंकनेट** बैंक खाते में भुगतान प्राप्त होने और ई-नीलामी वेबसाइट पर ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही दी जाएगी. बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को, अपने हित में, अंतिम समय में किसी भी समस्या से बचने के लिए प्री-बिड ईएमडी राशि पहले ही जमा करने की सलाह दी जाती है.
संपत्ति पर कोई ज्ञात भार नहीं है. हालांकि, इच्छुक बोलीदाता को संबंधित कार्यालयों/विभागों से संपत्ति पर भार के संबंध में स्वयं पूछताछ और उचित जाँच-पड़ताल करनी चाहिए. किसी भी प्राधिकरण या किसी भी व्यक्ति को देय सभी वैधानिक/गैर-वैधानिक बकाया, कर, दरें, मूल्यांकन, शुल्क, फीस आदि का भुगतान केवल सफल बोलीदाता की ही ज़िम्मेदारी होगी.
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया भारतीय स्टेट बैंक, सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक देखें : **www.sbi.co.in** और **https://baanknet.com/eauction-psb/eauction/**

| Bank website https://bank.sbi | E-auction website https://baanknet.com/ |
|---|---|
| | |

| Property ID No | Property Location: | Video / Photos of Property | USP |
|---|---|---|---|
| SBIN78309524437 | | | |
| SBIN78309462774 | | | |
| SBIN78309528975 | | | |
| SBIN78309477474 | | | |
| SBIN78309473140 | | | |

**सरफेसी अधिनियम के तहत वैधानिक 15 दिनों का बिक्री नोटिस**

नियम 6 (2) और 8 के प्रावधान के अनुसार उधारकर्ताओं/गारंटरों को आवश्यक सूचना दी गई है. प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) का (6) नियम, 2002

दिनांक : 02.12.2025
स्थान : मुंबई

हस्ताक्षरित/-
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

# खाद वितरण कुव्यवस्था से भड़के अन्नदाता

## बाघेरी घटना से भी नहीं लिया सबक, कलेक्टर की मध्यस्थता के बाद शुरू हुआ टोकन वितरण

नवभारत न्यूज

**गुना 1 दिस.का। जिले में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिसका खामियाजा किसानों को लगातार उठाना पड़ रहा है। बाघेरी वितरण केंद्र पर लाइन में लगी एक महिला की मौत की दुखद घटना के बावजूद, जिम्मेदार अधिकारियों ने वितरण प्रणाली में सुधार नहीं किया। इसी अव्यवस्था के चलते सोमवार सुबह नाराज किसानों ने नानाखेड़ी मंडी कार्यालय में घुसकर जमकर हंगामा किया।**

मिली जानकारी के अनुसार, नानाखेड़ी मंडी परिसर स्थित डबल लॉक खाद वितरण केंद्र पर सोमवार सुबह तडके से ही सैंकड़ों किसान खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े थे। किसानों को अचानक सूचित किया गया कि टोकन वितरण अब वितरण केंद्र के बजाय सीधे मंडी कार्यालय से किया जाएगा। टोकन पाने की उम्मीद में सभी किसान दौडकर मंडी कार्यालय पहुँचे, लेकिन वहाँ



### आरोन नवीन कृषि उपज मंडी में यूरिया खाद का सुचारू वितरण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार आज तहसील आरोन क्षेत्र अंतर्गत नवीन कृषि उपज मंडी में यूरिया खाद का वितरण किया गया। वितरण स्थल पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हालांकि, प्रशासन की सक्रियता के कारण पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और सुचारु रही। अनुविभागीय अधिकारी आरोन ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ राजस्व अधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने मिलकर किसानों को टोकन के अनुसार खाद उपलब्ध करवाया।

टोकन वितरण की कोई सुनियोजित व्यवस्था दिखाई नहीं दी। इस लापरवाही और कुव्यवस्था को देखकर किसानों का गुस्सा भडक उठा। उन्होंने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए सीधे मंडी कार्यालय के अंदर प्रवेश कर लिया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को स्वयं अपने दलबल के साथ मंडी कार्यालय पहुँचना पड़ा।

कलेक्टर ने कार्यालय के बाहर किसानों से मुलाकात की और उनसे सीधे संवाद किया। उन्होंने किसानों की परेशानियों को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने किसानों से धैर्य बनाए रखने और प्रशासन की नई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। तत्काल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, कलेक्टर कन्याल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि टोकन वितरण का कार्य पूर्ववत डबल लॉक केंद्र से ही किया जाए, जैसा कि पहले होता आया था। कलेक्टर के आश्वासन और केंद्र पर तुरंत लाइन लगवाकर टोकन देने का कार्य शुरू होने के बाद ही किसान शांत हुए।

## आगजनी से हजारों का सामान हुआ स्वाहा

**सीहोर.** शहर के नजदीकी ग्राम जताखेड़ा निवासी एक ग्रामीण के मकान में सोमवार की शाम अचानक आग लग गई. सूचना मिलने पर पहुंची दमकल ने तत्परता बरतते हुए ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया. इस आगजनी में ग्रामीण को लगभग 60 हजार रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है. जानकारी के अनुसार मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम जताखेड़ा निवासी मोरसिंह के घर में सोमवार की शाम लगभग चार बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई. बताया जाता है कि आगजनी के वक्त घर में कोई नहीं था. आग व धुआं देख ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया. इस दौरान फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई. मौके पर पहुंची दमकल के कर्मचारी महेन्द्र और आसिफ ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया. ग्रामीण मोरसिंह का कहना है कि आगजनी में लगभग 60 हजार रुपए का नुकसान हुआ है. आगजनी का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है. पीड़ित ग्रामीण ने आगजनी का सर्वे कराते हुए मुआवजा देने की मांग की है.

# सगे तीन भाइयों के हत्याकांड का पर्दाफाश

- पुलिस कप्तान आलोक कुमार ने किया घटना का खुलासा
- वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। परिवारिक जमीनी विवाद में सगे तीन भाईयों के हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस कप्तान आलोक कुमार ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता के दौरान पूरी वारदात का खुलासा कर बताया कि घटना के सभी आरोपी पुलिस हिरासत में हैं।**

पुलिस कप्तान ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को थाना जतारा में सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर झगड़ा हो गया है। सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर पुलिस पहुंची जहां पर कई व्यक्तिय घायल अवस्था में पाए गए। फरियादी करन राजपूत पिता चतुर्भुज राजपूत निवासी सिमरा ने बताया कि रामनगर में हमारे परिवार के लोग खेत पर पानी लगा रहे थे। तभी गांव के ही चतुर राजपूत एवं पहलवान राजपूत जिनसे इस जमीन को लेकर हमारे परिवार का पुराना विवाद चल रहा है। उन्होंने अपने



### मात्र एक-डेढ़ एकड़ जमीन के कारण उपजा विवाद

घटना स्थल का जायजा लेने पहुंचे छतरपुर रेंज के डीआईजी विजय कुमार खत्री ने बताया कि मात्र एक डेढ एकड़ जमीन को लेकर विवाद हुआ है इसमें एक पक्ष ने कहा कि रजिस्ट्री करवाली है अब नामांतरण होना है तो वही दूसरे पक्ष ने कहा कि 10-12 साल से इसको हम कर रहे है। आरोपी पक्ष रविवार को जमीन की जुताई करने पहुंचा था तभी फरियादी पक्ष ने विरोध किया और आरोपियों ने लाठी, डंडों एवं कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। उन्होनें बताया कि इस हमले में तीन लोगों की मृत्यू हो चुकी है तीन लोग गंभीर अवस्था में इलाजरत है।

परिवार वालों के साथ आकर करन राजपूत के परिवार वालों को गालियां देकर लाठी-कुल्हाड़ी एवं डंडों से मारपीट कर खेत से जाने को कहा। इस मारपीट ने बलराम राजपूत पिता राजधर राजपूत, परमलाल पिता राजधर राजपूत, चतुर्भुज पिता राजधर राजपूत की मृत्यु हो गई। इसके अलावा करन राजपूत के चरिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं. पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना जतारा में अपराध क्रमांक 258/25 धारा 103 (1), 109 (1), 115 (2), 296 (ए), 191 (3), 190, 118(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# गीता के श्लोकों का किया गया सामूहिक वाचन

## उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया आयोजन

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा। स्थानीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।**

मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अधिष्ठान वीर भारत न्यास एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम् का यह अनुष्ठान हायर सेकेंडरी स्कूल के आतिथ्य में एवं स्थानीय गीता स्वाध्याय समिति प्रमुख देवीलाल शर्मा के संयोजकत्व में आयोजित किया गय। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न शासकीय व निजी विद्यालयों के छात्र- छात्राएं, गीता स्वाध्याई, अतिथि व गणमान्य जन



शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं श्रीमद् भगवद्गीता के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ की गई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से विश्व के तमाम देशों के साथ एक ही समय में किया जाने वाला श्रीमद् भगवद्गीता के 15 वें अध्याय के श्लोकों का वाचन किया। श्लोकों का सस्वर वाचन पंडित देवीलाल शर्मा द्वारा कराया गया।

## बाल विवाह के खिलाफ चलाया अभियान

**टीकमगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ऊदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक वर्ष होने पर, शासकीय माध्यमिक शाला गोपाल मंदिर एवं जिले अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रो पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के पूर्ण उन्मूलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाने से की।इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों व समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा इसके विरुद्ध सामाजिक चेतना को सुदृढ़ बनाना है।

# मालवाहक बन कर दौड़ रहीं स्लीपर बसें

## माल के चक्कर में जान की परवाह नहीं, आरटीओ विभाग के कर्मचारी बेखबर

नवभारत न्यूज

**सागर 1 दिसंबर. बुंदेलखंड के साथ-साथ प्रदेश के अन्य स्थानों से लंबी दूरी पर दौड़ रहीं यात्री बसें मालवाहक बन कर रह गई हैं. माल के चक्कर में यात्रियों की जान की परवाह नहीं है. संबंधित विभाग के द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है.**

मालूम हो कि बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर से प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर और संस्कारधानी जबलपुर के अलावा नागपुर क्षेत्र की ओर जाने वाली रात्रिकालीन स्लीपर बसें यात्रियों के साथ-साथ शत प्रतिशत मालवाहक



के रुप में संचालित हो रही हैं. यहां तक की सागर से दिल्ली की ओर जाने वाली छतरपुर बस ऑपरेटर की स्लीपर बस तो माल पर ही निर्भर हैं. इन बसों के कार्यालयों में दिन भर लोडिंग-अनलोडिंग के काम चलते रहते हैं तो कार्यालय से दी जाने वाली रसीद पर जीएसटी भी नहीं लगाया जाता है.

पिछले दिनों इंदौर से बनारस की ओर जाने वाली एक निजी यात्री बस के कार्यालय में तो माल की ही बुकिंग बड़ी संख्या में देखी गई.

## शराब के शौकीन आधा दर्जन देहात पुलिस ने पकड़े

**अशोकनगर।** देहात थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले आधा दर्जन शराब के शोकीनो पर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमल बालू, अमन बाल्मीक, आकाश बाल्मीक को इमली के पेड़ के नीचे इग्लखेड़ी से पकड़ा है। तो वहीं जगभान सिंह, यशपाल सिंह यादव एवं नरेश रजक को नया बस स्टेण्ड के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा है।

## एक नजर में



### इनर व्हील क्लब ने मनाया विश्व एड्स डे

**आष्टा.** इनर व्हील क्लब द्वारा ग्रीन फील्ड कॉलेज में विश्व एड्स डे पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. क्लब अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने एड्स के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि एड्स एक ऐसा विषय है जिसके बारे में खुलकर बात करना बहुत आवश्यक है, ताकि हम गलत धारणाओं को दूर कर सकें और अपने स्वास्थ्य की बेहतर तरीके से रक्षा कर सकें. कार्यक्रम में डॉ. दीपिका सुराना ने बताया कि विश्व एड्स दिवस का उद्देश्य एचआईवी के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है. इस मौके पर कॉलेज संचालक धर्मेंद्र गौतम, बबीता गौतम, पूजा शर्मा, कोमल विश्वकर्मा का शाल, माला पहनाकर स्वागत किया. अभियान में इनर व्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा पालीवाल, एडिटर अर्चना सोनी, आईएसओ जयश्री शर्मा, गीता सोलंकी, किरण रांका उपस्थित रही.



### नपा कार्यालय में गीता पाठ का सामूहिक वाचन

**सागर.** नगर पालिका परिषद मकरोनिया प्रांगण में भगवत गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक वाचन किया गया. कार्यक्रम की शुरुवात नगर पालिक परिषद मकरोनिया अध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की. पंडित जी के द्वारा गीता पाठ की महत्ता और उसके जीवन-दर्शन पर जानकारी दी. कार्यक्रम में पार्षद बलवंत सिंह ठाकुर, विवेक सक्सेना, राजा रिछारिया, निशांत आठिया, सोनू यादव, कमलेश कुशवाहा, बंटी राठौर, मकरोनिया स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रीमति संगीता सिंह, भगवान दास, पूनम साहू, बद्री विशाल साहू, सुधा शर्मा, उमा रजक, पुष्पा ठाकुर, सीएमओ पवन कुमार शर्मा, उपयंत्री वर्षा साहू उपस्थित रहीं.

### नेत्र शिविर आज

**गंजबासौदा,** स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन आज मंगलवार को मिल रोड स्तिथ सद्गुरु विज़न सेंटर पर किया जा रहा है,जिसमे मोतियाबिंद की जांच की जावेगी एवं दवाई नि:शुल्क एवम चश्मा फ्री वितरण किया जावेंगे ऑपरेशन के बाद मरीजों को ट्रस्ट द्वारा कम्बल भी वितरित किये जावेंगे .उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी .डॉ राजकरण वर्मा ने भी नगर के नागरिकों से निवेदन किया है.

### वार्ड 21 में जन स्वास्थ्य की अनोखी पहल

**पाथाखेड़ा।** सारनी नगर पालिका सरनी द्वारा महात्मा फुले वार्ड नंबर 21 में जन स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। वार्ड क्षेत्र में खुले पार्कों व सार्वजनिक स्थलों पर अलग-अलग प्रकार के व्यायाम यंत्र स्थापित किए गए हैं, जिससे अब बच्चे, महिलाएँ, बुज़ुर्ग एवं युवा सभी नि:शुल्क इनका लाभ उठा रहे हैं। शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखने

# मैरिज गार्डन संचालकों की मनमानी से बेबस सरकारी सिस्टम

नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 दिसम्बर,शहर में बिना अनुमति संचालित हो रहे मैरिज गार्डन लोगों के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं. इन गार्डनों में रात देर तक तेज डीजे और आतिशबाजी के कारण आसपास रहने वाले नागरिकों को शोर-शराबे से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई मैरिज गार्डन न तो निगम से संचालन की अनुमति लेते हैं और न ही निर्धारित नियमों का पालन करते हैं.**

निवासियों का कहना है कि अवैध रूप से चल रहे इन गार्डनों में



### अधिकांश गार्डनों में नहीं है मैरिज गार्डन

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन गार्डनों में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होती, जिसके चलते मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है. रात के समय शोर-शराबा इतना बढ़ जाता है कि बच्चों और बुज़ुर्गों की नींद तक खराब हो जाती है .हम लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं. रात को बहुत तेज आवाज़ रहती है, और सड़क पर गाड़ियाँ खड़ी कर देते हैं, जिससे आवागमन भी रुक जाता है .नियम के मुताबिक मैरिज गार्डन संचालित करने से पहले निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है.

पार्किंग व्यवस्था अक्सर अव्यवस्थित रहती है, जिससे मार्गों पर जाम की स्थिति बन जाती है.

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना परमिशन चल रहे मैरिज गार्डनों की जांच की जाए और नियमों का उल्लंघन कर रहे संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए. विदिशा शहर में कई ऐसे मैरिज गार्डन चल रहे हैं, जिन्हें न तो नगर पालिका की अनुमति मिली है और न ही ये निर्धारित नियमों का पालन करते हैं. बिना परमिशन चल रहे इन गार्डनों के कारण आसपास के रहवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है.



# अब होगी 47 हजार 572 मतदाताओं की तलाश

- मैपिंग से वंचित मतदाताओं को 16 दिसंबर के बाद देंगे नोटिस
- एसआईआर सर्वे शत-प्रतिशत करने पर कलेक्टर ने दी बधाई

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 दिसंबर. मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के दौरान हुए डोर टू डोर सर्वे में जिले में 47 हजार 572 मतदाता या तो मिले नहीं या फिर उनकी मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो पाई है. अब आगामी दिनों में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होने के बाद बीएलओ द्वारा मैपिंग से वंचित रहने वाले मतदाताओं की तलाश की जाएगी.**

डोर टू डोर सर्वे के दौरान जो लोग अपने पते पर नहीं मिले उनको यूईएफ श्रेणी में रखा गया है. अच्छी बात यह है कि तय समय सीमा यानि कि 4 दिसंबर से पहले ही चारों विधानसभाओं में डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हो गया है, लेकिन हकीकत यह है कि बीएलओ को अभी भी फुर्सत नहीं मिलेगी. उनका टास्क 47 हजार 572 लापता या मैप न हो पाए मतदाताओं के इस आंकड़े घटाना होगा. 16 दिसंबर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन होने के बाद उन लोगों को नोटिस जारी होंगे, जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई. उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिए दस्तावेज पेश करने होंगे.

### 14 फरवरी को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

प्रदेशभर में जल्दबाजी में कराए जा रहे एसआईआर के कारण कई बीएलओ की मौत हो गई। इसे लेकर चुनाव आयोग की भारी आलोचना भी हुई। अब जाकर इसका असर हुआ और एसआईआर की समय सीमा बढ़ा दी गई। अब गणना पत्रक भरने और डिजिटलाइजेशन का काम 11 दिसंबर तक किया जा सकेगा। पहले यह काम 4 दिसंबर तक करना था।

# चंदेरी इको रिट्रीट में रोमांच का अद्भुत संगम

## हॉट एयर बलून में बैठकर पर्यटकों को देखने मिल रहा ऐतिहासिक नगरी का नजारा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन एवं सनसेट डेज़र्ट कैंप के सहयोग से संचालित हो रहे चंदेरी इको रिट्रीट के तृतीय संस्करण में देशभर से आए पर्यटकों को नगर में इतिहास, हैंडलूम, संस्कृति और रोमांच का अभूतपूर्व संगम देखने को मिल रहा है।**

चंदेरी इको रिट्रीट में इस बार भी रोमांचक गतिविधियां सबसे बड़ा आकर्षण बनी हुई हैं। देशभर से आए पर्यटक एडवेंचर ज़ोन में संचालित गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। साथ ही पैरामोटरिंग और हॉट एयर बलून के माध्यम से ऐतिहासिक नगरी को आसमान से देखने का रोमांच प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही कटी घाटी की हरियाली और घाटीदार मार्गों पर एटीवी राइड्स से गति का रोमांच, जप्पलाइन से चंदेरी की प्राकृतिक वादियों के ऊपर उड़ान जैसा अनुभव मिल रहा है। प्रतिभागियों ने बताया कि एक ही स्थान पर इतिहास, प्रकृति और एडवेंचर का ऐसा संगम दुर्लभ है।

### एक स्थान पर मिल रहीं सारी सुविधाएं

चंदेरी ईको रिट्रीट देश-विदेश के पर्यटकों के लिये आदर्श स्थान बना होने के साथ ही एक स्थान पर अनेक सुविधाओं मिलने का स्थान बना हुआ। इसमें जहां लक्ज़री ग्लैम्पिंग - प्रकृति और आराम का अनोखा मेल है। तो वहीं कटी घाटी के पास स्थापित टेंट सिटी चंदेरी ईको रिट्रीट में मेहमानों को विश्वस्त्रीय ग्लैम्पिंग अनुभव, बघेलखंड और बुंदेलखंड के पारंपरिक व्यंजन का स्वाद भी मिल रहा है। साथ ही बच्चों के लिए समर्पित किड्स जोन इनडोर-आउटडोर गेम्स आदि शामिल है।

## गृह संपर्क अभियान

**सागर.** आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर महाकौशल प्रांत में गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया जा रहा है. जिले के 6 खंड तथा 4 नगर के 600 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 67 बस्तियों के सभी परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा. हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक तथा विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ टोली का निर्माण किया गया है, प्रत्येक टोली में 2-2 मातृशक्तियों को जोड़ा गया है. संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा, संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा.

**आरोप** वसूली से ज्यादा कर्मचारियों की पगार, प्रतिमाह दो लाख का होता है बंटवारा

# पांच साल से बाजार वसूली में चल रहा गड़बड़ घोटाला

नवभारत न्यूज

**सारणी, 1 दिसंबर. जिले की सबसे बडी नगरपालिका परिषद सारनी भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी के चलते हमेशा सुर्खियों मे बनी रहती है। नपा के कारनामो की परते रोजाना खुल रही है।**

इस बार साप्ताहिक बाजार एवं गुजरी वसुली मे करीबन पांच साल से गडबड घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि नपा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीन सप्ताहिक बाजार एवं गुजरी वसुली का ठेका प्रतिवर्ष 15 लाख के आसपास दिया जाता था। भाजपा शासित नपा में पांच




साल से बाजार वसूली का ठेका नहीं हुआ है। इसी वजह से बाजार एवं गुजरी की वसूली नपा के कर्मचारी कर रहे है। नपा के कर्मचारी तीनो साप्ताहिक बाजार की वसूली मात्र 25 से 26 हजार जमा कर रहे है, जबकि ठेकेदार के आदमी तीनो साप्ताहिक बाजार की वसूली 60 से 70 हजार करते थे। इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि बाजार वसूली में नपा का राजस्व अमला प्रतिमाह डेढ से दो लाख का गोलमाल कर रहे है। आरोप है कि बाजार वसूली की कमाई से अध्यक्ष, सीएमओ एवं बाजार वसूली में लगे कर्मचारी अपनी जेब भर रहे है। बताया जाता है कि साप्ताहिक बाजारों एवं गुजरी वसुली में लगे कर्मचारियों की पगार वसुली से ज्यादा है। बाजार वसूली ठेका प्रथा बंद करने के बाद परिषद स्वयं बाजार वसूली कर रही है। जिसमें गड़बड़ घोटाले के आरोप लग रहे है। सवाल यह उठता है कि कांग्रेस के पार्षद इस मामले मे क्यों चुप्पी साधे हुए है। इस मामले में कांग्रेस पार्षदो की भूमिका भी सवालों के घेरे में नजर आती है।

परिषद ने बाजार वसूली के ठेके पर रोक लगाकर नपा कर्मचारियों को वसूली की जिम्मेदारी दी है। तीनो साप्ताहिक बाजारों से कितनी वसूली हो रही है, इसकी जानकारी नहीं है।
**दशरथ सिंह जाट,** सभापति, राजस्व विभाग नपा सारनी

राजस्व विभाग दो माह पहले तक शाक्य साहब देखते थे। शाक्य के मुलताई सीएमओ बनने के बाद मुझे केवल फाइले साइन के लिए आती है। नपा कर्मचारी जशवंत विश्वकर्मा पूरा काम देखते है।
**सुखदेव भोरपी,** प्रभारी राजस्व विभाग, नपा सारनी

## आरोन-सिरोंज रोड पर मेटाडोर ने बाइक को मारी टक्कर दो घायल

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार मेटाडोर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फरियादी बाबूलाल बंजारा निवासी किटर्री सिमरोद ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा के लड़ दल्ला बंजारा के साथ मोटरसाइकिल से सतगुरु अस्पताल लटेरी जा रहा था। रात करीब 8 बजे जैसे ही उनकी बाइक एसएलबी धर्मकांटा, आरोन के सामने पहुंची, तभी धर्मकांटा की तरफ से आ रही मेटाडोर ने तेज और लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में बाबूलाल के सिर, हाथ, छाती और पैर में गंभीर चोटें आई.





# बेल्जियम से हारा भारत

## फाइनल मुकाबले में 1-0 से हराया, मिला रजत पदक

**इपोह (मलेशिया) 1 दिसम्बर. भारतीय हॉकी टीम रविवार को सुल्तान अजलान शाह कप 2025 के फाइनल मुकाबले में में बेल्जियम से 1-0 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा.**

आज यहां खेले गये खिताबी मुकाबले में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने (34वें) मिनट में मैच में एकमात्र गोल करके दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को अपनी पहली सुल्तान अजलान शाह कप ट्रॉफ़ी जीतने में मदद की. वे 2008 में टूर्नामेंट में अपनी पिछली एकमात्र मौजूदगी में छठे स्थान पर रहे थे. दुनिया की नंबर सात टीम भारत, जो छह साल के गैप के बाद सुल्तान अजलान शाह कप में लौटी थी. वह लगातार दूसरी बार उपविजेता रही. इससे पहले 2019 में भारत को दक्षिण कोरिया से फाइनल हार का सामना करना पड़ा था.

> रविवार के फाइनल में बेल्जियम ने शुरुआती गेम में दबदबा बनाया. यूरोपियन टीम ने ज़्यादा खतरनाक मौके बनाए और भारतीय डिफेंस को चौकन्ना रखा. अपने दबदबे के बावजूद, बेल्जियम पहले हाफ में बढ़त लेने में नाकाम रहा. जिसका बड़ा कारण शशिकुमार मोहित होनेनहल्ली और पवन दो भारतीय गोलकीपर के शानदार बचाव थे. मैच दोबारा शुरू होने के तुरंत बाद ही मुकाबला टूट गया जब थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने गोल करने अपनी टीम को बढ़त दिलाई और टीम ने उसे आखिर तक बनाये रखा. लगभग तुरंत ही दूसरी तरफ, भारत एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में नाकाम रहा. बेल्जियम को लगा कि उन्होंने 49वें मिनट में अपनी बढ़त 2-0 कर ली है, लेकिन स्टॉकब्रोक्स के पास से टॉम बून का शॉट खतरनाक खेल के कारण नामंजर कर दिया गया. हालांकि, आखिरी हूटर तक स्कोर 1-0 रहा, जिसमें भारतीय गोल में पवन ने कई शानदार बचाव करके भारत को आखिर तक दौड़ में बनाए रखा. इससे पहले दिन में, न्यूजीलैंड ने मलेशिया को 6-1 से हराकर कांस्य पदक जीता.

# सऊदी अरब ने भारत को 81-57 से किया पराजित

**चेन्नई, 01 दिसंबर.** भारतीय बॉस्केटबॉल टीम को फीबा विश्व कप 2027 क्वालिफायर के अपने दूसरे मुकाबले में सऊदी अरब से 81-51 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा.



**शुरुआती विंडो में भारत एक भी मैच नहीं जीत पाया**

**दूसरा विंडो कतर में 27 फरवरी से होगा**

चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में मुहम्मद-अली अब्दुर-रहकमान ने मेहमान टीम को गेम में सबसे अधिक 24 अंक दिलाए, जबकि कंवर संधू ने 19 अंक बनाकर भारत को लीड किया. सऊदी अरब ने जबरदस्त शुरुआत की, अली शुबैली ने लेअप और थ्री-पॉइंटर से स्कोरिंग शुरू की. भारत ने प्रिंस प्रणव के जम्पर और पलप्रीत सिंह बरार के लेअप से जवाब दिया, लेकिन मेहमान टीम ने जल्दी ही कंट्रोल कर लिया, और बिना जवाब दिए सात अंक लेकर पहला क्वार्टर 19-9 से आगे खत्म किया. दूसरे क्वार्टर में सऊदी अरब ने गेम पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली क्योंकि अब्दुर-रहकमान ने 11 अंक जोड़े, जिससे मेहमान टीम ने हाफटाइम तक अपनी बढ़त 43-21 कर ली. सऊदी अरब ने तीसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाए रखा, भारत को 25-15 से हराया और अंतर और बढ़ा दिया. मेहमान टीम ने आखिरी क्वार्टर में भी अपना दबदबा बनाये रखा और लगातार अंक जोड़ते हुए भारत को वापसी का कोई मौका नहीं दिया. भारत क्वालिफायर के शुरुआती विंडो में एक भी मैच नहीं जीत पाया है. अब उनका सामना दूसरे विंडो में 27 फरवरी को कतर से होगा. अफ्रीका, एशिया और ओशिनिया, यूरोप और अमेरिका की कुल 80 टीमें फीबा बास्केटबॉल वर्ल्ड कप 2027 में जगह बनाने के लिए छह क्वालिफिकेशन विंडो में मुकाबला कर रही हैं. भारत, लेबनान, सऊदी अरब और कतर के साथ एशिया और ओशिनिया क्षेत्र में ग्रुप डी का हिस्सा है.

## हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों से पद छोड़ा

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.** भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने फैसले पर हरेंद्र सिंह ने कहा, 'भारतीय महिला हॉकी टीम को कोचिंग देना मेरे लिए एक खास मौका रहा है, जो मेरे करियर का सबसे खास पल रहा है। हालांकि निजी कारणों से मुझे पद छोड़ना पड़ रहा है, लेकिन मेरा दिल इस शानदार टीम और उनकी लगातार सफलता के साथ है। मैं हॉकी इंडिया के साथ अपने सफर को हमेशा याद रखूंगा और इंडियन हॉकी को कामयाबी के सबसे ऊंचे लेवल पर ले जाने की उनकी कोशिशों को सपोर्ट करता रहूंगा।

# फुटबॉल में रुकावट को खत्म करने 3 को बैठक

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.** खेल मंत्रालय ने फुटबॉल की मौजूदा रुकावट को खत्म करने के लिए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) और आई-लीग क्लबों समेत सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ तीन दिसंबर को बैठक बुलाई हैं।

ऐसा माना जा रहा है कि केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। इसको लेकर खेल मंत्रालय ने सोमवार को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन को एक पत्र जारी किया है। मंत्रालय के पत्र में कहा गया, 'इस मामले पर असरदार तरीके से बातचीत के लिए सभी संबंधित स्टेकहोल्डर्स -आईएसएल क्लब, संभावित



कमर्शियल पार्टनर्स, एफएसडीएल , ब्रॉडकास्टर्स और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, आई-लीग और लोअर डिवीजन क्लब्स वगैरह की मौजूदगी जरूरी होगी। ' इंडियन फुटबॉल हाल के सालों में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है, क्योंकि एआईएफएफ के प्रमुख और अध्यक्ष कल्याण चौबे व्यवसायिक साझेदारे ढूंढने में विफल रहे है जिससे देश की प्रीमियर लीग आईएसएल और दूसरे सभी घरेलू टूर्नामेंट का संचालन सुनिश्चत होता। एआइएफएफ का अपने मौजूदा पार्टनर, फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड ( एफएसडीएल) के साथ 15 साल का व्यवसायिक अनुबंध आठ दिसंबर, 2025 को खत्म हो रहा है। कई मीटिंग के बावजूद एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच अनुबंध को आगे बढ़ाने की बातचीत नाकाम रही।


> उल्लेखनीय है कि जब एआईएफएफ और एफएसडीएल समेत कई स्टेकहोल्डर्स ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, तो अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने एआईएफएफ को जस्टिस (रिटायर्ड) एल एन राव की देखरेख में एक व्यवसायिक साझेदार के लिए बोलियां मंगाने के लिए एक नया टेंडर जारी करने का आदेश दिया। हालांकि, यह कोशिश नाकाम रही, क्योंकि एआईएफएफ द्वारा लगाई गई बोली के लिए कोई तैयार नहीं हुआ, जिसमें हर साल कम से कम 37 .5 करोड़ रुपये की गारंटी थी। यह मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में उठा, जिसने 21 नवंबर को खेल मंत्रालय से इस मामले को देखने को कहा।

## एक नजर में




### हमें इस रन चेज पर गर्व है : मारक्रम

**रांची.** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम ने कहा कि अपने खिलाड़ियों को विश्वास के साथ खेलते हुए देखकर अच्छा लगा. भारत के खिलाफ 17 रनों से मिली हार के बाद एडन मारक्रम ने कहा, हमें इस चेज़ पर गर्व है. अपने खिलाड़ियों को अपना खेल खेलते हुए और विश्वास ना खोते हुए देखना बहुत अच्छा लगा. हम सब अंदर से जीत की उम्मीद लगाए हुए थे. शीर्षक्रम का जल्दी आउट होना मैच का निर्णायक पल था. फिर भी लगा कि जीतने का सबसे अच्छा तरीका चेज़ करना ही है, लेकिन शीर्षक्रम के विकेट जल्दी गिर गए. कुछ छोटी-छोटी बातें हैं, जिनमें हमें थोड़ा और अच्छा करना होगा. सबसे स्पष्ट दिखाई देने वाली बात यह है कि शीर्षक्रम स्विंग होती गेंद को अच्छे से खेलकर निकल जाए. इसी तरह फील्डिंग में भी हमें कुछ चीजे बेहतर करनी होगी. बॉश और यानसन हमें नीचे तक बल्लेबाज़ी की क्षमता देते हैं. उन्होंने हाल ही में बल्ले के साथ अच्छा किया है. हम स्मार्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं.



### स्कोप ने फ्रेंड्स 11 को 87 रन से हराया

**भोपाल.** सेज कप खेल संदेश कल्याण समिति और सेज यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट के फाइनल मैच में स्कोप यूनिवर्सिटी ने अभिषेक गिरी 42 रन, मोहित झाबा 37 रन और राहुल पिल्ले 29 रन की पारी के बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 142 रन बनाये. फ्रेंड्स- 11 की तरफ से अंकित शर्मा ने 3, विशाल कहार और दीपक मालवीय ने 2-2 विकेट लिए, जबकि मोहित ने 1 सफलता हासिल की. जवाबी पारी खेलने उतरी फ्रेंड्स 11 की टीम 14 .2 ओवर में मात्र 55 रनों पर ढेर हो गई, उनकी ओर से हातम ने सर्वाधिक 18 रनों की पारी खेली. इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सका. स्कोप की ओर से अमान मो. खान ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए. जबकि अमित शर्मा ने 3 विकेट चटकाए. इनके अलावा जीशान अली, विक्रांत कोरी, मोहित झाबा को 1-1 सफलता मिली. मैन ऑफ द मैच अमान मो. खान को खेल संदेश कल्याण समिति की ओर से 5000/- का चेक प्रदान किया गया.

### खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**चम्पावत.** उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को चंपावत जिले की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को पदक एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इनमें प्रिंस खोलिया (कांस्य), दीपांशु जोशी ( सिल्वर), अक्षत बोहरा (कांस्य), अंशिका धामी (नॉर्थ इंडिया स्वर्ण पदक) और हर्षित थापा (जूनियर नेशनल कांस्य पदक) शामिल हैं। इसके साथ ही अर्जुन सिंह एवं तुषार भट्ट का नेशनल प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होने और प्रशिक्षक ललित कुंवर और विजय रावत को भी सम्मानित किया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मुख्य सचिव ने बूम फॉरेस्ट गेस्ट हाउस परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधा रोपण किया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि खेल और पर्यावरण—दोनों ही समाज को नई दिशा देते हैं, इसलिए युवाओं को स्वस्थ वातावरण और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# पैनासोनिक ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर. विद्युत उपकरण कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने प्रसिद्ध क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को भारत में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है.**

- **उक्त साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिम्ब : : तदाशी**
- **हम भारत में नया अध्याय लिखने की उम्मीद करते हैं**

कंपनी का मानना है कि धोनी के पैनासोनिक परिवार से जुड़ने से देशभर में उपभोक्ताओं के बीच ब्रांड की पहचान और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा. धोनी का स्वागत करते हुए पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के प्रबंध निदेशक तदाशी चिबा कहा, यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिंब है. पिछले 100 से अधिक वर्षों से पैनासोनिक वैश्विक स्तर पर विश्वसनीयता, नवाचार और सार्थक योगदान का प्रतीक रहा है, और हम इन्हीं मूल्यों को भारत में और मजबूत कर रहे हैं. धोनी का शांत नेतृत्व और भरोसेमंद प्रदर्शन इस भावना को दर्शाता है. धोनी सिर्फ स्टार पावर ही नहीं, बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं से गहरा जुड़ाव भी लाते हैं. हम मिलकर भारत में पैनासोनिक की यात्रा का एक यादगार अध्याय लिखने की उम्मीद करते हैं.




> महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, मेरे लिए यह साझेदारी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह साझा मूल्यों को दर्शाती है - विश्वास, विश्वसनीयता, समाज के प्रति योगदान और लगातार बेहतर बनने की इच्छा. मैं ऐसे ब्रांड से जुड़कर गर्व महसूस करता हूं जो नवाचार को अपनाता है और साथ ही विश्वास की अपनी बुनियादी सोच को बनाए रखता है.

## हरमनप्रीत बनीं पीएनबी की ब्रांड एंबेसडर

**नयी दिल्ली 01 दिसंबर.** पंजाब नेशनल बैंक ने सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना पहला महिला ब्रांड एंबेसडर बनाया है। यह घोषणा बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय में 'बैंकिंग ऑन चैंपियंस' थीम के तहत समारोह में हुई। इस अवसर पर हरमनप्रीत कौर को उनके नाम और नंबर वाली एक फ्रेमयुक्त पीएनबी जर्सी, साथ ही एक कस्टम-उत्कीर्णित पीएनबी बैट भेंट किया गया। इस अवसर पर सचिव एम. नागराजू ने कहा, 'हरमनप्रीत कौर ने पहली बार विमेंस क्रिकेट टीम को विश्व कप जिताकर भारत को गौरवान्वित किया है.

# लोस ने दी महिला खिलाड़ियों को बधाई

**नयी दिल्ली, 1 दिसंबर.** लोकसभा ने महिला क्रिकेट विश्वकप, दिव्यांग महिला टी-20 विश्व कप और कबड्डी विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों की सराहना की.

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सदन में भारत की महिला खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख किया. उन्होंने कहा, यह संपूर्ण देश के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान का विषय है कि भारत की महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर महिला क्रिकेट 2025 विश्वकप जीत लिया है. उन्होंने कहा कि साथ ही हमारे लिये यह भी बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने नेपाल को हराकर पहला टी20 महिला क्रिकेट विश्वकप जीता है.



> श्री बिरला ने कहा, हमें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है. इन युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, दृढ संकल्प, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए यह असाधारण सफलता प्राप्त की है. हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन न केवल केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाता है बल्कि हमारे एथलीटों की सामूहिक शक्ति, संकल्प और समर्पन को भी दर्शाता है.



### विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2027

# न्यूजीलैंड शुरुआत मजबूती से करने उतरेगा

**क्राइस्टचर्च, 01 दिसंबर. न्यूजीलैंड की टीम मंगलवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के चरण की शुरुआत जबरदस्त तरीके से करने मैदान में उतरेगी.**

- **न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला मैच आज से**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 की चैंपियन न्यूजीलैंड अकेली ऐसी टीम है जिसने अभी तक नए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण का कोई भी टेस्ट मैच नहीं खेला है. न्यूजीलैंड क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होने वाली तीन-टेस्ट सीरीज के पहले मुकबाले में कैरेबियाई टीम खिलाफ अपना अंक हासिल करने उतरेगा.

> **टीमें**
>
> **न्यूजीलैंड-** टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फाउल्केस, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, केन विलियमसन और विल यंग.
>
> **वेस्टइंडीज-** रोस्टन चेज़ (कप्तान), जोमेल वारिकन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंपबेल, टैगेनारिन चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, कावेम हॉज, शाई होप, टेविन इमलाच, ब्रैंडन किंग, जोहान लेने, एंडरसन फिलिप, केमर रोच, जेडन सील्स और ओजय शील्ड्स.

**विराट का मंत्र** — रांची में मैं जल्दी आया, ताकि यहां की परिस्थितियों को समझ सकूं

# मैं 120 प्रतिशत तैयारी के साथ मैदान में उतरता हूं

**रांची 01 दिसंबर. भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 रनों की जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारतीय टीम के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि मैं किसी भी मैच के लिए 120 प्रतिशत तैयारी के साथ मैदान में उतरता हूं.**

17 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में 300 से अधिक एकदिवसीय और 220 से ज्यादा अन्य प्रारुपों के मैच खेलने के बावजूद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पहले वनडे से काफी पहले रांची पहुंच गए थे. वनडे के महान खिलाड़ियों में से एक और इतना अनुभवी होने के बाद भी उन्होंने हालात को समझने के लिए कुछ अतिरिक्त बल्लेबाजी अभ्यास किया. उनका मंत्र वही पुराना था, अपना 120 प्रतिशत देना. इसका नतीजा रहा एक शानदार वनडे शतक और उनके करियर का 52वां, जिसने भारत को पहले वनडे में 17



रन की जीत दिलाई.

वनडे में अपना 44वां प्लेयर ऑफ द मैच मिलने के बाद रविवार को कोहली ने कहा, मैं पहले भी कह चुका हूं कि अगर मैं कहीं मैच के लिए पहुंच रहा हूं तो मैं 120 प्रतिशत तैयारी के साथ पहुंचता हूं. मैं यहां जल्दी आया ताकि यहां की परिस्थितियां समझ सकूं. दिन में दो बल्लेबाजी सत्र और शाम का एक सत्र करूं, जिससे मेरी तैयारी पूरी हो जाए. मैच से एक दिन पहले मैंने आराम किया क्योंकि मैं 37 साल का हूं और रिकवरी भी जरूरी है. मैं मैच को अपने दिमाग में बहुत विजुलाइज करता हूं और मुझे लगता है कि मैं उतना ही शार्प, इंटेंस हूं कि फील्डर्स और तेज गेंदबाजो को चुनौती दे सकता हूं.

उन्होंने कहा. मैच में ऐसे उतरकर बहुत अच्छा लगा. पिच पहले 20-25 ओवर काफी अच्छी थी, फिर थोड़ी धीमी होने लगी. मैंने बस सोचा कि मैदान में जाऊं और गेंद को मारूं. क्रिकेट खेलने का असली कारण उसका लुत्फ उठाना होता है और मुझे वही महसूस करना था. जब शुरुआत मिल गई और स्थिति बनी, तो इतने सालों का अनुभव काम आया और पता चला कि कैसे पारी को आगे बढ़ाना है.

### खराब फार्म हो तो मैचों की जरुरत पड़ती है

भारत ने पहले बल्लेबाजी की और यशस्वी जायसवाल 18 रन पर आउट हुए तो चौथे ओवर में कोहली बल्लेबाजी करने आए और रोहित शर्मा के साथ एक बेहतरीन शतकीय साझेदारी बनाई . उन्होंने 48 गेंदों में अर्धशतक, 102 गेंदों में शतक और 120 गेंदों में 135 रन बनाए, जिसमें सात छक्के शामिल थे. यह वनडे में उनके करियर में सिर्फ पांचवीं बार है, जब उन्होंने एक मैच में पांच से अधिक छक्के मारे. भारत ने रांची में भरे हुए स्टेडियम के सामने 349 रन बनाए. यह उनका इस साल का दूसरा वनडे शतक था. पहला उन्होंने दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था. उन्होंने कहा, जब आप 300 के करीब वनडे और 15-16 साल में इतना क्रिकेट खेल चुके होते हैं, तो बस यह जरूरी है कि आप खेल से जुड़े रहें. अगर आप नेट्स में डेढ़-दो घंटे बिना रुके बल्लेबाजी कर सकते हैं, तो सब ठीक है. अगर फॉर्म खराब हो तो मैचों की जरूरत पड़ती है. पर जब तक आप गेंद अच्छे से मार रहे हों और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हों, तो मेरे अनुभव में सब कुछ फिटनेस, मानसिक तैयारी और खेलने का उत्साह संभाल लेता है. उन्होंने कहा, मैं बहुत ज्यादा तैयारी में भरोसा नहीं करता. मेरा क्रिकेट हमेशा मानसिक रहा है. मैं मानसिक रूप से तैयार और शारीरिक रूप से मजबूत रहूं, इसके लिए रोज मेहनत करता हूं. यह क्रिकेट से नहीं, मेरी लाइफस्टाइल से आता है. जब फिटनेस और मानसिकता सही हो, और दिमाग में खेल साफ दिखे, तो एक दिन शुरुआत मिलते ही रन स्वयं आ जाते हैं.

# सिगरेट-गुटखा की कीमतों में राहत नहीं

**टैक्स कटौती बेअसर-तंबाकू फिर भी रहेगा महंगा**

**जीएसटी सेस हटेगा, नया सेस लगेगा-कीमतें जस की तस**

**नई दिल्ली 01 दिसंबर. सरकार तंबाकू और सिगरेट जैसी सिन गुड्स को सस्ता होने से रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है. जीएसटी के तहत लगने वाला कम्पेंसेशन सेस अब समाप्त हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सिगरेट, गुटखा या पान मसाला की कीमतों में कोई राहत मिलेगी.**

इसके बजाय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद के शीतकालीन सत्र में एक नया 'हेल्थ एंड सिक्योरिटी सेस' बिल पेश करने जा रही हैं, ताकि इन उत्पादों की मौजूदा कीमतें बरकरार रहें और लोगों को इनके सेवन से दूर रखा जा सके. सरकार का स्पष्ट संदेश है-तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, इसलिए इसे सस्ता नहीं होने दिया जाएगा. इस नए सेस से प्राप्त राजस्व को डिफेंस और सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं में खर्च किया जाएगा. पड़ोसी देशों के साथ बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार इन उत्पादों पर पहले जैसी ही सख्ती बनाए रखना चाहती है. यानी टैक्स स्ट्रक्चर बदलेगा, लेकिन जेब पर बोझ नहीं. सरकार जल्द ही तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी और पान मसाले पर नया सेस लगाने की तैयारी कर रही है.

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह सिर्फ कमाई का तरीका नहीं है; यह पब्लिक हेल्थ के हित में एक ठोस नीति है. सिगरेट पर अभी 5 प्रतिशत से 64प्रतिशत तक साथ भारी कम्पेंसेशन सेस लगता है. नया सेस भी लगभग समान स्तर पर रखा जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की कीमत गिरावट को रोका जा सके.



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में वह विधेयक पेश करेंगी, जिसे जीएसटी कम्पेंसेशन सेस के स्थान पर लागू किया जाएगा. 2017 में जीएसटी लागू होने के साथ यह सेस राज्यों को 14प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व देने के लिए लगाया गया था, लेकिन कोरोना के बाद राजस्व असंतुलन बढ़ने से इसे 2026 तक बढ़ाना पड़ा. अब, जब यह अवधि घटाई जा रही है, सरकार तंबाकू उत्पादों पर नई संरचना लागू करना चाहती है. नया 'हेल्थ एंड सिक्योरिटी सेस' केवल राजस्व का स्रोत नहीं होगा, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी देगा-कि तंबाकू जैसे हानिकारक उत्पाद को सस्ता नहीं किया जाएगा.

## पैनासोनिक ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर



**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने दुनिया भर में कैप्टन कूल के नाम से मशहूर पूर्व भारतीय कप्तान और युवाओं के पसंदीदा महेंद्र सिंह धोनी को देश में अपने एयर कंडीशनर पोर्टफोलियो का नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है. कंपनी नें बताया धोनी निरंतरता, संयम और उच्च क्षमता वाले प्रदर्शन के प्रतीक हैं. उनके पैनासोनिक परिवार से जुड़ने से देशभर में उपभोक्ताओं के बीच ब्रांड की पहचान और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा. धोनी के कंपनी के साथ जुड़ने पर पैनासोनिक लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तदाशी चिबा ने कहा, यह साझेदारी साझा मूल्यों का प्रतिबिंब है.

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटी



**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर. बिजली उत्पादन और खनन में गिरावट के कारण अक्टूबर में देश के औद्योगिक उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो 14 महीने का निचला स्तर है. अगस्त 2024 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 4.45 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी थी. इस साल सितंबर में औद्योगिक उत्पादन 4.6 प्रतिशत और पिछले साल अक्टूबर में 3.7 प्रतिशत बढ़ा था.**

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वार सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि नवंबर में बिजली उत्पादन 6.9 प्रतिशत घट गया. एक साल पहले इसमें दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी. खनन में भी 1.8 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि पिछले साल 0.9 फीसदी की वृद्धि हुई थी. वहीं, विनिर्माण की वृद्धि दर एक साल पहले के 4.4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत रह गयी. पूरे वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल से अक्टूबर के बीच औद्योगिक उत्पादन 2.7 प्रतिशत बढ़ा है. पिछले साल इसी अवधि में यह चार प्रतिशत ऊपर रहा था. इस दौरान, खनन में 1.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है जबकि बिजली उत्पादन सपाट रहा था यानी पिछले साल के स्तर पर ही रहा था. विनिर्माण की वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत पर स्थिर रही. विनिर्माण के तहत 23 औद्योगिक समूहों में से नौ में अक्टूबर में उत्पादन बढ़ा है, जबकि अन्य में घटा है. प्रमुख धातुओं का विनिर्माण 6.6 प्रतिशत, कोयला और शोधित पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन 6.2 प्रतिशत और मोटर वाहनों, ट्रेलर तथा सेमी-ट्रेलर का 5.8 प्रतिशत बढ़ा है.



# विमान ईंधन 5 .5 प्रतिशत महंगा, वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर सस्ता

**विमान ईंधन की कीमत 5133 .75 रुपये बढ़कर 99,676 .77 रुपये**

**14 .2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है**

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर.तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार से विमान ईंधन के दाम करीब 5.5 प्रतिशत बढ़ा दिये हैं जबकि 19 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की गई है. देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में आज से विमान ईंधन की कीमत 5133.75 रुपये बढ़कर 99,676.77 रुपये प्रति किलोलीटर हो गयी है.**

इससे पहले नवंबर में कीमत 0.83 प्रतिशत बढ़कर 94,543.02 रुपये प्रति किलोलीटर रही थी. अक्टूबर में भी इसकी कीमत तीन प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी थी. कोलकाता में आज से विमान ईंधन 4.94 प्रतिशत महंगा होकर 1,02,371.02 रुपये प्रति किलोलीटर मिलेगा. मुंबई में इसकी कीमत 5.46 फीसदी और चेन्नई में 5.31 फीसदी बढ़ाकर क्रमश- 93,281.04 रुपये और 1,03,301.80 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गयी है. वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार दूसरे महीने कटौती की गयी है जबकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू सिलेंडर में कोई बदलाव नहीं किया गया है.

दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर आज से 10 रुपये सस्ता हो गया है. नवंबर में यह पांच रुपये सस्ता हुआ था. अब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 1,580.50 रुपये का मिलेगा. कोलकाता में भी इतनी ही कटौती के साथ इसकी कीमत 1,684 रुपये कर दी गयी है. मुंबई और चेन्नई में इसकी कीमतों में 10.50 रुपये की कटौती की गयी है.

तेल विपणन कंपनियां अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में हुए बदलावों तथा डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर के आधार पर रसोई गैस और विमान ईंधन के दामों की हर महीने समीक्षा करती हैं और आम तौर पर हर महीने की पहली तारीख से नयी कीमतें लागू कर दी जाती हैं.

# सोना-चांदी के दामों में आई जबरदस्त तेजी

**नई दिल्ली, 01 नवबंर. चढ़कर 1,28,602 पर पहुंच गया. वहीं चांदी 9,381 उछलकर 1,73,740 प्रति किलो हो गई. लगातार तीसरे महीने गोल्ड और सिल्वर मार्केट में तेजी की लहर बनी हुई है. इसके साथ ही इस साल सोने की कीमतों में कुल 52,440 की बढ़त और चांदी में 87,723 की उछाल देखने को मिल चुकी है.**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर इंडेक्स के कमजोर होने, केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की लगातार खरीद और क्रिप्टो मार्केट की अनिश्चितता ने निवेशकों को सुरक्षित जगह की तरफ धकेला है. शादी के सीजन की मांग ने भी घरेलू बाजार में तेजी को बढ़ावा दिया है. विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव, महंगी होती कमोडिटी और केंद्रीय बैंकों का रवैया इस तेजी को और आगे बढ़ा सकता है. केडिया एडवाइजरी के मुताबिक इस साल सोना 1.35 लाख प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है. सोने और चांदी के दामों में सोमवार को भारी तेजी देखी गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताज़ा दरों के अनुसार 10 ग्राम सोना आज 2,011 चढ़कर 1,28,602 पर पहुंच गया, जबकि चांदी 9,381 बढ़कर 1,73,740 प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची. यह तेजी अक्टूबर में बने ऑल-टाइम हाई के बाद एक बार फिर नए रेंज की तरफ इशारा कर रही है.

# धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हासिल की वैश्विक उपलब्धि

**मुबंई, 01 दिसबंर. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने हासिल की महत्वपूर्ण वैश्विक उपलब्धि; गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारी का नया मानक स्थापित किया- यह अस्पताल हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी के लिए ज्वाइंट कमीशन इंटरनेशनल द्वारा विशेष मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है.**

इस सर्टिफिकेशन ने यह स्थापित कर दिया है कि मुंबई का यह अस्पताल न केवल सामान्य संचालन में मजबूत और लचीला है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित जोखिमों के प्रबंधन के लिए भी विश्व स्तर के मानकों का पालन करता है, जिससे वह इस क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बन गया है.



कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कार्यकारी निदेशक, डॉ. संतोष शेट्टी ने वित्तीय और रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला, यह सर्टिफिकेशन हमारे मूल विश्वास को दर्शाता है कि स्थिरता बेहतर क्लिनिकल परिणामों और मजबूत संचालन प्रदर्शन दोनों को संभव बनाती है. हमारा 2030 सस्टेनेबिलिटी रोडमैप (कार्ययोजना) ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन, कम उत्सर्जन के लिए काम आने वाली सामग्रियों और जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर केंद्रित है. ये निवेश लंबी अवधि के लागत दबावों को कम करने, मरीज की सुरक्षा में सुधार करने और बढ़ते जलवायु अस्थिरता का सामना कर रहे शहर में व्यावसायिक निरंतरता को मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं.

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट ने घोषणा की है कि उनके मुंबई के अस्पताल को अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल ने इंटरनेशनल हॉस्पिटल फेडरेशन के जिनेवा सस्टेनेबिलिटी सेंटर के साथ साझेदारी में हेल्थकेयर सस्टेनेबिलिटी प्रोग्राम के लिए सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन से सम्मानित किया है. यह प्रतिष्ठित और बहुत ही मूल्यवान सम्मान प्राप्त करके, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इस कठोर वैश्विक मानक को पूरा करने वाला भारत का पहला और विश्व का पांचवां अस्पताल बन गया है. यह उपलब्धि अस्पताल की स्थिरता पहलों और पर्यावरण-अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

# वाहनों की हो रही बंपर बिक्री

**नयी दिल्ली, 01 दिसंबर. वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कटौती के बाद नवंबर में लगातार दूसरे महीने वाहनों की बंपर बिक्री हुई और देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी ने मासिक बिक्री का नया कीर्तिमान स्थापित किया.**




मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को बताया कि नवंबर में उसने कुल 2,29,021 यात्री वाहन बेचे जो मासिक बिक्री का नया रिकॉर्ड है. इसमें घरेलू बाजार में उसने अपने 1,74,593 बेचे जो नवंबर 2024 के मुकाबले 21 प्रतिशत अधिक है. उसने साझेदार कंपनी के 8,371 वाहन बेचे. साथ ही 46,057 वाहनों का रिकॉर्ड निर्यात किया.

निर्यात समेत उसकी कुल बिक्री में 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है. महिंद्रा एंड महिंद्रा की कुल बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 92,670 इकाई पर पहुंच गयी.

# जीडीपी के मजबूत आंकड़ों से बाजार शिखर पर

**359 अंक की बढ़त पर रहा सेंसेक्स**

**122 अंक पर चढ़ा निफ्टी**

**मुंबई, 01 दिसंबर. सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से सोमवार को शुरुआती कारोबार में शेयर बाजारों में अच्छी तेजी देखी गयी और सेंसेक्स तथा निफ्टी-50 सूचकांक नये शिखर पर पहुंच गये.**



सेंसेक्स 359.25 अंक की बढ़त में 86,065.92 अंक पर खुला और 86,159.02 अंक तक पहुंच गया जो इसका उच्चतम स्तर है. खबर लिखे जाते समय यह 251.66 अंक (0.29 प्रतिशत) ऊपर 85,958.33 अंक पर था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 122.85 अंक चढ़कर 26,325.80 अंक पर खुला जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है. खबर लिखे जाते समय 70.05 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त में 26,273 अंक पर था. पिछले सप्ताह शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गयी. इससे पहले पहली तिमाही में भी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही थी. अनुमान से कहीं ज्यादा मजबूत आंकड़े आने से निवेशक उत्साहित हैं. ऑटो, बैंकिंग, वित्त, आईटी और धातु समूहों के सूचकांक हरे निशान मे रहे.

## विनिर्माण की रफ्तार नवंबर में पड़ी सुस्ता

**मुंबई, 01 दिसंबर.** देश के विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार नवंबर में सुस्त पड़ गयी और एचएसबीसी द्वारा सोमवार को जारी विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक घटकर 56.6 रह गया. अक्टूबर में विनिर्माण पीएमआई 59.2 दर्ज किया गया था. गिरावट के बावजूद नवंबर में गतिविधियों में अच्छी तेजी रही और सूचकांक दीर्घावधि औसत 54.2 से ऊपर बना हुआ है. सूचकांक का 50 से ऊपर होना गतिविधियों में तेजी और इससे नीचे होना गिरावट को दर्शाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता दिखाता है.

## समाचार विशेष

# राजनाथ के यहां लंच, नड्डा के घर डिनर

## दिल्ली में भाजपा-एनडीए की राजनीतिक हलचल तेज

**नई दिल्ली. बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद भारतीय राजनीति में हलचल थमने का नाम नहीं ले रही. जहाँ सत्ता पक्ष इस विजय को राष्ट्रीय जनमत के रूप में प्रस्तुत कर रहा है, वहीं विपक्ष का संकट और गहराता दिखाई देता है. इसी बीच कांग्रेस के भीतर खुले असंतोष ने पार्टी नेतृत्व की कमजोर पकड़ को उजागर कर दिया है.**

बिहार में चुनावी नतीजों के बाद कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने जहां हार पर गहरी निराशा जताई, वहीं वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने खुलकर केंद्रीय नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन भाजपा की मेहनत के सामने कहीं नहीं था. यही नहीं, राशिद अल्वी ने राहुल गांधी को




अप्राप्य बताते हुए पार्टी की कमान प्रियंका गांधी वाड्रा को सौंपने की वकालत तक कर डाली. राशिद अल्वी ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर सवाल दागते हुए कहा, राहुल गांधी से मिलना आसान नहीं है, पार्टी को सुधारना है तो प्रियंका गांधी को कमान दें. यही बात पहले भी कई नेता कह चुके हैं कि राहुल गांधी से मुलाकात का समय नहीं मिलता और समय मिलता भी है तो राहुल गांधी मुलाकात के समय बात सुनने की बजाय कुत्ते को बिस्किट खिलाने में व्यस्त रहते हैं.

दूसरी ओर, इसी राजनीतिक पृष्ठभूमि के बीच संसद के शीतकालीन सत्र से पहले एनडीए की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर एक अहम बैठक हुई. इसमें भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडविया, मनोहर लाल खट्टर सहित कई मंत्री उपस्थित रहे. जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह की उपस्थिति ने इस बैठक को और राजनीतिक महत्व प्रदान किया. बैठक का एजेंडा स्पष्ट था- एनडीए को एकजुट रखते हुए सत्र में विपक्ष को रणनीतिक रूप से घेरना और बिहार की जीत को एक बड़े राजनीतिक संदेश में बदलकर आगे की चुनावी तैयारी में गति देना.

## निकाय चुनाव में भावनात्मक मुद्दों की भरमार

**मुंबई.** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनाव हो रहे हैं. हालांकि उसके नतीजे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अधीन होंगे क्योंकि सर्वोच्च अदालत में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण देने का मामला विचारधीन है. लेकिन दो दिसंबर को होने वाले चुनावों से पहले खूब भावनात्मक मुद्दे उछाले जा रहे हैं. हिंदी भाषी लोगों के साथ मारपीट का काम उद्धव ठाकरे की शिव सेना और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की मनसे कर रहे हैं. इसके बाद मनसे और भाजपा दोनों ने नाम बदलने का भावनात्मक मुद्दा भी उठा लिया है.

# राहुल गांधी की नियुक्तियों पर विवाद

**नई दिल्ली. कांग्रेस पार्टी में नियुक्तियों का दो सिस्टम है. एक है प्रादेशिक क्षत्रपों की सहमति से नियुक्ति का और दूसरा है राहुल गांधी की कोर टीम की मनमाने तरीके से नियुक्ति का. जहां भी प्रादेशिक क्षत्रपों की सहमति से नियुक्ति हुई है वहां सब कुछ ठीक चल रहा है या ठीक चलता दिख रहा है. चुनाव तो पार्टी वहां भी नहीं जीत रही है लेकिन सार्वजनिक विवाद नहीं हो रहे हैं.**

जिन राज्यों में कांग्रेस का आधार खत्म हो गया है वहां भी किसी को बना देन पर कोई विवाद नहीं होता है. जैसे उत्तर प्रदेश में अजय राय अध्यक्ष हैं तो उनका होना न होना कोई मायने नहीं रखता है. सबको पता है कि कोई फैसला करना होगा तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सीधे अखिलेश यादव से बात करेंगे या प्रभारी अविनाश पांडे के जरिए बात होगी. लेकिन जहां पार्टी का कुछ आधार है या पार्टी के पास अच्छे नेता हैं वहां



मनमाने तरीके से हुई नियुक्तियों का विरोध हो रहा है. जहां सहमति से नियुक्ति हुई है, जैसे हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विधायक दल का नेता बनाने के बाद नरेंद्र यादव को अध्यक्ष बनाया गया तो सब ठीक है. ऐसे ही हिमाचल प्रदेश में विनय कुमार को बनाया गया है तो प्रतिभा सिंह और सुखविंदर सिंह सुक्खु दोनों खेमे संतुष्ट हैं. लेकिन महाराष्ट्र में हर्षवर्धन सपकाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का फैसला किसी के गले नहीं उतर रहा है. वहां कांग्रेस के पास दर्जनों बड़े नेता हैं, जिनके पास अपना आधार है. उनमें से किसी को बनाने पर खींचतान चलती, गुटबाजी होती लेकिन पार्टी के पास एक आधार होता. पर सपकाल को बनाने के बाद कांग्रेस अपना आधार तेजी से खो रही है.

### सबसे ज्यादा विरोध बिहार की नियुक्तियों का

इससे पहले जम्मू कश्मीर में तारिक हमीद कारा को अध्यक्ष बनाने के फैसले का भी भारी विरोध हुआ था. लेकिन कांग्रेस नेताओं के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी. चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह से हारी तो गुलाम अहमद मीर को विधायक दल का नेता बना दिया गया. झारखंड के प्रभारी रहते उन पर कई गड़बड़ियों के आरोप लगे थे. लेकिन पार्टी जीत गई तो उनको पश्चिम बंगाल का प्रभारी बना दिया गया. सबसे ज्यादा विरोध बिहार की नियुक्तियों का हो रहा है. चुनाव से पहले ही विरोध शुरू हो गया था लेकिन अब तो खुल कर पार्टी के नेता लड़ने लगे हैं. पार्टी के कई नेता दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं और राहुल गांधी से मिलने की मांग कर रहे हैं.

**विशेष** — कई शीर्ष नेताओं को दी जिम्मेदारी

# कमल खिलाने के लिए भाजपा ने कसी कमर



**नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार चुनाव में जीत के बाद पश्चिम बंगाल को अपना अगला लक्ष्य करार दे दिया था. भाजपा अब इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार हो गई है.**

पार्टी ने पूरे पश्चिम बंगाल को छः हिस्सों में बांटकर हर हिस्से के लिए विशेष रणनीति बनाते हुए इसे जीतने की रणनीति बनाई है. हर हिस्से के लिए भाजपा के अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है जो स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए चुनावी रणनीति बनाएंगे और इन सीटों पर जीत दिलाएंगे. इसमें दिल्ली भाजपा के संगठन मंत्री पवन राणा और हिमाचल प्रदेश के संगठन मंत्री सिद्धार्थन शामिल हैं.

पिछले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने पश्चिम बंगाल में बड़ी जीत के दावे किए थे, लेकिन बेहद आक्रामक चुनाव प्रचार के बाद भी भाजपा 38.14 प्रतिशत वोटों के साथ 77 सीटों पर ही सिमट कर रह गई. इसके पिछले चुनाव के मुकाबले पार्टी ने 74 सीटों की शानदार बढ़त हासिल की थी, लेकिन इसके बाद भी वह अपने दावे के अनुसार सत्ता तक नहीं पहुंच सकी. पिछली गलती से सीख लेते हुए पार्टी ने आक्रामक चुनाव प्रचार की बजाय इस बार जमीनी रणनीति अपनाकर जीत हासिल करने की रणनीति बनाई है. इसके लिए जिस क्षेत्र में जो मुद्दे प्रभावी और व्यापक जनहित से जुड़े होंगे, उन क्षेत्रों में वही मुद्दे उठाए जाएंगे. इसके लिए भाजपा की रिसर्च टीमें हर क्षेत्र के मुद्दों की पहचान में जुट गई हैं.

एसआईआर के मुद्दे पर सबसे ज्यादा विरोध पश्चिम बंगाल में ही देखने को मिल रहा है. ममता बनर्जी ने इसे मुसलमानों और बंगालियों के खिलाफ बताते हुए इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया है, लेकिन जिस तरह एसआईआर प्रक्रिया के शुरू होने के बाद बांग्लादेश भागने वालों की संख्या बढ़ रही है, माना जा रहा है कि इसका व्यापक असर हो सकता है. पश्चिम बंगाल के एक भाजपा नेता के अनुसार, ममता बनर्जी जितना एसआईआर के विरोध में बोल रही हैं, उतना ही बंगाल का मूल समुदाय एकजुट हो रहा है.


**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Manager (STM) City Division, Bhopal
E-mail ID : tmcitycircle@gmail.com
Ref. No. : DGM/STM/CC/2025/440 Bhopal, Dated : 01.12.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following Locations :-

| Name of Unit/Office | Particulars | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| Manager (STM) Sub Division-1 City Circle, Bhopal | **Type F4 :** Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for Double shift). | 15.12.2025 Up to 3:00 pm | 15.12.2025 at 3:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on Company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123292/2025 DGM (STM) CITY

# इंदौर को मिली गीता की नई नगरी : सीएम

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अत्याधुनिक गीता भवन किया समर्पित, प्रदेश के हर नगर में ऐसे केंद्र बनाने की घोषणा की

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गीता जयंती पर इंदौर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए गीता भवन का लोकार्पण किया और घोषणा की कि प्रदेश के हर नगर में इसी तर्ज पर गीता भवन विकसित किए जाएंगे.**



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और गीता जयंती के अवसर पर शनिवार को इंदौर को एक ऐतिहासिक सौगात मिली. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर परिसर में विकसित राज्य के पहले अत्याधुनिक गीता भवन का लोकार्पण किया. यह भवन परंपरा और आधुनिकता का समन्वय प्रस्तुत करता है और धार्मिक-सांस्कृतिक अध्ययन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत तैयार किया गया है. मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब प्रदेश के सभी नगर निगम, नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में भी इसी मॉडल पर गीता भवन विकसित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि मालवा की सांस्कृतिक विरासत, कृष्ण भक्ति और गीता का संदेश मध्यप्रदेश की दिशा तय करते हैं.

### आत्मबल देती है गीता

गीता के प्रत्येक अध्याय में ज्ञान, दर्शन, विज्ञान, योग और कर्तव्य की भावना निहित है और यही जीवन के हर चरण में मार्गदर्शन प्रदान करती है. कार्यक्रम में उन्होंने गीता जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा भी की और बताया कि विजेताओं को नगद राशि के साथ ई-रिक्शा, ई-बाइक और लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे. मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण के जीवन से संगठन, साहस, धर्मरक्षा और अन्याय के प्रतिकार का संदेश याद दिलाते हुए कहा कि गीता संकट में बल और संघर्ष में आत्मबल देती है.

### आश्रय स्थल सीएम ने लिया जायजा

**इंदौर.** शहर में बढ़ती ठंड के बीच दयालबाग स्थित आश्रय स्थल में सोमवार रात उस समय हलचल तेज हो गई, जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अचानक निरीक्षण के लिए पहुंचे. देर रात हुए इस औचक निरीक्षण में उन्होंने ठहरे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी जरूरतों और उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली. इस दौरान मुख्यमंत्री ने आश्रयग्राहियों को कंबल भी बांटे, जिससे उन्हें राहत मिल सके.

# राज्य सरकार और डीएमई को नोटिस

- **प्रदेश के मूल निवासी छात्रों के साथ किया भेदभाव**

**जबलपुर, 01 दिसंबर. मेडिकल नीट पीजी में 100 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.**

याचिका में कहा गया था कि नियमों में संशोधन कर मूल निवासी शब्द को विलोपित कर दिया गया है. जिसके कारण उन छात्रों के साथ भेदभाव हो रहा है, जिन्होने एमबीबीएस कोर्स दूसरे प्रदेश से किया है और मध्य प्रदेश से पीजी कोर्स करना चाहते है. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार व डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.



बालाघाट निवासी डॉ विवेक जैन तथा रतलाम निवासी डॉ दक्ष गोयल की तरफ से दायर की गयी याचिका में गया था कि सरकार के द्वारा मेडिकल नीट पीजी में 100 प्रतिशत आरक्षित किये जाने को चुनौती दी गयी थी. याचिका में कहा गया था कि मध्य प्रदेश के 15 मेडिकल कॉलेज में 1468 पीजी की सीट है. जिसमें से 50 प्रतिशत सीट ऑल इंडिया कोटे के लिए आरक्षित है. प्रदेश कोटे की 50 प्रतिशत सीट में ओबीसी, एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस कोटा दिया जाता है. जिसके बाद सामान्य वर्ग के लिए 518 सीट बचती है.

पीजी काउंसलिंग के पहले तथा दूसरे दौर में सिर्फ मध्य प्रदेश से एमबीबीएस करने वाले छात्र ही शामिल हो सकते है. जो छात्र पहले व दूसरे दौर में शामिल नहीं हुआ वह माप-अप दौर में शामिल नहीं हो सकते है. जिससे स्वचालित रूप से प्रदेश में अध्ययन करने वाले छात्रों को 100 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है. देश के कई प्रदेशों में प्रदेश में अध्ययन करने वाले छात्रों को नहीं बल्कि मूल निवासी छात्रों को पीजी नीट दाखिले में प्राथमिकता दी जाती है, चाहे उन्होने एमबीबीएस कोर्स किसी अन्य प्रदेश से किया हो. अधिवक्ता आदित्य संघी ने कहा कि प्रदेश कोटे की सीट में मूल निवासी छात्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिये.

# अवैध हथियारों का मुख्य खरीददार गिरफ्तार

**दो माह से पुलिस कर रही थी फरार आरोपी की तलाश**

**खरगोन, 1 दिसंबर. जिले में बने अवैध हथियारों को तस्करों के माध्यम से खरीदने वाले मुख्य सरगना तक पुलिस ने पहुंचने में हासिल की है.**

थाना बेड़िया पुलिस ने दो माह पहले जाकिर अली निवासी सारंगपुर जिला राजगढ़ को 15 नग देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में आरोपी जाकिर ने बताया था, कि उसे सुरेन्द्र निवासी बिजीपुरा नवाखेडा सारंगपुर जिला राजगढ ने हथियार खरीदने भेजा था. इस पर पुलिस ने मुख्य खरीददार सुरेन्द्र की



गिरफ्तारी के लिए 5000 रुपये का ईनाम घोषित किया था. इस ईनामी आरोपी को पुलिस ने दो माह बाद गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 21.सितंबर को जाकिर अली निवासी सारंगपुर जिला राजगढ़ को पुलिस ने 15 नग देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था. विवेचना के दौरान आए तथ्यों के अनुसार जानकारी लगी थी कि उक्त अवैध हथियारों को सुरेंद्र नाम के व्यक्ति के कहने पर खरीदा गया था.

इस मामले में सुरेंद्र को भी आरोपी बनाया गया था. पुलिस रिकार्ड खंगालने पर सुरेंद्र के पूर्व से 09 के मामले पंजीबद्ध होना पाया गए थे. सुरेंद्र शातिर प्रवृत्ति के होकर अपने रहने के ठिकाने बार-बार बदल रहा था. पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, परिणामस्वरूप दो माह से फरार चल रहा सुरेंद्र पिता माधवसिंह जाति सोंधिया निवासी बिजीपुरा नवाखेडा तह.सारंगपुर जिला राजगढ़ पुलिस के हत्थे चढ़ गया.

### शादी में शामिल होने जा रहे वेटनरी डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत

**देवास.** भौंरासा की ओर जा रहे नांदेल निवासी दिलीप पिता मन्नालाल यादव (40 वर्ष) की बुदासा के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. दिलीप अपने ससुराल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने बाइक से रवाना हुए थे, तभी बुदासा के समीप उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. एम्बुलेंस कर्मियों ने उन्हें टोंकखुर्द के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय देवास रेफर कर दिया गया. जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

# राजा रघुवंशी हत्याकांड : गवाहियों का अगला चरण तय

- **नए खुलासे होंगे : अब इंदौर से बुलाए जाएंगे नए गवाह**
- **आरोपी सोनम से भाई की शिलांग में मुलाकात का दावा**

**इंदौर, 1 दिसंबर. राजा रघुवंशी हत्याकांड की सुनवाई नए मोड़ पर पहुंच गई है. राजा के भाई विपिन रघुवंशी के शिलांग कोर्ट में तीन दिनों तक चले बयानों के बाद अब कुछ और गवाहों को इंदौर से बुलाए जाने की तैयारी है.**

विपिन का दावा है कि कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें सूचना मिली कि दिसंबर में ही इंदौर के कुछ लोगों की गवाही होना तय है. ये लोग



कौन हैं इस बारे में उन्होंने नाम बताने से साफ इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि 'सूची तैयार है, बुलावा किसी भी समय आ सकता है.' ज्ञात हो कि शहर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में राजा के भाई विपिन रघुवंशी हाल ही में दूसरी बार शिलांग कोर्ट पहुंचे थे, जहां 26 नवंबर से तीन दिन तक उनके बयान और क्रॉस एग्जामिनेशन हुए. इस दौरान हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी, राज कुशवाह और अन्य आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्क्रीन पर सामने आए. विपिन का कहना है कि उन्होंने सभी को पहले से अलग—नए कपड़ों में देखा.

### विपिन को मुलाकात की थी आशंका

विपिन रघुवंशी ने बताया कि वे अपने भाई राजा को भले बचा नहीं पाए, लेकिन न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई जारी रखे हुए हैं. उन्हें विश्वास है कि कोर्ट सच्चाई सामने लाएगा और आरोपियों को सख्त सजा मिलेगी. इसी दौरान एक और दावा सामने आया है कि सोनम का भाई गोविंद हाल ही में शिलांग जाकर अपनी बहन से मिला है, स्थानीय लोगों से उन्हें जानकारी मिली कि गोविंद न सिर्फ सोनम से मिला बल्कि ठंड से बचाव के लिए कपड़े भी देकर आया है. शिलांग जाने से पहले ही विपिन को इस मुलाकात की आशंका थी, जिसकी पुष्टि वहां मौजूद लोगों ने कर दी. इस हत्याकांड से सूत्रों का कहना है कि गवाहों की अगली खेप में इंदौर से जिन लोगों को बुलाया जाना है, वे मामले के लिए अहम माने जा रहे हैं. इससे हत्याकांड की सुनवाई और धारदार होने की उम्मीद जताई जा रही है.

### एक नजर में

## 17 .35 करोड़ की सीवर लाइन का भूमिपूजन

**इंदौर, 1 दिसंबर.** नगर निगम महापौर और विधायक ने राऊ विधानसभा के वार्ड में 17 करोड़ से अधिक लागत की ड्रेनेज लाइन डालने का भूमिपूजन किया. उक्त कार्य अमृत 2.0 योजना के किया जाएगा. इसमें विभिन्न कॉलोनियों को जोड़ने के लिए 27 किलोमीटर लंबी लाइन डाली जाएगी. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के पैकेज- 04 में राऊ विधानसभा क्षेत्र में 250 से 700 मि.मी. व्यास की 27 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाई जाने का कार्य प्रस्तावित है. उक्त योजना से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को जल-मल निकासी से जुड़ी समस्या से निजात मिलेगी. महापौर ने बताया कि प्रस्तावित कार्य का वित्त पोषण भारत सरकार, राज्य सरकार एवं नगर निगम द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा. उक्त महत्वपूर्ण कार्य को 15 माह में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है. कार्यक्रम के दौरान महापौर परिषद सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद लक्ष्मी संजय वर्मा, जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे. विधायक मधु वर्मा ने कहा कि राऊ विधानसभा के समग्र विकास हेतु आधारभूत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है. सीवर लाइन कार्य स्थानीय निवासियों की एक महत्वपूर्ण मांग था, जिसके पूर्ण होने पर सुख निवास, अहिरखेड़ी, कुंदन नगर, विदुर नगर, आकाश नगर, चित्रकूट नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 19,000 नागरिक लाभान्वित होंगे.

## कांग्रेस वोट का अधिकार दिलाने कटिबद्ध



**ग्वालियर, 1 दिसंबर.** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्य को गति प्रदान करने के लिए कांग्रेस पार्टी ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में 15 ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्र. 3, वार्ड क्र. 13 एवं 14, विनय नगर सेक्टर न. 4 में आयोजित महत्वपूर्ण बैठकों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, मतदाताओं को फॉर्म भरने में आ रही परेशानियों को दूर करने तथा पोलिंग बूथों पर किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई. इन बैठकों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही लोकतंत्र की प्रहरी रही है. एसआईआर अभियान के माध्यम से हम न केवल मतदाता सूची को शुद्ध कर रहे हैं, बल्कि हर नागरिक को वोट का अधिकार दिलाने के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं. ये बैठकें हमारे कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी. हमारा संकल्प है कि जिले में कोई भी वोटर छूटे नहीं, और कांग्रेस की मेहनत से आगामी चुनावों में जनता का विश्वास और मजबूत होगा. इन बैठकों में कांग्रेस जनों को नागरिकों के सही फॉर्म भरवाने व जमा कराने के साथ घर-घर जनसंपर्क तथा मौहल्ला-गलियों में दरवाजा-दरवाजा अभियान चलाने के निर्देश दिए गए.



## सिंधिया गोल्ड कप हॉकी : अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का रोमांच आज से

**ग्वालियर.** खेल नगरी ग्वालियर एक बार फिर से रोमांच, जज्बे और शानदार हॉकी खेल का साक्षी बनने जा रही है. 2 से 10 दिसंबर तक रेलवे हॉकी स्टेडियम, तानसेन रोड पर आयोजित 84वीं अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 दिसंबर मंगलवार को प्रात: 11 बजे किया जायेगा.

# एसआईआर में सीधी जिला 9वें स्थान पर

**जिले के सभी विधानसभाओं में हुआ शत-प्रतिशत कार्य**

**सीधी 1 दिसम्बर. भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के दिशा-निर्देशों के परिपालन में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले में मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का कार्य निरंतर संचालित रहा.**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में उपखण्ड अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के नियंत्रण में विधानसभा क्षेत्र 76 चुरहट, 77 सीधी, 78 सिहावल एवं 82 धौहनी (अजजा) में मतदाताओं के गणना पत्रकों का सत्यापन कर बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइजेशन किया गया. गणना पत्रक फीडिंग की अंतिम तिथि पूर्व में 4 दिसम्बर 2025 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 11 दिसम्बर 2025 किया गया है. इसके बावजूद जिले की सतत निगरानी, टीम वर्क और समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप 1 दिसम्बर 2025 को ही चारों विधानसभा क्षेत्रों-76 चुरहट, 77 सीधी, 78 सिहावल तथा 82 धौहनी (अजजा)-ने 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया, जिससे सीधी जिला प्रदेश में 9वें स्थान पर रहा है. इस उत्कृष्ट उपलब्धि में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.पी.पाण्डेय, निर्वाचक मास्टर ट्रेनरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

बीएलओ ने रीढ़ की हड्डी की भांति समन्वय और समर्पण प्रदर्शित करते हुए गणना पत्रक फीडिंग का कार्य अत्यंत सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक पूर्ण किया. साथ ही राजनीतिक दलों के बीएलए एवं मतदाताओं का सहयोग भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने जिले की इस उपलब्धि पर संपूर्ण टीम को बधाई देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत किया गया यह शत-प्रतिशत कार्य जिले की टीम भावना, अनुशासन, प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है.

### 6 करोड़ गबन के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रीवा.** विश्वविद्यालय थाना अन्तर्गत श्रीजी इन्फास्ट्रक्चर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड रीवा से धोखाधड़ी कर 06 करोड़ रुपये का गबन करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है. मुख्य आरोपी सहित अन्य की तलाश की जा रही है. आरोपियों ने श्रीजी इन्फास्ट्रक्चर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड जिला रीवा के खाता से वर्ष 2018 से वर्ष 2025 के मध्य अतुल पाठक द्वारा कम्पनी के डायरेक्टर संजय सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर अतिरिक्त चेक बुक इशू कराकर डायरेक्टर संजय सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कर स्वयं व अन्य रिश्तेदारों के पृथक-पृथक खातों में फर्जी ट्रांजेक्शन कर सदोष लाभ प्राप्त किया गया है.

## लोकायुक्त ने उपनिरीक्षक को दबोचा, मांगे थे 12 हजार रुपए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लोकायुक्त टीम ने धार में थाना राजोद पर कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक और उसके कहे पर पैसे लेने आए एक निजी व्यक्ति को 10 हजार रुपयों की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया.**

उपर से कार्रवाई तेज रखने और भ्रष्टाचार पर सख्ती के निर्देश के बाद लोकायुक्त ने यह ट्रैप ऑपरेशन दोपहर में अंजाम दिया. निरीक्षक श्रीमती प्रतिभा तोमर ने बताया कि ग्राम अकोलिया, पोस्ट बरमण्डल निवासी जीवन राठौर ने लोकायुक्त में शिकायत की थी कि उसके रिश्तेदार तेजपाल के खिलाफ दर्ज मारपीट मामले में थाना राजोद के उपनिरीक्षक विक्रम देवड़ा लगातार दबाव बना रहे थे. शिकायतकर्ता का आरोप था कि तेजपाल को थाने से जमानत दिलाने, ट्रैक्टर छुड़ाने और मामले की आगे की कार्रवाई जल्दी निपटाने के बदले उपनिरीक्षक 12 हजार रुपए की मांग कर रहा था. लोकायुक्त की प्रारंभिक जांच में रिश्वत माँगने की पुष्टि होने पर टीम ने ट्रैप की योजना बनाई. रिकॉर्डिंग के दौरान उपनिरीक्षक विक्रम देवड़ा द्वारा 2 हजार रुपए प्राप्त किए जाने की पुष्टि हुई. इसके बाद बचे 10 हजार रुपए उपनिरीक्षक के निर्देश पर एक निजी व्यक्ति अंबाराम सिंघार द्वारा थाना परिसर में शिकायतकर्ता से लिए गए.

### मदनी के विवादित बयान पर बजरंग दल ने की एफआईआर की मांग

**गुना.** मौलाना महमूद अरशद मदनी के विवादित भाषण के खिलाफ बजरंग दल ने सिटी कोतवाली पहुचंकर आवेदन सौंपकर एफआईआर की मांग की. बजरंग दल ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में आरोप लगाया कि 29 नवंबर को भोपाल में दिए गए मौलाना के भाषण में सांप्रदायिक तनाव फैलाने, भारत की न्यायिक व्यवस्था पर हमला करने और सशस्त्र संघर्ष के लिए उकसाने जैसे अत्यंत गंभीर तत्व मौजूद हैं, जो भारतीय न्याय संहिता 2023 की कई धाराओं में दंडनीय अपराध हैं. जिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति ने कहा मौलाना ने ऐसे बयान विरोध को बढ़ावा देना प्रतीत होता है.

## हाईकोर्ट में प्राइवेट नर्सिंग कॉलेजों के मामले की सुनवाई टली

- **नियमित बेंच में इसी सप्ताह होगी सुनवाई**

**जबलपुर, 1 दिसंबर. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ के समक्ष प्राइवेट नर्सिंग कालेज आल इंडिया एसोसिएशन के मामले में सोमवार को सुनवाई टल गई.**


युगलपीठ ने उक्त मामले की सुनवाई नियमित बेंच में किये जाने के निर्देश दिये है. संभवत: इसी सप्ताह उक्त मामले में सुनवाई हो. दरअसल दायर मामले में आरोप है कि गलत तथ्य पेश कर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से अपने पक्ष में फैसला करा लिया है. ऐसे छात्रों को भी जीएनएम की विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई है, जो सीबीआई की जांच में अनसुटेबल पाए गए हैं. इस आदेश को वापस लिया जाए. याचिकाकर्ता एसोसिएशन ने याचिका में कहा कि पूर्व में कुछ छात्रों की ओर से याचिका दायर में कहा कॉलेज के निरीक्षण में उन कॉलेजों को क्लीन चिट भी मिल गई है. इसके बावजूद उन्हें जीएनएम की विशेष परीक्षा में शामिल नहीं किया जा रहा है. इस पर न्यायालय ने उक्त छात्रों को विशेष परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी थी. याचिका में कहा गया कि उक्त मामले में राज्य नर्सिंग काउंसिल की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई और न ही यह बताया कि इन छात्रों में सीबीआई की जांच में अनसुटेबल पाए गए.

**शताब्दी वर्ष** — राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने गोष्ठी को किया संबोधित

# हिन्दुत्व, भारत की आत्मा है : होसबोले

**इंदौर, 1 दिसंबर. पुराणों और दुनिया के विभिन्न विद्वानों ने हिन्दू और हिन्दुस्तान को अलग-अलग कालखंडों में परिभाषित किया. भारत, मानव धर्म का देश है, जो सृष्टि में एकत्व का दर्शन करता है, इसकी सृष्टि के प्रति कृतज्ञता की दृष्टि है.**

यहां पुरुषार्थ के आधार पर आत्मा की मुक्ति के प्रयासों के पुरुषार्थ और सत्य को जीवन में आचरण में लाने का उद्देश्यपूर्ण जीवन है. यह मानव धर्म विश्व को बताने वाले हिन्दू है, जिनके जीवन में यह परिलक्षित भी होता है. मानव कल्याण के लिये धर्म



की संकल्पना हिन्दूओं का महानतम योगदान है. उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संघ स्थापना के शातब्दी वर्ष में रविवार को रवीन्द्र नाट्यगृह में आयोजित प्रमुख नागरिक गोष्ठी में व्यक्त किये. गोष्ठी के प्रथम सत्र में 'संघ यात्रा के सौ वर्ष' विषय पर बोलते हुए श्री होसबाले ने संघ स्थापना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य को स्पष्ट किया. संगठन के अभाव, आचरण में धर्म को छोड़ने, पराधीनता के काल में सांस्कृतिक आत्महीनता और स्वार्थ केन्द्रित लालसा के कारण समाज पतन की ओर अग्रसर हुआ एवं पराधीन भी हुआ. अत: व्यक्तिगत एवं राष्ट्रीय चारिर्त्य से युक्त समाज के निर्माण के लिये पूजनीय डॉ हेडगेवार जी ने संघ की स्थापना की. इस हेतु संगठन और संगठन हेतु शाखा पद्धति विकसित की.

प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के द्वारा समाज जीवन में भारत केन्द्रित विचार पर चलने वाले संगठन खड़े किये. अपने अलौकिक नेतृत्व से समाज के प्रमुख लोगों से संवाद कर संघकार्य को आगे बढ़ाया. आपदाओं में संघ कार्यकर्ता सदैव अग्रणी रहे है. आपातकाल में अपार कष्ट सहते हुए लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का कार्य संघ ने किया. रामजन्मभूमि आंदोलन और स्वदेशी भाव के जागरण में संघ का कार्य सर्वविदित है.

### गीता का 15वां अध्याय ज्ञान का सार और गीता का हृदय है : कुलगुरू

**रीवा, 1 दिसम्बर.** गीता जयंती रीवा में हर्षोल्लास से मनाई गई. एनसीसी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बटुकों तथा संस्कृत के आचार्यों ने गीता के 15वें अध्याय पुरूषोत्तम योग का सस्वर पाठ किया. पूरा वातावरण गीता के पवित्र श्लोकों की सुगंध से भर गया. विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के हजारों विद्यार्थी गीता पाठ में शामिल हुए. समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा गीता पूजन करके समारोह का शुभारंभ किया. कुलगुरू प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि गीता का 15वां अध्याय ज्ञान का सार और गीता का हृदय है.

# अमरीका और भारत के कामन इंट्रेस्ट है

- **संक्षिप्त प्रवास पर बुआ से मिलने पहुंचे मंडलेश्वर**

**मंडलेश्वर, 1 दिसंबर. सादा जीवन उच्च विचार रखने वाले डॉ प्रमोद खरगोनकर अमरीका जैसे विकसित राष्ट्र में 1978 से बतौर प्रोफेसर एक लंबा और सफल जीवन जी रहे है.**

1956 में शिक्षक माता पिता के घर इंदौर में जन्मे प्रमोद की प्रारंभिक शिक्षा कन्नौद के शासकीय स्कूल में हुई जहां उनके माता पिता शिक्षक थे मिडिल स्कूल की पढ़ाई जूनी इंदौर के शासकीय स्कूल में हुई हायर सेकंडरी वैष्णव स्कूल इंदौर से करने के बाद आई आई टी मुंबई से इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में बी टेक किया उसके बाद मास्टर्स



डिग्री अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा से करने के बाद वहीं से पी एच डी की और फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी में ही असिस्टेंट प्रोफेसर बने.

**राष्ट्रपति बराक ओबामा के लिए किया कार्य:** जब बराक ओबामा अमरीका के राष्ट्रपति बने तब डॉ प्रमोद खरगोनकर नेशनल साइंस फाउंडेशन से जुड़े जो अमरीका में रिसर्च करने वालो के लिए आर्थिक मदद देता है. बतौर इंजीनियरिंग डायरेक्टर इस फाउंडेशन के माध्यम से बराक ओबामा के लिए काम करने का मौका मिला.बराक ओबामा के शासनकाल 2009 से 2017 तक भारत और अमरीका के सम्बन्ध बहुत अच्छे रहे यह कहा जा सकता है तब सोलर ऊर्जा और पब्लिक हेल्थ जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बड़ी साझेदारी थी उस समय कई भारतीय डेलिगेशन अमरीका आए उनसे डॉ खरगोनकर ने मुलाकात की थी

मंडलेश्वर के जागीरदार परिवार से उनका रिश्ता है अमोल जागीरदार की बुआ आई डॉ प्रमोद खरगोनकर की भी बुआ है जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक है. 1962 में प्रकाश अपनी बुआ के पास एक साल पढ़े थे .

# शून्यकाल में उठा सत्र को छोटा करने का मामला

## विपक्ष के सदस्यों ने आसंदी के सामने की नारेबाजी



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 दिसंबर. विधान सभा के सत्र को लगातार छोटा किये जाने का मामला सोमवार को सदन में शून्यकाल के दौरान उठा. सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्य आसंदी के सामने जा पहुंचें और नारेबाजी करने लगे.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस विषय पर कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में चर्चा कराने का भरोसा दिलाया, तब विपक्षी सदस्यों का विरोध थमा और वे अपनी सीटों पर वापस आये. कांग्रेस के सदस्य भंवर सिंह शेखावत ने ये मामला उठाते हुए कहा कि प्रदेश में समस्याओं का अंबार पड़ा हुआ है और सत्र लगातार छोटा होते जा रहा है. यह विधायकों की भूमिका को छोटा करने का षड़यंत्र है. ये तीन दिन, चार दिन का सत्र बुलाकर प्रदेश की समस्याओं, छात्रों की समस्याओं पर चर्चा नहीं हो सकती. आपको नेता प्रतिपक्ष ने पत्र भी दिया है, इस पर विचार करके कुछ निर्णय लीजिये. इतने छोटे सत्र के कारण प्रदेश की समस्याओं का निराकरण कैसे होगा. अफसरों की मनमानी बढ़ रही है. विधायकों की भूमिका समाप्त हो रही है. वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि आपको इस बारे में हमने पत्र भी दिया है. सत्र यदि छोटा होगा, तो विधायकों की बात कैसे आयेगी, महिलाओं की बात कैसे आयेगी.

### धर्मेन्द्र और शहीद इंस्पेक्टर शर्मा को सदन में दी श्रद्धांजलि

**भोपाल.** मप्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन समवेत होने पर सदन ने निधन उल्लेख के दौरान पूर्व लोकसभा सदस्य और फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र, शहीद इंसपेक्टर आशीष सहित अन्य दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी. बाद में दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही दिनभर के लिये स्थगित कर दी गई. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने पूर्व विधानसभा सदस्य इंदर सिंह गोठी, राधेश्याम शुक्ल, डॉ. सूर्यप्रकाश सक्सेना, रजनी उपासने, चन्द्र कुमार भनोत, बनवारीलाल अग्रवाल, लोरेन बी. लोबो, नागालैंड के पूर्व राज्यपाल ला गणेशन, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल, पूर्व लोकसभा सदस्य सुभाष आहूजा सहित 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में मृत एवं हताहत व्यक्तियों का निधन उल्लेख के दौरान जिक्र करते हुए अपनी और सदन की ओर से श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी दिवंगतों की सेवाओं का स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी.



# प्रदेश में सर्दी का बढ़ा कहर

## 11 शहरों का तापमान 10 डिग्री से नीचे, नौगांव सबसे ठंडा

**भोपाल,01 दिसंबर. मध्य प्रदेश में सर्दी ने अचानक जोर पकड़ लिया है. दिसंबर की शुरुआत के साथ ही ठिठुरन बढ़ गई है और रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है. प्रदेश के 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच चुका है.**

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और तेज हो सकती है तथा कई इलाकों में कोल्ड वेव (शीतलहर) की संभावना है. नौगांव इस समय प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, यहां पारा 6.5 डिग्री तक गिर गया. पचमढ़ी भी 7 डिग्री के साथ कड़ाके की ठंड झेल रहा है. राजधानी भोपाल का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से काफी कम है. इससे लोगों को सुबह और देर शाम खासा सर्द मौसम का सामना करना पड़ रहा है. इंदौर, ग्वालियर, खजुराहो, रीवा, सतना, रायसेन, मंडला, उमरिया और दतिया जैसे शहरों में भी ठंड में बढ़ोतरी देखी जा रही है.

कई स्थानों पर सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा. धार, खंडवा, खर्गोन और रतलाम में तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री नीचे दर्ज हुआ है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तरी भारत में सक्रिय ठंडी हवाओं का असर मध्य प्रदेश पर भी दिखाई दे रहा है. हवा की दिशा बदलने से रात के तापमान में गिरावट और अधिक बढ़ेगी.

सर्दी बढ़ने के साथ ही शहरों में अलाव की व्यवस्था शुरू हो गई है. स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुबह-शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़ों का उपयोग करने और बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं. अचानक बढ़ी सर्दी ने लोगों की दिनचर्या पर भी असर डाला है, वहीं किसान भी रात के तापमान में गिरावट पर नजर बनाए हुए हैं. कुल मिलाकर, मध्य प्रदेश में इस सीजन की सबसे कड़ी ठंड दस्तक दे चुकी है और आने वाले दिनों में इसके और कड़ाके की होने के संकेत मिल रहे हैं.

## एक नजर में

### राज्य स्तरीय समन्वय समिति का पुनर्गठन

**भोपाल.** सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना की प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के क्रियान्वयन के लिए मंत्रि-परिषद की 18 नवम्बर 2025 को हुई बैठक के निर्णय अनुसार राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति का पुनर्गठन किया है. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में सचिव ऊर्जा, वित्त, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सदस्य होंगे. सचिव नवीन नवकरणीय ऊर्जा को सदस्य सचिव बनाया गया है. समिति द्वारा योजना के सभी घटकों अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी.

### उच्च शिक्षा मंत्री ने दिया सवाल का जवाब

**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधानसभा में आज उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने स्वीकार किया कि राजधानी भोपाल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों में इलेक्ट्रो होम्योपेथी का कोर्स बिना मान्यता के संचालित हो रहा है. विधायक राजन मण्डलोई के सवाल के लिखित जवाब में ये जानकारी दी. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय, भोपाल में इलेक्ट्रो होम्योपैथी का कोर्स संचालित नहीं किया जाता है, अपितु विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों में यह पाठ्यक्रम सत्र 2022-23 से संचालित किया जा रहा है.

# कार्यकर्ताओं की शिकायत सुनेगी सरकार

## पहले दिन उप मुख्यमंत्री देवड़ा और टेटवाल ने सुनीं समस्याएं

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 दिसंबर. प्रदेश के मंत्री अब न केवल मंत्रालय बल्कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी बैठेंगे और प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों से आने वाले कार्यकर्ताओं की शिकायतें और समस्याओं को न सिर्फ सुनेंगे, बल्कि उनका समाधान भी करेंगे.**

इसकी शुरुआत सोमवार से हो गई है. पहले दिन उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल भाजपा कार्यालय पहुंचे और यहां दो घंटे से भी अधिक समय रहे. इस दौरान वे कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाते रहे.



दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जब जिलों के दौरे के दौरान जमीनी कार्यकर्ताओं से रूबरू होना शुरू किया तो कार्यकर्ताओं की पीड़ा फूट पड़ी थी.

मंत्रालय में मिलना वैसे ही बहुत मुश्किल है, यदि बंगले में मंत्री रहे तो भी स्टॉफ मंत्री की व्यस्तता का हवाला देकर कार्यकर्ताओं से मिलाने में परहेज करते हैं. इस फीडबैक के बाद प्रदेशभर से राजधानी आने वाले कार्यकर्ता अपने कामों के साथ ही समस्याओं को लेकर नियमित रूप से मंत्री से मिल सकें, इसके लिये भाजपा कार्यालय में नियमित रूप से मंत्री बैठेंगे. मंत्रियों के बैठने के लिये दोपहर एक से तीन बजे का समय तय किया गया है. मंत्री बारी-बारी से बैठेंगे.



# जहरीली सिरप पर जवाबदेही तय करे सरकार : उमंग

**भोपाल. मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन कांग्रेस विधायक दल ने छिंदवाड़ा में ज़हरीली कफ़ सिरप से हुई मासूम बच्चों की दर्दनाक मौतों के विरोध में विधानसभा परिसर में जोरदार सांकेतिक प्रदर्शन किया.**

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर पूतना का वेश धारण कर खतरनाक चुप्पी साधे रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीली दवाइयों ने कई परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया. माताओं की गोद सूनी हो गई.

# महिला कांग्रेस की वाहन रैली कल निकलेगी

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित कई वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में होंगे शामिल

- महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष लांबा करेंगी नेतृत्व
- कमलनाथ और दिग्विजय सिंह भी रहेंगे मौजूद
- जीतू पटवारी और उमंग सिंगार करेंगे संबोधित

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,01 दिसंबर. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस के इतिहास में पहली बार 3 दिसंबर को इंदौर से भोपाल तक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है.**

### इंदौर से रैली होगी शुरू

अलका लांबा 2 दिसंबर को इंदौर पहुंचेंगी और रैली की तैयारियों में शामिल होंगी. रैली सुबह 8:30 बजे इंदौर से शुरू होकर अरविंदो अस्पताल, सांवेर, बड़ोदिया खान, तपोभूमि, देवास, सोनकच्छ, मेघवाड़ा, जावर, आष्टा और सीहोर होते हुए दोपहर 1 बजे भोपाल पहुंचेगी.



इस रैली का नेतृत्व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा करेंगी, जो नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के साथ उनके पदभार ग्रहण समारोह के लिए भोपाल पहुंचेंगी.

राज्य महिला कांग्रेस का नेतृत्व एक बार फिर इंदौर की महिला नेत्री को सौंपा गया है. रीना बौरासी सेतिया 3 दिसंबर को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगी. भोपाल में पदभार ग्रहण के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया है.

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित कई वरिष्ठ नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और संबोधित करेंगे. पदभार ग्रहण के बाद महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक भी आयोजित की जाएगी.


# कांग्रेस एससी ने की कार्यकारिणी घोषित

## 106 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,01 दिसंबर. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने मध्यप्रदेश के लिए अपनी नई राज्य कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है. राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम द्वारा जारी सूची में कुल 106 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है.**

पार्टी का कहना है कि नई टीम दलित समुदाय के बीच संगठन की पकड़ को मजबूत करेगा और प्रदेश में उनकी समस्याओं को अधिक प्रभावी ढंग से उठाएगी.



जारी सूची के अनुसार नई कार्यकारिणी में 23 उपाध्यक्ष, 30 महासचिव, 44 सचिव और 9 राज्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए हैं. इसके अलावा सभी संभागों और जिलों से संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पद भी दिए गए हैं.

अहिरवार ने स्पष्ट किया कि विभाग राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व की सामाजिक न्याय की विचारधारा को मार्गदर्शन मानकर काम करेगा.

मध्यप्रदेश कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने कहा कि कार्यकारिणी प्रदेश की भौगोलिक और सामाजिक विविधता को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है. उन्होंने कहा, हमारा प्रयास संगठन को मजबूत करना और कांग्रेस की विचारधारा को जनता तक अधिक प्रभावी तरीके से पहुंचाना है. अहिरवार ने यह भी कहा कि विभाग भाजपा सरकार में दलितों पर हो रहे अत्याचार, भेदभाव और उपेक्षा के मामलों को लगातार उठाता रहेगा.

# आतंकी से जुड़ने के आरोप में गिरफ्तारी

## आरोपी से पिस्तौल-कारतूस और संदिग्ध सामग्री बरामद

**ग्वालियर,01 दिसंबर. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दतिया जिले के इंदरगढ़ स्थित वार्ड क्रमांक-11, पुरानी तहसील के पास रहने वाले विकास प्रजापति को आतंकी मॉड्यूल से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है.** उसका नाम गुरदासपुर ग्रेनेड हमले से जुड़े पाकिस्तान प्रायोजित टेरर नेटवर्क में सामने आया था. स्पेशल सेल मंगलवार को अचानक इंदरगढ़ पहुंची और घर से उसे हिरासत में लेकर सीधे दिल्ली ले गई. उस समय उसके परिवार के सदस्य मौजूद नहीं थे. मां और भाई जामनगर (अहमदाबाद) में मजदूरी करते हैं. परिवार के लौटने पर स्थानीय पुलिस ने केवल इतना बताया कि दिल्ली की टीम युवक को लेकर गई है. गिरफ्तारी की विस्तृत जानकारी स्थानीय पुलिस को भी सीमित रूप में ही दी गई.

बाद में स्पेशल सेल विकास को दोबारा दतिया लाकर उसके कमरे की गहन तलाशी की. तलाशी के दौरान करीब 10 ग्राम संदिग्ध पदार्थ, एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए. इसके बाद टीम उसे फिर दिल्ली ले गई.

स्थानीय पुलिस को तलाशी अभियान के संबंध में केवल आर्म्स एक्ट की जानकारी साझा की गई, जबकि आतंकी नेटवर्क से जुड़ी जांच दिल्ली पुलिस संभाल रही है. वह दीपावली पर घर आया था, पर उसकी गतिविधियों के बारे में परिवार को कुछ पता नहीं था. बेटे की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही परिवार सदमे में है. दतिया और आसपास के क्षेत्रों में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि एक स्थानीय युवक का आतंकी गतिविधियों से जुड़ाव लोगों को चौंका रहा है.

## रास्ते से निकलने के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के डांग गांव में देर बीती रात रास्ता देने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. थाना गोहद चौराहा के टीआई मनीष धाकड़ ने बताया कि गांव में एक शादी समारोह चल रहा था. इसी दौरान मुख्य सड़क के पास वाहन खड़ा करने को लेकर गौरव गुर्जर और जेपी कांकर के बीच कहा-सुनी हो गई. बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट की स्थिति बन गई. इसी दौरान आरोपियों की ओर से चलाई गई गोली सीधे गौरव को लगी.

# दिव्यांगों की सेवा के लिए रेल मंडल संकल्पित

**भोपाल,01 दिसंबर. रेल मंडल दिव्यांग यात्रियों की यात्रा को सहज और सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में 1 अप्रैल से 30 नवंबर 2025 तक कुल 916 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं.**

केवल नवंबर माह में 79 कार्ड बनाए गए, जिनके माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराये में छूट तथा आवश्यकतानुसार परिचारक के साथ यात्रा की सुविधा प्राप्त होती है. रियायत कार्ड बनवाने के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट फोटो,



आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और सहचर आवश्यकता प्रमाणपत्र को निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करना होता है. सभी दस्तावेजों के सत्यापन के बाद कार्ड जारी कर आवेदक को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाती है. कार्ड जारी होने के बाद उसकी जानकारी रेलवे के सॉफ्टवेयर में अपडेट कर दी जाती है, जिससे टिकट बुकिंग के समय केवल कार्ड की फोटो कॉपी दिखाकर छूट का लाभ लिया जा सकता है. यह सुविधा ई-टिकट बुकिंग में भी उपलब्ध है. दिव्यांग रियायत कार्ड से संबंधित जानकारी हेतु यात्री किसी भी कार्यदिवस में दिव्यांग सेल प्रभारी आकाश मीना से 9630951262 पर संपर्क कर सकते हैं. भोपाल रेल मंडल ने आश्वासन दिया है कि दिव्यांग यात्रियों के हित में ऐसी पहलें भविष्य में भी जारी रहेंगी.

### नवंबर में चेन पुलिंग के 573 मामलों पर कार्रवाई

भोपाल रेल मंडल ने ट्रेनों में बिना कारण चेन पुलिंग की घटनाओं पर सख्त रुख अपनाया है. डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल ने नवंबर 2025 में रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत 573 मामलों में कार्रवाई कर 1,03,425 का जुर्माना वसूला. चेन पुलिंग का दुरुपयोग न केवल ट्रेन संचालन में देरी का कारण बनता है, बल्कि अन्य यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को भी प्रभावित करता है. धारा 141 के अनुसार, बिना उचित कारण चेन खींचने पर एक वर्ष तक कारावास, एक हजार रुपये तक जुर्माना या दोनों दंड हो सकते हैं. इसी कारण मंडल द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं. रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि अनावश्यक चेन पुलिंग न करें, क्योंकि इससे ट्रेन की समयपालनता बाधित होती है, यात्रियों को असुविधा होती है और रेलवे को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है.

**आरोप** — कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर किया तीखा हमला

# सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को कर रही कमजोर

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,01 दिसंबर.मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने शासन और मर्यादा के सभी पैमाने तोड़ दिए हैं.**

उन्होंने कहा कि विधानसभा में विधायकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के गलत उत्तर दिए गए और कई मामलों में तो मूल प्रश्न ही बदल दिए गए, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और विधानसभा की गरिमा पर सीधा आघात है. भाजपा विधायकों को चुनौती देते हुए



पटवारी ने कहा, आपकी सरकार है. अपने जिले में ऐसी एक भी घटना दिखा दीजिए जहां किसी नागरिक या कार्यकर्ता को बिना रिश्वत, सिर्फ मेरिट के आधार पर कोई सेवा मिली हो. जो भी विधायक ऐसा उदाहरण सामने लाएगा, मैं उसे सार्वजनिक रूप से सम्मानित करूंगा.

पटवारी ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश देश का सबसे अधिक कर्ज़ग्रस्त, सर्वाधिक बेरोजगारी प्रभावित राज्य बन चुका है और एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार बालिकाओं के खिलाफ अपराधों की राजधानी बन गई है. उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन की संस्कृति से शासन ठप हो गया है क्योंकि न तो विधानसभा चल रही है न ही सवालों के जवाब मिल रहे हैं, जिससे अधिकारी जवाबदेही से मुक्त हो गए हैं. रायसेन जिले में बरेली-पिपरिया मार्ग पर नयागांव पुल के ध्वस्त होने और दो मोटरसाइकिलों के गिरने से चार लोग घायल होने की घटना को पटवारी ने भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का जीवंत उदाहरण बताया जो आम लोगों की जान जोखिम में डालता है.

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने लूट का खुला लाइसेंस दे रखा है और विधानसभा को मात्र औपचारिकता तक सीमित कर दिया है. पटवारी ने कहा, विधायक जनता की शक्ति का प्रतीक होते हैं, लेकिन आज उन्हें महज़ वेतन भोगी बना दिया गया है. पहले भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाइए, जनता का कल्याण सुनिश्चित कीजिए, उसके बाद ही विधायकों के विशेषाधिकारों पर चर्चा होनी चाहिए. किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने खेती को लाभ का धंधा बनाने का वादा किया था, लेकिन आज प्रदेश भर में किसान कर्ज़ में डूबे हुए हैं- 97 प्रतिशत किसान ऋणग्रस्त हैं और कई आत्महत्या करने को मजबूर हुए हैं. सरकार न तो उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करा पा रही है, न सोयाबीन, सब्ज़ी, धान और मक्का के उचित दाम; किसान प्याज़ जैसी फसलों को सड़क पर फेंकने को मजबूर हैं.

## पेज एक का शेष

### उप्र में संगठन सृजन के सहारे पार्टी को धार देने में जुटी कांग्रेस

**कुछ यूं है तैयारी...**

पार्टी द्वारा सुगम कार्ययोजना के लिए सबसे पहले प्रदेश संगठन को छह संभागों में बांटकर प्रभारी सचिवों की निगरानी में स्थानीय वरिष्ठ नेताओं को संगठित करने का प्रयास किया गया है. 75 जिला अध्यक्षों से लेकर 826 ब्लॉक अध्यक्षों व 57695 पंचायत अध्यक्षों की नवगठित टीम तैयार की जा रही है. पदाधिकारियों के चयन में व्यक्ति विशेष के बजाय सांगठनिक कार्य के प्रति समर्पित नेताओं को नवगठित टीम में महत्व दिया गया है. सभी टीमों के बीच बेहतर तालमेल के लिए आरोही क्रम यानी कनिष्ठ की निगरानी व जवाबदेही वरिष्ठ पदधारी नेताओं को दी गई है. संगठन सृजन के तहत लगभग लाखों पदधारियों की बड़ी व सुव्यवस्थित टीम बनाई गई है. इन सभी को जिला व संभाग स्तर पर गठित वार रूम से जोड़ा गया है, जिससे प्रदेश स्तर के पदाधिकारी किसी भी वक्त जमीनी सच्चाई की जांच कर सकें. इसके बाद पार्टी द्वारा जिला स्तरीय संगोष्ठियों के आयोजन का रूपरेखा तैयार कर इसे मूर्त रूप दिया जाने लगा है.

**भावनात्मक संबंध का प्रयास**

उक्त प्रयास व प्रयोग के माध्यम से पार्टी न सिर्फ अपने आप को जीवंत कर रही है बल्कि आम लोगों के बीच अपनी पैठ बना कर कांग्रेस अपनी खोई जमीन प्राप्त करने के प्रयास में है. इतना ही नहीं मतदाताओं तक सीधी पहुंच कायम रखने के लिए पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के सहारे मतदाता विशेष गहन पुनर्निरिक्षण में मतदाताओं के साथ सहयोगी की भूमिका अदा कर उनके साथ भावनात्मक संबंध बनाने के प्रयास में भी लगी है.

**सुनियोजित करने में जुटी**

गठबंधन के इस दौर में पार्टी की उक्त रणनीति को पंख लग पाएगा या नहीं इस सवाल पर अविनाश पांडेय ने कहा कि सबसे पहले पार्टी अपने को संगठित, सुसज्जित और सुनियोजित करने में जुटी है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14